बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 12, अंक 76, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : टीम इंडिया का ऐलान, रोहित शर्मा की कप्तानी में रहाणे को भी मिली जगह



अन्दर : शंकराचार्य ने की थी हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## 7 महिला पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज न किए जाने का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार तथा अन्य को नोटिस जारी किए तथा कहा कि ये गंभीर आरोप हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय ने पहले कहा था कि महिला पहलवानों की याचिका को सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, मामले का उल्लेख करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की कुछ दलीलों पर सुनवाई करने के बाद उसने सीधे मामले पर सुनवाई करने का फैसला किया। पीठ ने कहा कि सामान्य तौर पर, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (संज्ञेय मामलों की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों की शक्ति) के तहत पुलिस के पास जाने का उपाय उपलब्ध है। पीठ ने पूछा, क्या आरोप हैं। सिब्बल ने बताया कि एक नाबालिग पहलवान समेत सात पहलवानों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं लेकिन इस पहलू पर बहुत स्पष्ट कानून होने के बावजूद अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। उन्होंने कहा, ये महिला पहलवान हैं...एक नाबालिग समेत सात हैं। एक समिति की रिपोर्ट है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है और कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। फैसलों का हवाला देते हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस प्रकृति के अपराध में प्राथमिकी दर्ज न करने के लिए पुलिसकर्मी पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है।दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों ने याचिका में गंभीर आरोप लगाए हैं।



## नहीं रहे प्रकाश सिंह बादल

### पंजाब के 5 बार मुख्यमंत्री रहे, 95 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने मंगलवार शाम आखिरी सांस ली। शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें मोहाली के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। 95 साल के प्रकाश सिंह बादल 5 बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। जून 2022 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। कुछ समय बाद उन्हें छुट्टी तो मिल गई, लेकिन सितंबर 2022 को उन्हें फिर सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें ढक्क्क में भर्ती कराया गया था।

### पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से निष्क्रिय

प्रकाश सिंह बादल ने 2022 में पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा था। अपने राजनीतिक करियर में पहली बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अधिक उम्र के कारण वह ये चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन सुखबीर बादल के कहने और पंजाब में अकाली दल की दयनीय स्थिति के बाद प्रकाश सिंह बादल चुनावी मैदान में उतरे थे।

प्रकाश सिंह बादल ने साल 1947 में राजनीति शुरू की थी। उन्होंने सरपंच का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। तब वह सबसे कम उम्र के सरपंच बने थे। 1957 में उन्होंने सबसे पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। 1969 में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 1969-70 तक वह पंचायत राज, पशु पालन, डेयरी आदि मंत्रालयों के मंत्री रहे। इसके अलावा वह 1970-71, 1977-80, 1997-2002 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने। इसके अलावा 1972, 1980 और 2002 में विरोधी दल के नेता भी बने। मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री रहते वह सांसद भी चुने गए। वहीं 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद वह सबसे अधिक उम्र के उम्मीदवार भी बने।

## सीएम योगी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में डायल-112 में फोन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी बेगमपुरवा निवासी आमीन उर्फ छोटू को बाबूपुरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक ने प्रेमिका के पिता को फंसाने के लिए उनके मोबाइल से फोन किया था। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे एक अनजान शख्स ने डायल-112 पर कॉल कर सीएम को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बाबूपुरवा पुलिस ने बेगमपुरवा निवासी आमीन को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल व सिमकार्ड भी बरामद किया। आमीन ने बताया कि प्रेमिका के पिता को फंसाने के लिए उसके घर से 10 दिन पहले मोबाइल चुराया था। इसके बाद पुलिस को फोन कर धमकी दी थी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।







# यूपी बोर्ड में बेटियों ने फिर मारी बाजी

## हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांशी सोनी तो इंटर में महोबा के शुभ चपरा बने टॉपर

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं परीक्षा के परिणाम का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया है। बोर्ड ने छात्रों के लिए दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर रिजल्ट की घोषणा कर दी है। यूपी बोर्ड ने टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें सीता बाल विद्या मंदिर की छात्रा प्रियांशी सोनी ने हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रियांशी ने 600 में 590 अंक यानी 98.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। महोबा के चरखारी कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र शुभ चपरा ने इंटर की परीक्षा में 97.80 प्रतिशत अंक आकर यूपी में टाप किया है।बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं ।

साथ में इस बार की बोर्ड परीक्षा में छात्रों पर छात्राएं भारी पड़ी हैं। इस बार हाई स्कूल में 89.78 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। जिसमें 93.34 फीसदी बालिकाएं पास हुई हैं जबकि पास होने वाले छात्रों की सख्या है 86.64 फीसदी है। वहीं इंटरमीडिएट में 75.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा है, जिसमें बालकों का और 69.54 बालिकाओं का लगभग 83 परसेंट है। महमूदाबाद के सीता इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियांशी सोनी ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में टॉप कर मेरिट सूची में पहला स्थान हासिल किया है। प्रियांशी ने हिंदी माध्यम से पढ़ाई करके 98.33% अंक अर्जित किये हैं। उन्हें 600 में से 590 नम्बर प्राप्त हुए हैं ।परीक्षा परिणाम घोषित होते ही प्रियांशी ने स्कूल पहुंचकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। उनके टॉप करने पर उनके परिजनों और दोस्तों ने बधाई दी। परिणाम के बाद बातचीत में प्रियांशी ने आईएएस बनकर देश सेवा को अपना लक्ष्य बताया और कहा कि इसके लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। वहीं यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में महोबा के शुभ चपरा ने टॉप किया है। शुभ को 97.80 प्रतिशत अंक मिले हैं। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले शुभ बड़े होकर आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। शुभ चपरा ने 500 में से 489 अंक हासिल किया है। शुभ के पिता सुरेंद्र कुमार चपरा बिजनेसमैन हैं। वह पाइप, टंकी की दुकान चलाते हैं। मां सुधा चपरा भाजपा की नेता हैं। सुधा को इस वक्त पार्टी ने महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी हुई है। वहीं 10वीं बोर्ड परिणामों में कानपुर देहात के आर्यभट्ट विद्यामंदिर के छात्र कुशाग्र पांडेय ने 97.83 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे। उनका सपना डॉक्टर बनने का है, जिसके लिए अभी से तैयारी कर रहे हैं। 12वीं के परिणाम में इटावा में टॉप करने वाली अनामिका ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

**हाईस्कूल में 89.78 प्रतिशत बच्चे पास हुए तो इंटर में 75.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा**

### यूपी बोर्ड नतीजों में इनकी बादशाहत




**रिजल्ट**

**कानपुर देहात के कुशाग्र पांडेय 10वीं में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे तो 12वीं में इटावा की अनामिका ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया, कोई बनना चाहता है आईएएस तो कोई डॉक्टर, समय से पहले परिणाम घोषित कर यूपी बोर्ड ने बनाया रिकार्ड**

### 18 मार्च को शुरू हुआ था मूल्यांकन

यूपी बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का कार्य 18 मार्च से शुरू हुआ था। कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 1,43,933 परीक्षक लगे थे। ओएमआर शीट पर पहली बार हुई हाईस्कूल की 20 अंकों की परीक्षा का मूल्यांकन परीक्षा के दौरान ही शुरू करा दिया गया था। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य रिकॉर्ड तोड़ते हुए निर्धारित तारीख एक अप्रैल से पहले ही यानी 31 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। रिकार्ड के संकेत पहली बार तय तिथि के एक दिन पहले संपन्न हुए मूल्यांकन से मिल भी गए हैं।

### यूपी बोर्ड ने बनाया नया रिकॉर्ड

पुराने रिकॉर्ड पर नजर डाले तो अब तक अप्रैल में सिर्फ दो बार यूपी बोर्ड के नतीजें घोषित किए गए हैं। एक बार 2018 में 29 अप्रैल को तथा दूसरी बार 2019 में 27 अप्रैल को। ऐसे में यूपी बोर्ड इस बार 27 अप्रैल से पहले 25 अप्रैल को रिजल्ट घोषित कर एक और रिकॉर्ड स्थापित किया है। यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 58,85,745 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

## एनआईए टीम ने मारा 17 ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए की टीम बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत 17 ठिकनों पर छापेमारी कर रही है। टीम पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े लोगों के घर को खंगाल रही है। बिहार के दरभंगा, मोतिहारी और में एनआइए की टीम पीएफआई से जुड़े सदस्यों के खिलाफ छापेमारी करने आई है। मंगलवार सुबह-सुबह एनआइए टीम पहुंची तो इलाके में हड़कंप मच गया। दरभंगा में डॉक्टर सारिक रजा और मो. महबूब के घर एनआइए की अलग-अलग टीम पहुंची है। वहीं मोतिहारी में सज्जाद अंसारी के घर में भी एनआइए की एक टीम पहुंची है। टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी पहुंची है। सभी जगह बाहर से घर को लॉक कर दिया गया है। किसी बाहरी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। टीम घर के अंदर दस्तावेजों को खंगाल रही है। सूत्रों की मानें इन सभी का तार पीएफआई से जुड़ा है।

इधर, सीवान शहर के पटवाटोली मोहल्ले में राज के घर पर अचानक एनआइए की टीम पहुंची। टीम ने 3 घंटे तक घर को खंगाला। घरवानों से पूछताछ की। इसके बाद दो लोगों को हिरासत में ले लिया। एनआइए दोनों को अपने साथ लेकर गई है। आशंका है कि दोनों के तार पीएफआई से जुड़े हैं। दोनों की पहचान मो.जोहरम और उसके भतीजे राज मोहम्मद के रूप में हुई है।

## मानहानि मामले में हाईकोर्ट पहुंचे राहुल

**गुहार**

**निचली अदालत के फैसले को दी चुनौती**



**अहमदाबाद ।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मानहानि मामले में सजा माफी के लिए गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें सूरत की एक निचली अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उन्हें अपनी लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी। राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने उन्हें धारा 504 के तहत दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए कुछ दिन की मोहलत भी दी थी। इसके साथ ही उन्हें तुरंत जमानत भी दे दी थी। राहुल ने सूरत की कोर्ट में याचिकाएं भी दाखिल की थीं, जिनमें एक को कोर्ट ने खारिज कर दिया था और दूसरी पर तीन मई को सुनवाई होनी है।

दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय की मानहानि की है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## केजरीवाल की सुरक्षा में चूक, घर के बाहर दिखा ड्रोन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी का दावा है कि केजरीवाल के घर के बाहर ड्रोन उड़ता दिखा है, जबकि यह नो फ्लाई जोन है। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने बताया कि वह इस मामले को गंभीरता से ले रही है और ड्रोन उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी गई है। 30 मार्च 2022 को अरविंद केजरीवाल के घर पर हमला किया गया था। इस बात की जानकारी देते हुए तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जानकारी देते हुए ट्वीट कर आरोप लगाया था कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और वहां लगा बूम बैरियर भी तोड़ दिया।

## कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण खत्म करने पर रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि कर्नाटक सरकार का मुस्लिमों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म करने का फैसला 9 मई तक लागू नहीं होगा क्योंकि राज्य ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। उल्लेखनीय है कि राज्य की भाजपा सरकार ने मुस्लिमों का आरक्षण खत्म कर दिया। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का पिछली सरकार का फैसला नौ मई तक जारी रहेगा। नौ जुलाई को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली दलीलों पर बिना किसी पूर्वाग्रह के, इस मामले की आगे की सुनवाई की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि वह दिन में जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने पीठ से कहा कि मैं इसे आज दाखिल करूंगा, लेकिन समस्या यह है कि मैं (सॉलिसिटर जनरल) व्यक्तिगत समस्या का सामना कर रहा हूं। मुझे समलैंगिक विवाह से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सामने भी दलील रखनी है। कृपया इस मामले को किसी और दिन के लिए सूचीबद्ध करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मेहता द्वारा स्थगन के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि सुनवाई पहले ही 4 बार टाली जा चुकी है। मेहता ने कहा कि अदालत द्वारा पारित अंतरिम आदेश पहले से ही याचिकाकताओं के पक्ष में है। दवे ने अदालत से अनुरोध किया कि वह मेहता की दलीलों को दर्ज करें कि मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म करने के आदेश को लागू नहीं किया जाएगा और 30 मार्च 2002 को जारी किया गया आरक्षण देने का आदेश सुनवाई की अगली तारीख तक लागू रहेगा।

## सिसोदिया की बढ़ी मुश्किल

**परेशानी**

**शराब घोटाले की चार्जशीट में पहली बार जुड़ा मनीष सिसोदिया का नाम, तीन और शामिल**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आबकारी नीति केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सीबीआई और ईडी की जांच के दायरे में हैं। सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में पहली बार मनीष सिसोदिया का नाम आरोपी के तौर पर शामिल किया गया है। सिसोदिया के अलावा सीबीआई की चार्जशीट में बुच्ची बाबू,अर्जुन पांडेय, अमनदीप ढाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी के कविता का नाम भी है। फिलहाल सिसोदिया 1 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। आबकारी केस में मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका पर आगे की जांच जारी रखी है। सीबीआई ने पांच महीने पहले शराब नीति केस में 7 आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की थी। इसमें सिसोदिया का नाम नहीं था ।सीबीआई की चार्जशीट में दो गिरफ्तार बिजनेसमैन, एक न्यूज चैनल के चीफ, हैदराबाद के एक शराब कारोबारी, दिल्ली के एक शराब डिस्ट्रीब्यूटर और आबकारी विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं।

## भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत

**पहल**

**पीएम मोदी ने वाटर मेट्रो' को दिखाई हरी झंडी,**

**3,200 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास कर बोले-राज्यों के लिए मॉडल बनेगा केरल का प्रयोग**

**कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी केरल के दौरे पर हैं। पीएम ने अपने दौरे में प्रदेशवासियों को कई सौगातें दी। मोदी ने तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन पर केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा पीएम ने देश की पहली वाटर मेट्रो का भी उद्घाटन किया। मोदी ने करीब 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल के कोच्चि में भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत की। इस प्रोजेक्ट की कॉस्ट 1,137 करोड़ रुपए है। वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने इन बोट्स को मैन्युफैक्चर किया है।

अभी इस प्रोजेक्ट के पहले फेज में 8 बोट से शुरूआत की गई है। पूरा प्रोजेक्ट कम्प्लीट होने के बाद 78 फास्ट इलेक्ट्रिकली प्रोपेल्ड हाइब्रिड बोट चलाई जाएंगीं। इससे पॉल्यूशन कम करने में मदद मिलेगी और कोच्चि झील के किनारे बसे परिवारों का मेन मार्केट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। वाटर मेट्रो से द्वीप पर रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा।

पीएम मोदी ने कहा- कोच्चि वाटर मेट्रो का प्रोजेक्ट भी 'मेड इन इंडिया' है... यूनीक है। इसके लिए मैं कोच्चि शिपयार्ड को भी बधाई देता हूं। वाटर मेट्रो से कोच्चि के इर्द-गिर्द अनेक द्वीपों पर रहने वाले लोगों को सस्ता और आधुनिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। केरल में हो रहा यह प्रयोग देश के अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बनेगा।



कोच्चि वॉटर मेट्रो शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में अहम साबित होगी। करीब 1,136 करोड़ रुपये की परियोजना को केरल के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। यह शहर में सार्वजनिक परिवहन व पर्यटन के जरिये आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेगा। वॉटर मेट्रो कोच्चि व आस-पास के दस द्वीपों के बीच शुरू हो रही है। पहले चरण में कोच्चि वॉटर मेट्रो हाई कोर्ट-वाइपिन टर्मिनल और विट्टिला-कक्कनाड टर्मिनल के बीच शुरू होगी वॉटर मेट्रो पर सफर के लिए न्यूनतम किराया 20 रुपये है, जो लोग नियमित यात्री होंगे वह बस या लोकल ट्रेन की तरह साप्ताहिक और मासिक पास भी ले सकते हैं। बता दें, साप्ताहिक किराया 180 रुपये, जबकि मासिक 600 रुपये वहीं, त्रैमासिक किराया 1,500 रुपये होगा। इतना ही नहीं यात्री कोच्चि मेट्रो ट्रेन और वॉटर मेट्रो में एक ही स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर सफर कर सकेंगे। टिकट बुक करने के लिए आप कोच्चि वन ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सत्यपाल मलिक का दावा, भाग्य में होगा तो राजनाथ बनेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री पद का गंभीर उम्मीदवार बताते हुए कहा कि अगर उनके भाग्य में होगा तो वह प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि वह यह पद छोड़ने के बाद ही 2019 के पुलवामा आतंकी हमले को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान के बाद सोमवार को मलिक की यह टिप्पणी आई। शाह ने कहा था कि हमसे अपना रास्ता अलग करने के बाद वह आरोप लगा रहे हैं। सत्यपाल मलिक ने कहा कि यह कहना गलत है कि मैं यह मुद्दा तब उठा रहा हूं जब मैं सत्ता में नहीं हूं। उन्होंने यह मुद्दा हमले के दिन भी उठाया था।जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में फरवरी 2019 में सुरक्षा बलों के काफिले पर आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। मलिक उस वक्त जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने इस हमले के सिलसिले में हाल में खुफिया सूचना की नाकामी का आरोप लगाया था और यह भी कहा था कि केंद्र सरकार ने सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए विमान देने से इनकार कर दिया था। पिछले सप्ताह शाह से जब इस आरोप के बारे में पूछा गया कि क्या मलिक को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का हालिया समन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना से जुड़ा है, तब उन्होंने कहा था कि इस तरह के आरोप सही नहीं है क्योंकि मलिक को जांच एजेंसी ने पहले भी बुलाया था।

# गेस्ट हाउस की खिड़की से गिरकर ठेकेदार की मौत

**हादसा**

**मृतक पवन कुमार सिंह पूर्व पीएम के बेटे नीरज शेखर का साला**

**घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेसिंग टीम ने साक्ष्य जुटाए**



**चांदमारी।** बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फेसिलटी सेंटर के होटल की तीसरे मंजिल से गिरकर मंगलवार सुबह 5.40 बजे सांसद नीरज शेखर साले व ठेकेदार पवन कुमार सिंह की मौत हो गई। पवन झारखंड के ईस्ट सिंहभूमि के मारगो आजाद नगर के परडीह के निवासी थे। सूचना पर डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे, परिजनों को घटना से अवगत कराया गया और आगे की कार्रवाई में शव को पीएम के लिए भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार पवन कुमार सिंह सोमवार सुबह 11.50 बजे जमशेदपुर के रणजीत कुमार सिंह, बिहार के सारन के नवीन कुमार सिंह, झारखंड के सोनारी निवासी जयंत कुमार सिंह के साथ पहुंचे थे। होटल में चारों रुके हुए थे। भोर में खिड़की से गिरने से उनकी मौत हो गई। पवन और साथियों को बनारस में कुछ ठेकेदारों से मुलाकात करनी थी। इसलिए जल्दी उठकर तैयारी करनी थी। इसी दौरान किसी का फोन आने पर पवन खिड़की के पास खड़े होकर बात करने लगे। बात करते हुए अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और नीचे जा गिरे। तेज आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी दौड़े और शोर मचाया। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# पति की हत्या के आरोप में पत्नी समेत तीन पर मुकदमा

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार की अदालत ने पति के मौत के मामले में पत्नी समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार पुराना पुल, सारनाथ निवासी अनवारुल हक ने कोर्ट में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) के तहत आवेदन दिया था। आरोप था कि उसका पुत्र जावेद पावरलूम चलाने का कार्य करता था। वह रोज की तरह 26 नवंबर 2022 को अपने काम से वापस घर आया।

इस बीच उसके मोबाइल पर उसके दोस्त छोटू का फोन आया। छोटू उसके पुत्र को किसी जरूरी काम के लिये अपने पास बुला रहा था। जिस पर उसका पुत्र अपनी पत्नी तरन्नुम बानो से बोल कर गया कि छोटू से मिलकर जल्दी आता हूँ। अगले दिन यानी 27 नवंबर 2022 को सुबह साढ़े 8 बजे वादी के पास उसके समधी का फोन आया और उसने बताया कि उसके पुत्र जावेद को चोरी के आरोप में पुलिस ने पुराना पुल चौकी, सारनाथ में उसे पकड़ रखा है। वादी चौकी पर गया तो पता चला कि उसका पुत्र अजीज रहमान के पावरलूम मशीन में चोरी करने गया था और अभी वहीं पर है। वादी जब अजीज रहमान के मकान पर पहुंचा तो उसके दरवाजे में लाश लटकी हुई थी और पुलिस द्वारा लाश दरवाजे से बाहर निकालने पर देखा तो वह लाश उसके पुत्र जावेद की थी। आरोप है कि उसके पुत्रवधू तरन्नुम बानो का अवैध संबंध उसके पुत्र जावेद के मित्र छोटू से था। जावेद की गैर मौजूदगी में छोटू अक्सर घर आता-जाता था। इसी के चलते उसकी पुत्रवधू तरन्नुम बानो, छोटू व अजीज रहमान ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उसके पुत्र की निर्मम हत्या कर दी और शव को दरवाजे पर लटका कर चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर मामले को गुमराह करने का प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं।

## संक्षेप

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप



**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र जीवधिपुर मोहल्ले में रहने वाले मनीष शर्मा की पत्नी नेहा शर्मा (23) की सोमवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसीपी भेलूपुर इंस्पेक्टर भेलूपुर मौके पर पहुंचे। छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिवाया। वहीं ससुराल पहुंचा मायका पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। एसीपी भेलूपुर ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी। मीरजापुर विंध्याचल थाना के बऊली निवासी नेहा की शादी तीन साल पहले हुई थी। दोनों के दो साल की बेटी है। परिजनों के मुताबिक सब कुछ ठीक ठाक था। रात में 9 बजे नेहा घर पर बात भी की थी। जिसके बाद रात में बगल के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों के सुबह सोकर उठने के बाद हुई। मृतक का पति दवा कंपनी में एमआर का काम करता है।

### जाम का फायदा उठाकर 60 हजार का माल लेकर गायब

**रामनगर।** जाम का फायदा उठाकर दुर्गाकुंड निवासी अरुण अग्रवाल का 60 हजार रुपये का माल टोटो चालक लेकर भाग निकला। अरुण अग्रवाल ने इसकी शिकायत रामनगर थाने पर की। जानकारी के अनुसार अरुण साड़ियों के होलसेल का काम करते हैं। उन्होंने इसके लिए मच्छरहट्टा वार्ड स्थित एक काम्प्लेक्स में एक कटरा भी ले रखा है। मंगलवार को उन्होंने दुर्गाकुंड से एक टोटो रामनगर के लिए बुक किया। रास्ते में किसी दुकान से अरुण ने साड़ियों के 14 पैकेट के अलावा एक बैग भी रखा। अरुण टोटो के पीछे-पीछे बाइक से रामनगर चौराहे तक साथ आये। रामनगर चौराहे पर भीषण जाम के चलते अरुण आगे निकल गए तभी टोटो चालक किसी और दिशा में भाग निकला। अरुण के मुताबिक टोटो पर लगभग 60 हजार का माल लदा था। अरुण ने इसकी शिकायत रामनगर थाने पर की है।

### केसीसी मंजूरी के नाम पर रिश्वत लेने वाले को तीन साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम द्वितीय) रजत वर्मा की अदालत ने गाजीपुर स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मोरिया के पूर्व शाखा प्रबंधक पन्नालाल को किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन दिलाने के नाम पर एक हजार रिश्वत लेने के आरोप में तीन वर्ष की सजा और 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक 22 अक्टूबर 2001 को दिन में पौने 12 बजे संयुक्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मौदिया, थाना सादात, गाजीपुर में पन्नालाल शाखा प्रबंधक एवं लोक सेवक के पद पर रहते हुए शिकायतकर्ता गणेश यादव से किसान क्रेडिट कार्ड पर 25 हजार रुपए का लोन दिलाने के एवज में एक हजार रुपए रिश्वत लेते सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी की ट्रैप टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। अदालत ने आठ गवाहों के बयान के बाद अभियुक्त सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक को दोषी पाया और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत तीन वर्ष की कड़ी कैद व 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुना दी।

### अवैध टिकट बनाने वाले आरोपियों को मिली जमानत

**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर रेलवे पवन कुमार सिंह की अदालत ने दो अलग अलग रेलवे पोस्ट के अवैध रूप से टिकट बनाने के आरोपियों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। पहला मामला आरपीएफ शाहगंज थाने के इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने अभिषेक कुमार को अवैध टिकट बनाते हुए पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। आरोपी की ओर से अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव व तनवीर मेहदी ने जमानत अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मंजूर कर ली। उधर इसी कोर्ट ने आरपीएफ पोस्ट कैंट ने मोहम्मद इम्तियाज को फर्जी टिकट के मामले में चालन किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर ली।

### संविदाकर्मी ने महिला से की छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार के मामले में एक अज्ञात समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि संविदा विद्युत कर्मी अपने सहयोगियों के साथ महिला संग छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार किया। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। ोलापुर पुलिस ने आरोपी संविदा विद्युतकर्मी रोशन यादव पुत्र जयकिशुन यादव, राजकुमार उर्फ पप्पू यादव पुत्र सिधारी यादव निवासी गोसाईपुर मोंहाव समेत आधा दर्जन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

### किशोरी से यौन शोषण के आरोपी को तीन साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने नाबालिक लड़की को और यौन शोषण करने के मामले में आरोपी अंकित मिश्र को दोषी पाते हुए तीन वर्ष की कैद और 10 हजार जुमार्ने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मृदुल मयंक के मुताबिक 25 जून 2016 की रात 14 वर्षीय पीड़िता अपनी छत पर अन्य परिजनों के साथ सो रही थी तभी अभियुक्त एक साथी के साथ पहुंचा उसकी आवाज पर जब पीड़िता जगी तब उसे कुछ सुंघाकर भगा ले गया, सुबह पीड़िता को होश में आने पर जानकारी मिली की वह बाबतपुर क्षेत्र में है।वहा आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की फिर एक मंदिर के पास छोड़कर भाग गया। धमकी दी कि किसी को बताई तब भाई और पिता को मर देंगे।अदालत ने इस मामले में अपहरण छेड़खानी और पक्सो एक्टमें अभियुक्त को दोषी पाया और सजा सुनाई।

**न्यायालय न्याया0 सि0 जज (जू0डी0)**
**जिला-गाजीपुर**
**मु0 नं0-154/2022 सन्**
**बिना सिंह आदि बनाम अलका सिंह आदि**
1. श्रीमती अलका सिंह उम्र अनु0 54 वर्ष पत्नी श्री विजय विक्रम सिंह
2. विजय विक्रम सिंह उम्र अनु 45 वर्ष पुत्र प्रकाश सिंह
निवासीगण हालमुकाम-गहमर (मधुकर राय पट्टी) पो0-गहमर, प0-जमानियां, त0-सेवराई, जिला-गाजीपुर।
हरगाह ने दरख्वास्त गुजारी है कि आपको इत्तिला दी जाती है कि आप दिनांक 20.05.2023 व वक्त 10 बजे दिन या खुद या वकील द्वारा दी गई तारीख को हाजिर होकर वजह दिखाये यदि ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एक तरफा समायत होगी।
दिनांक 25 माह 04 सन् 2023 ई0।
**न्यायालय न्याया0 सि0 जज (जू0डी0)**
**जिला-गाजीपुर**

**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गाजीपुर**
**नगर पालिका**
**अपील सं0-361/2022 सन्**
**इस्लाम आदि बनाम नगर पालिका आदि**
2. अरविन्द कुमार पुत्र स्व0 मदन मोहन
3. उत्तम कुमार पुत्र स्व0 मदन मोहन
4. संजय कुमार पुत्र स्व0 मदन मोहन
5. आलोक कुमार पुत्र स्व0 मदन मोहन
6. पवन कुमार पुत्र स्व0 मदन मोहन
**प्रत्यार्थिगण द्वितीय पक्ष**
निवासीगण खुदाईपुरा, शहर व जिला-गाजीपुर।
हरगाह ने दरख्वास्त गुजारी है कि आपको इत्तिला दी जाती है कि आप दिनांक 28.04.2023 व वक्त 10 बजे दिन या खुद या वकील द्वारा दी गई तारीख को हाजिर होकर वजह दिखाये यदि ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एक तरफा समायत होगी।
दिनांक 26 माह 04 सन् 2023 ई0।
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी,**
**जिला-गाजीपुर**

# संदिग्धावस्था में विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या



**दे दी जान**

**मौके पर पहुंची विवाहिता की मां ने लगाए गंभीर आरोप**

**जंसा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरेमा गांव में मंगलवार को देर शाम संदिग्ध अवस्था में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि बरेमा गांव निवासी विजय कुमार सिंह उर्फ गोलू की पत्नी सोनी सिंह (22) ने मंगलवार को देर शाम पक्के मकान के कुंडी से साड़ी के सहारे संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसीपी राजातालाब के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। बताते चलें कि लोहता थाना क्षेत्र के ककरहिया निवासी दिनेश सिंह की पुत्री सोनी की शादी एक साल पूर्व गोलू से हुई थी। पति दूसरे प्रदेश में रहकर काम करता है। विवाहिता की मां रीता सिंह का आरोप है कि पिछले कई महीने से पति-पत्नी के बीच मोबाइल फोन से विवाद होता रहता था। विवाहिता की मां ने ससुराल वालों पर बेटी के मारने का आरोप लगाया है।

# सिविल कोर्ट के कर्मचारी के घर लाखों की चोरी



**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के इंद्रपुर खोरी निवासी सिविल कोर्ट में कर्मचारी के घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों रुपए के जेवरात उठा ले गए। घटना के वक्त पीड़िता परिवार समेत मां की बरसी में शामिल होने बलिया स्थित अपने मायके गयी थी। जानकारी के अनुसार अर्चना पाठक वाराणसी के सिविल कोर्ट में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं और इंद्रपुर खोरी में परिवार संग रहती हैं। उनके पति विनोद कुमार पांडेय रांची में कृषि वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं।

पीड़िता ने बताया कि 25 अप्रैल को उनके मां की बरसी है जिसमें शामिल होने के लिए 23 अप्रैल को सुबह बलिया स्थित मायके परिवार संग आयी थी। 24 अप्रैल को पड़ोसियों ने फोन पर उन्हें सूचना मिली कि उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है। ऐसे में वह 24 अप्रैल की रात जब अपने आवास पर पहुंची तो देखी थी अंदर के सभी कमरों का दरवाजा खुला है और सामान बिखरा हुआ था। अर्चना पाठक ने बताया कि आलमारी में रखा सोने-चांदी का जेवरात और 8000 नगद चोर उठा ले गए। पीड़िता में अनुसार सोने का 5 कान का टॉप्स, पांच सोने की अंगूठी, एक सोने का चेन, पांच चांदी की पायल, चांदी की कटोरी चम्मच, बिछिया, पान, सुपारी इत्यादि सामान अलमारी में से चोर चुरा ले गए, जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपये थी। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दिया एवं घटना के संदर्भ में शिवपुर थाने में तहरीर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### क्रेडिट कार्ड सक्रिय कराने के नाम पर 34 हजार का लगा चूना

**वाराणसी।** क्रेडिट कार्ड को चालू के लिए आये एक लिंक को ओपन करत ही खाते से 34 हजार की चपत लगी। लक्ष्मी घाट नदेसर निवासी शिवंश सागर वर्मा के खाते से दो बार में 34420 रुपये की निकासी हुई और उसने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित के अनुसार उसके पास निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड है जिसका वह संचालन करता है। उसके मोबाइल पर काल आया कि क्रेडिट कार्ड बंद किया जा रहा है उसे सक्रिय करने के लिए भेजे गए लिंक को ओपन कर जरूरी जानकारी दें, जैसे ही लिंक ओपन किया और कुछ जानकारी साझा की दो बार में 34420 रुपया कट गया।

# नगर आयुक्त ने नगर निगम भवन का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि ने मंगलवार की सुबह सिगरा स्थित नगर निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा यह निरीक्षण बीते 21 अप्रैल को किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देश के क्रम में किये जा रहे अनुपालन का रहा। ज्ञातव्य हो कि नगर आयुक्त के 21 अप्रैल को किये गये निरीक्षण में सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया गया था, जिसमें निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था कि सभी उपस्थिति पंजिका में समय से अपना हस्ताक्षर करें, साफ-सफाई रखें, पत्रावलियों को ठीक एंग से रखें, कार्यालयों में दीवालों पर झाला को साफ कराने, बेतरतीब रखे कुर्सी-मेज को ठीक करने, धूल मिट्टी साफ कराने इत्यादि के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे। नगर आयुक्त द्वारा उक्त के क्रम में मंगलवार की सुबह कार्यालय का पुनः निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्यालय में साफ-सफाई संतोषजनक मिली।

दीवालों पर कहीं-कहीं पम्पलेट चस्पा था, जिसे साफ कराने हेतु नाजिर को निर्देशित किया गया। इसके बाद नगर आयुक्त ने पार्किंग का निरीक्षण किया गया, निर्देश दिया गया कि रूद्राक्ष की बाउंड्री से सटी दीवाल की ओर पौधरोपण कराया जाय। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# संस्कृत विवि में 19 छात्रों ने किया रक्तदान



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव उच्चशिक्षा एवं संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के निर्देश पर मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 19 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। शिविर में एनसीसी कैडेटों, एनएसएस एवं बीएड के छात्रों ने संयुक्त रुप से रक्तदान किया।

एनसीसी अधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव कहा कि एनसीसी के 13, एनएसएस के पांच और बीएड के एक विद्यार्थी ने रक्त दान किया।

# अधिवक्ताओं ने लंबित वाद को लेकर किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** अपर आयुक्त प्रशासन के खिलाफ कुछ अधिवक्ताओं ने उनकी अदालत के बाहर धरना व प्रदर्शन किया। अधिवक्ता विजयशंकर यादव आरोप था कि अपर आयुक्त प्रशासन की अदालत में लक्ष्मीना बनाम देवनरायण का वाद लंबित है जिसमे आरोप लगाया गया कि कोर्ट में भ्रष्टाचार के कारण न्याय मिलने कि उम्मीद नहीं है ऐसे में पत्रावली ट्रांसफर करने का आवेदन आयुक्त न्यायालय में लंबित है जिस पर 16 मई को सुनवाई होनी है इसके बावजूद अदालत सुनवाई कर आदेश देना चाहती है, इसी को लेकर कुछ अधिवक्ता अदालत के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

इस बीच अदालत में ताला बंद कर दिया गया और सभी मामलो कि सुनवाई प्रभावित हुई, वकीलों के प्रदर्शन की सूचना पर मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा मौके पर पहुँचे और प्रदर्शनकारी वकीलों से पत्रक लेकर दो दिनों में सम्यक विचार का आश्वासन दिया।



# रोज पचास हजार श्रद्धालुओं को भोजन करा रहा अन्नपूर्णा मंदिर

**नेक कार्य**

**अब तक तीन लाख श्रद्धालु ग्रहण कर चुके हैं भोजन**

**गंगा पुष्कर कुंभ में आये श्रद्धालुओं के लिए अन्नपूर्णा मंदिर का कदम**

**वाराणसी।** गंगा पुष्कर महोत्सव में काशी आये श्रद्धालुओं के लिए अन्नपूर्णा मंदिर आगे आया है। श्रद्धालुओं को रोज भोजन कराया जा रहा है। रोज 50 हजार श्रद्धालुओं को मंदिर की ओर से भोजन कराया जा रहा है। अब तक लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं को भोजन कराया जा चुका है। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज ने बताया कि गंगा पुष्कर महोत्सव में दक्षिण भारत से आये 50 हजार श्रद्धालुओं को रोजाना भोजन कराया जा रहा है। उन्हें भोजन में इडली, सांभर बड़ा, उपमा, चनाबड़ा, दही, अचार, पापड़, आलू की भुजिया, बेल का शर्बत आदि दिया जा रहा है। यह सिलसिला पिछले 17 अप्रैल से चल रहा है। जो कि आगामी 10 मई तक चलेगा। श्रद्धालुओं को अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के अन्न क्षेत्र के अलावा, शिवाला महानिर्वाणी घाट, विश्वनाथ गली आदि क्षेत्रों में भोजन कराया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें भोजन का पैकेट भी वितरित किया जा रहा है। विश्वनाथ गली में सुबह से लेकर शाम तक सभी को बेल का शर्बत व मठ्ठा बांटा जा रहा है। बताया कि गंगा पुष्कर मेला 12 साल पर आयोजित होता है। यह वैशाख मास में ही पड़ता है। इस बार यह काशी के गंगा तट पर हो रहा है। अगली बार यह गोदावरी के तट पर होगा। गंगा पुष्कर मेले में शामिल होने वालों को सुख समृद्धि व सौभाग्य में वृद्धि होती है।



जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - बीर बहादुर सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध हरिश्चन्द्र महाविद्यालय कवला जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय राजनीतिशास्त्र-01, अर्थशास्त्र-01 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान-03, जन्तु विज्ञान-03, रसायन विज्ञान-03, गणित-02 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9838364037

**आवश्यकता है** - उदय प्रताप महिला महाविद्यालय कुतुबपुर-खेताबपुर, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में N.C.T.E. रेगुलेशन 2014 के क्रम में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षा संकाय B.Ed. दो इकाई पाठ्यक्रम में निम्न प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष 01 पद, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य 04 पद, शिक्षण विषय गणित, विज्ञान सामाजिक भाषा 08 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा 01 पद, ललित कला 01 पद, निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच) 01 पद, योग्यता यू0जी0सी0/N.C.T.E. उत्तर प्रदेश शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों छायाप्रति व पासपोर्ट साईज के 4 फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पता पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक, दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक- मो0- 9838186148

**आवश्यकता है**
चम्पा अंकित विधि महाविद्यालय, नाऊपुर, थानागद्दी, केराकत, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संचालित त्रिवर्षीय एल0 एल0 बी0 पाठ्यक्रम हेतु स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता/ वेतनमान BCI / UPC / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति 2 फोटो सहित महाविद्यालय में आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0-7273005200

**आवश्यकता है**- अर्जुन गर्ल्स डिग्री कालेज, वलीदपुर-मऊ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2, उर्दू-2, गृहविज्ञान-3 एवं विज्ञान संकाय में प्राणि विज्ञान-3, गणित-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9838619815

**आवश्यकता है**-डॉ0 रामनरेश पी0जी0 कालेज, चंगईपुर-आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में ललितकला-1 एवं स्नातक वाणिज्य संकाय बी0काम-7 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2 व विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान-1, गणित-1, भौतिक विज्ञान-2 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415551150

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-इन्द्रजीत महिला महाविद्यालय, आराजी देवारा, नैनीजोर, पकड़ी, रौनापार, आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अतिरिक्त विषय-शिक्षाशास्त्र-1, ललितकला-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, गृहविज्ञान-3, भूगोल-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415103646

**आवश्यकता है**-डी0बी0एस0के0 गर्ल्स डिग्री कालेज, अजमतगढ़, आजमगढ़ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-1, समाजशास्त्र-1, ललीतकला-1, अंग्रेजी-1 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, संस्कृत-2, समाजशास्त्र-2, गृहविज्ञान-3 एवं विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान-3, वनस्पति विज्ञान-3, गणित-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9794556464



# वाराणसी



# बॉडीवॉर्न कैमरे से लैस होंगे प्रवर्तन अधिकारी



जितेंद्र श्रीवास्तव

**राज्य कर विभाग**

**निरीक्षण या तलाशी के दौरान प्रवर्तन इकाइयों के मिसविहैव की बराबर मिल रही है सूचना**

**व्यापारियों व उद्यमियों की शिकायत पर विभाग के विभागीय आयुक्त ने उठाया कड़ा कदम**

वाराणसी। राज्य कर विभाग की प्रवर्तन इकाइयों में तैनात अधिकारी बॉडीवॉर्न कैमरे से लैस किये जायेंगे। बॉडीवॉर्न कैमरों का उपयोग तब किया जाएगा, जब प्रवर्तन अधिकारी किसी व्यापार स्थल का निरीक्षण या जांच करेंगे। विभाग ने यह कदम प्रवर्तन अधिकारियों के रुखे व्यवहार के बाबत मिल रही शिकायतों पर उठाया है। विभाग के इस कदम से किसी भी व्यापार स्थल, गोदाम या फैक्ट्री की जांच के दौरान पारदर्शिता रहेगी और कोई भी अधिकारी किसी भी व्यापारी, उद्यमी या उनके कर्मचारियों से दुर्व्यवहार नहीं कर पाएगा। विभागीय आयुक्त के इस कदम से प्रवर्तन इकाई के अधिकारी और कर्मचारी सकते में हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो व्यापारियों, उद्यमियों के अलावा अन्य विभिन्न माध्यमों से मुख्यालय स्तर पर यह बात संज्ञान में आया है कि प्रवर्तन इकाइयों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी जब किसी व्यापार स्थल, गोदाम या फैक्ट्री का निरीक्षण या जांच करते हैं तो व्यापारियों के साथ उनका व्यवहार काफी रूखा होता है। निरीक्षण या जांच के दौरान प्रवर्तन इकाई के अधिकारी या कर्मचारी अपने कार्य, व्यवहार तथा आचरण को संयमित नहीं रख पाते हैं। यहां तक शिकायत मिली है कि अधिकारी तो कतिपय मामलों में अधैर्य का परिचय देते हैं, जो विभागीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। यह बात संज्ञान में आने पर विभाग के आयुक्त मिनिस्ती एस. ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह स्थिति कदापि उचित नहीं है।

विभागीय आयुक्त मिनिस्ती एस. ने इसे गंभीरता से लिया और जांच के दौरान प्रवर्तन अधिकारियों को हर हालत में बॉडीवॉर्न कैमरों का उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह भी निर्देशित किया है कि व्यापार स्थल के निरीक्षण या जांच के दौरान प्रवर्तन इकाई के अधिकारी व्यापारियों के साथ अच्छा आचरण करेंगे। अपने कार्य और व्यवहार को संयमित रखते हुए विधिक प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापार स्थल पर जांच के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न हो। ऐसी शिकायत आने पर जांच करायी जाएगी और यदि जांच में किसी व्यापारी के उत्पीड़न तथा अधिकारी या कर्मचारी के असंयमित आचरण की शिकायत सही पायी जाती है तो संबंधित प्रवर्तन इकाई के अधिकारियों और उनके नियंत्रक अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल कार्यवाही की जाएगी। विभागीय आयुक्त ने प्रदेश के समस्त जोन के अपर आयुक्त ग्रेड-वन, अपर आयुक्त ग्रेड-टू (विअनुशा), संयुक्त आयुक्त (विअनुशा), उपायुक्त (विअनुशा), सहायक आयुक्त (विअनुशा) एवं राज्य कर अधिकारी (विअनुशा) को इस बाबत दिशा-निर्देश जारी करते हुए इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

## स्पष्टवादी जननेता रहे पं. लोकपति त्रिपाठी

**वाराणसी।** कमलापति त्रिपाठी फाउंडेशन की तरफ से मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि पं. लोकपति त्रिपाठी एक ईमानदार और स्पष्टवादी जननेता थे। पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी ने कहा कि मेरे दादा एक सिध्दांतवादी और विकासशील जननेता थे। सच्ची जनसेवा ही उनके जीवन का अभिष्ट रहा। वे आजीवन इसी व्रत का अनुशीलन करते रहे। वे किसी भी व्यक्ति के सामने सच बोलने से जरा सा भी हिचकिचाते नहीं थे, चाहे सामने कोई कितनी भी बड़ी शख्सियत क्यों न खड़ी हो। अध्यक्षता विजय शंकर पांडेय ने की। संचालन बैजनाथ सिंह ने किया। सभा को राधेश्याम सिंह, डॉ. पीएस पांडे, राधेलाल, भूपेंद्र प्रताप सिंह, मनोज चौबे, आनंद सिंह, प्रभुनाथ पांडे, आनंद मिश्रा, संजय तिवारी आदि ने संबोधित किया।



# मतदाताओं को लुभाने वाली पार्टियों पर रहेगी पैनी नजर

जनसंदेश न्यूज

**निकाय चुनाव**

**आयकर विभाग की टीमें गठित, कैश के साथ रखना होगा साक्ष्य**

**वाराणसी।** नगर निगम चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए उम्मीदवार और उनके समर्थक तय सीमा से ज्यादा पैसा खर्च करते हैं तो उनकी खैर नहीं, क्योंकि चुनाव में इस पर निगहबानी के लिए आयकर विभाग ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। विभाग ने अभी से ही बैंक एकाउंट्स, ट्रांजेक्शन, नए खातों पर नजर रखने की प्लानिंग कर ली है। चुनाव के दौरान 50 हजार या उससे अधिक का भी कैश मिला तो सोर्स विभाग को बताना पड़ेगा। इतना ही नहीं, वोटरों को लुभाने वाली पार्टियों पर भी विभाग की पैनी नजर रहेगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो नगर निगम चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए नकदी, दावत पार्टी या फिर कपड़े बांटने का चलन बढ़ने के बाद यह सख्ती की जा रही है। प्रत्याशियों के खर्चे पर नजर रखने के लिए आयकर विभाग ने टीम का गठन किया है। यह टीम लगातार निगरानी करेगी। आयकर विभाग का कहना है कि विधानसभा चुनाव से भी ज्यादा सख्ती इस चुनाव में बरती जाएगी। नगर निकाय चुनाव में किसी भी तरह की अवैध आर्थिक गतिविधियां मिलीं तो तत्काल कार्रवाई होगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो चुनाव के दौरान किसी भी प्रत्याशी के पास 50 हजार या फिर उससे अधिक कैश मिला तो उसका सोर्स बताना होगा, नहीं तो आयकर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं कैश के साथ पैन, आधार और किस बैंक से पैसे निकाले है, कहा लेकर जा रहे हैं, यह सब बताना होगा। पूरी जानकारी नहीं देने पर कैश जब्त कर लिया जाएगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो इन्वेस्टिगेशन विंग के अफसर शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर नजर रखेंगे। खासकर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बैंक आदि जगहों पर अफसरों की टीम नियमित चक्रमण करेगी और यह भी देखेगी कि किन प्रत्याशियों की आय बढ़ी है और किसकी घटी है। इसके अलावा विभाग यह भी पता कर रहा है कि किसके पास कितनी संपत्ति है और वह कितना रिटर्न फाइल कर रहे हैं। विभाग की टीम यह भी देखेगी कि प्रत्याशी ने कितना रुपया कहां खर्च किया है। किससे रुपये ले रहे हैं, किस बैंक से कितनी राशि निकाली गयी और जमा की गयी, इस पर भी विभाग की नजर होगी। चुनाव के दौरान नए खाते कितने खुले, इसका भी विवरण लिया जाएगा।

# डेनमार्क के प्रतिनिधियों ने किया दीनापुर एसटीपी का दौरा



**बैठक**

**वरुणा नदी को प्रदूषण मुक्ति के लिए किया गया विचार-विमर्श**

**चिरईगांव।** वरुणा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के तौर-तरीके एवं तकनीकी पहलुओं के बारे में मंगलवार को डेनमार्क के प्रतिनिधियों ने दीनापुर एसटीपी का दौरा किया। एसटीपी दीनापुर में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने डेनमार्क के प्रतिनिधियों और जलनिगम, नगर निगम, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, बिजली विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में वरुणा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से मंत्रणा किया गया। 140 एमएलडी एसटीपी दीनापुर का संचालन कर रही वा बाग कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव कुमार पाण्डेय का कहना है कि भारत सरकार और डेनमार्क सरकार के बीच नदियों के प्रदूषण को रोकने के उपायों की खातिर समझौता हुआ है। डेनमार्क के प्रतिनिधियों का यह तीसरी बार दौरा है। बैठक में डेनमार्क डेलीगेट्स की अगुआई कर रही डॉ. अनीता वर्मा, बीएचयू के प्रोफेसर प्रभात सिंह, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अधिशासी अभियंता शहरोज दोस्त आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंकिंग उत्पाद गांव में पहुंचा रहीं बीसी सखियां

जनसंदेश न्यूज

**प्रशिक्षण सम्पन्न**

**आरसेटी-अहिरौली में हुआ वन जीपी-वन बीसी सखी कार्यक्रम का आयोजन**

वाराणसी। वन जीपी-वन बीसी सखी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आरसेटी-अहिरौली में 11 बीसी सखियों का प्रशिक्षण पूरा हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार दिलीप कुमार सोनकर ने कहा कि बीसी सखियों के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिल रहा है। बीसी सखियां बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचा रही है।

जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि बीसी सखियों के माध्यम से मनरेगा श्रमिकों, पेंशन धारियों, छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों आदि को बैंकिंग की सुविधाएं एवं पैसा जमा-निकासी की सुविधा उनके गांव स्तर पर मिल जाएगी, जिससे उनके समय एवं पैसे की बचत होगी। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अभी 399 बीसी सखी कार्यरत है। इस दौरान आरसेटी निदेशक मनीष प्रसाद अखौरी व सीनियर फैकल्टी मेंबर रचना सिन्हा, रेखा आदि के साथ आगामी माह में होने वाले प्रशिक्षण पर चर्चा की गई।



बताया गया कि विकास खंड बड़ागांव के हमीरापुर में टेडी बीयर बनाने का 35 महिलाओं का प्रशिक्षण संचालित है। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए।

# नाटीइमली हनुमान मंदिर में हुआ अखण्ड रामायण



**वाराणसी।** नाटीइमली स्थित भरत मिलाप मैदान में सैकड़ों वर्ष प्राचीन हनुमानजी के मंदिर में समाज में एकता और शांति कायम रखने के लिए अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वैभव सिंह व संचालन प्रतीश सिंह ने किया। इस अवसर पर मंदिर को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र मिश्र,शिवजी पाठक, अरुण मिश्र,राजा सिंह, आयुष चंद्र राजपूत,दिनेश सिंह,रमेश भाई, जगदीश यादव पूर्व (पार्षद)अमित मिश्र आदि लोग शामिल थे।

# मौसम बदलते ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू

**बढ़ी ट्रिपिंग**

**उपकरणों को बचाने के लिए लोकल कटौती कर रही और परेशान**

**वाराणसी।** मौसम बदलते ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो गयी है। लोकल कटौती के साथ ही ट्रिपिंग की समस्याओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, उपकरणों को बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर होने वाली कटौती ने कोढ़ में खाज का काम करना शुरू कर दिया है। विभागीय अभियंताओं का कहना है कि अचानक से लोड बढ़ने के कारण ट्रिपिंग की समस्या पैदा हो रही है। इसको देखते हुए विभाग की तरफ से अपने उपकरणों की सुरक्षा की खातिर कुछ देर के लिए कटौती करनी पड़ रही है। गर्मी के दिनों में बिजली की बढ़ती डिमांड के कारण पिछले कई दिनों से लोगों को ट्रिपिंग की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि जब हमारे किसी फीडर में सेक्शन लोड से ज्यादा खपत शुरू होती है और हमारे एक्सटेंशन लोड को भी क्रास कर जाती है तो उस दौरान सिस्टम अपने आप ही ट्रिप करके बंद हो जाता है। इसके बाद जैसे ही फ्रीक्वेंसी नार्मल होता है तो वह दोबारा से आपूर्ति बहाल कर दी जाती है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी को देखते हुए शहर में बिजली की डिमांड अचानक बढ़ जाती है। वर्तमान में 500 से 510-520 मेगावाट बिजली की डिमांड चल रही है। इसको देखते हुए विभाग की तरफ से अभी से और ज्यादा पड़ने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए पावर डिस्काम को पत्र लिखा गया है कि ग्रिड के माध्यम से और ज्यादा बिजली की सप्लाई की जाए।

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का आगमन आज



**वाराणसी।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह 26 अप्रैल को यहां आयेंगे और भोजूबीर स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में आयोजित चुनावी कार्यक्रम व बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा वे जिले में चुनावी कार्यक्रमों एवं बैठकों में भी प्रतिभाग करेंगे। शाम को वह गंगा आरती में शामिल होंगे और रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में रात्रि विश्राम करेंगे। 27 अप्रैल को वह बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर, बाबा कालभैरव व संकट मोचन में दर्शन-पूजन करेंगे। तत्पश्चात दक्षिणी विधानसभा में चुनाव संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद वह लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे।

























# परिचालकों की हड़ताल से थमे ई-बस के पहिये

**समस्या**

मिर्जामुराद चार्जिंग बस स्टेशन में खड़ी रहीं बसें

ऑटो संचालकों की रही चांदी मनमाना लिया किराया

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** पांच माह से वेतन ना मिलने से नाराज ई-बस के परिचालकों ने मंगलवार को हड़ताल कर दिया, इस दौरान यात्रियों परेशानी का सामना करना पड़ा तो ऑटो वालों की भी चांदी रही।

वारणसी में प्रदेश सरकार के नगरीय विभाग की ओर से ईलेक्ट्रिक बसों का संचालन विभिन्न मार्गो पर किया जा रहा है। ई-बसें अब लोगों के रुटीन में आ गयी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी आवागमन के लिए इन बसों को अपना माध्यम बना चुके हैं। मंगलवार को परिचालकों की हड़ताल के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



## चार्जिंग स्टेशन गेट पर प्रदर्शन

मिर्जामुराद स्थित ई-बस चार्जिंग स्टेशन के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रहे परिचालकों का कहना था कि पांच माह से वेतन ना मिलने से खाने तक के लाले पड़ गये। परिवार चलाना मुश्किल हो गया है, जब भी सुपरवाइजर सौरभ सिंह से वेतन के लिये कहां जाता है तो उनके द्वारा केवल आश्वासन दिया जा रहा है।

## 127 परिचालकों ने बसों को स्टेशन पर ही रोका

ई-बस के लगभग 127 कंडेक्टरों ने ई बस चार्जिंग स्टेशन के गेट से बस को बाहर नही जाने दिया, नाराज परिचालकों की मांग है की जब तक वेतन नही आ जाता हम बस संचालन नही होने देंगे हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही कहा कि अप्रैल माह बीतने वाला है, बच्चों का स्कूल में एडमिशन करवाना है घर का खर्चा है इस स्थिति में वेतन न मिलने से बच्चों का एडमिशन भी नही हो पा रहा है।

## वाराणसी में जल्द खुलेगा चालक प्रशिक्षण केंद्र

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार यूपी रोडवेज की बसों से सफर करने वाले यात्रियों को न सिर्फ सुविधाजनक यात्रा कराने के प्रबंध कर रही है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सरकार ने ड्राइवर ट्रेनिंग एवं कॉउंसलिंग सेंटर खोले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत गोरखपुर में पहला सेंटर खोल भी दिया गया है और जल्द ही पूरे प्रदेश में ऐसे सेंटर संचालित किए जाने की योजना है। इन सेंटर्स को खोलने का उद्देश्य चालकों को न सिर्फ सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति प्रेरित और प्रशिक्षित करना है, बल्कि उनकी मानसिक स्थिति का आंकलन कर काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना भी है। यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने पूरे प्रदेश में ऐसे सेंटर्स की शुरूआत करने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत गोरखपुर से हुई है। क्षेत्रीय कार्यशाला गोरखपुर क्षेत्र द्वारा पहले चालक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड कॉउंसलिंग सेंटर की स्थापना की गई है। चालकों को चिन्हित करते हुए उन्हें दुर्घटनारहित, नियंत्रित वाहन चलाने, रखरखाव एवं व्यवहारिकता इत्यादि की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके अलावा परिचालकों को भी व्यवहारिक परामर्श/प्रशिक्षणदिया जाएगा। इसके अतिरिक्त रोडवेज के तकनीकी कर्मचारियों को वाहन निमार्ता कंपनियों के माध्यम से सभी प्रकार की बसों की रिपेयरिंग की ट्रेनिंग एक ही केंद्र पर दी जा सकेगी। यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों के अनुसार रोडवेज की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा के साथ सुरक्षित उसके लक्ष्य तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यात्रियों समेत तमाम तरह के फीडबैक के आधार पर हम चालकों को चिन्हित करते हुए उन्हें ट्रेनिंग सेंटर में न सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं बल्कि उनकी कॉउंसलिंग के माध्यम से उन्हें मानसिक स्तर पर भी सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल्द ही पूरे प्रदेश में इस तरह के ट्रेनिंग सेंटर खोलकर व्यापक स्तर पर चालकों व परिचालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## करार से भी कम दिया जा रहा वेतन

आक्रोशित परिचालकों का कहना था कि ई-बस के लिए जब ज्वाइनिंग हुई तो उस समय बताया गया कि पांच रुपया 30 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से वेतन दिया जायेगा लेकिन बाद में सिर्फ तीन रुपया 80 पैसे के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है।

## ऑटो संचालकों की रही चांदी

बस ना चलने से ऑटो संचालकों ने यात्रियों से मनमानी किराया वसूला, ऑटो संचालकों की मनमान के आगे सभी नतमस्तक रहें।

# मेधा प्लेसमेंट सेल ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान में मेधा प्लेसमेंट सेल की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान और मानविकी संकाय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों को नौकरी से जुड़ी मूल जानकारियां दी गयीं।

कार्यशाला में मेधा स्वारंभ के समंवयक अजय कुमार नें इंटरव्यू और मीडिया संस्थानों में मांगी जाने वाली सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही अपराजिता वर्मा ने सभी को रिज्यूम और प्रेजेंटेशन देने की ट्रेनिंग दी। रजत ने मेधा संस्था के कार्यों को बताया।

इस मौके पर विद्यापीठ कैंपस प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष डॉ. रमन पंत, प्रो. अनुराग कुमार, डॉ. दयानंद, डॉ. वशिष्ठ नारायण, संतोष मिश्र, डॉ. विनोद, डॉ. प्रभाशंकर, डॉ. रविंद्र पाठक, डॉ. मनोहरलाल, डॉ. प्रदीप, डॉ. जिनेश समेत संस्थान और विभाग के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. अनुराग कुमार नें सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# गंगा सप्तमी पर इस बार पुष्य नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्धि का योग

**जनसंदेश न्यूज**

**आस्था**

**पृथ्वी पर गंगा अवतरण का पर्व है गंगा सप्तमी**

**27 अप्रैल को मनायी जायेगी गंगा सप्तमी**

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में विशिष्ट तिथियों पर देवी देवताओं का प्राकट्य दिवस श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाये जाने की धार्मिक व पौराणिक परम्परा है। प्रसिद्ध ज्योतिषीविद् पं. विमल जैन के मुताबिक वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के मध्याह्न काल में गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी।

इस बार वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि26 अप्रैल बुधवार को दिन में 11.18 मिनट पर लगेगी जो कि अगले दिन 27 अप्रैल गुरुवार को दिन में 1.04 मिनट तक रहेगी। मध्याह्न काल में गंगा की उत्पत्ति का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस बार पुष्य नक्षत्र का भी अनूठा संयोग बन रहा है।

पुष्य नक्षत्र 27 अप्रैल को प्रातः 6.40 मिनट से 28 अप्रैल शुक्रवार को दिन में 2.17 मिनट तक रहेगा।गुरु पुष्य नक्षत्र समस्त पुण्य कार्यों के लिए शुभ फलदायी रहता है। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। जिसके फलस्वरूप पूजा-अर्चना, दान-पुण्य करना अत्यन्त शुभफलदायी रहेगा। व्रतकर्ता को प्रातःकाल ब्रह्म मुहुर्त में उठ कर अपने समस्त दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिये।अपने दाहिने हाथ में जल,पुष्प, फल,गंध व कुश लेकर गंगा सप्तमी का संकल्प लेना चाहिए। इस दिन गंगाजी की विधि विधान पूर्वक धूप-दीप, पुष्प व नैवेद्य आदि से पूजा अर्चना करनी चाहिए।

इस दिन गंगा उत्पत्ति से संबंधित कथा का श्रवण, गंगा स्तुति व गंगा स्तोत्र का पाठ करने का विधान है। इस दिन ब्राह्मणों को यथाशक्ति दान करने की परम्परा है। गंगा की महिमा में रखे जाने वाला यह व्रत अत्यन्त पुण्यफलदायी माना गया है।

## रामतारक आश्रम में कहीं भी नहीं बची है जगह

**वाराणसी।** काशी तेलुगू समिति व श्रीराम तारक आन्ध्रा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुष्करलू पर्व को लेकर दक्षिण भारतीयों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। मानसरोवर घाट स्थित रामतारक आन्ध्रा आश्रम इस समय खचाखच भरा हुआ है। स्थिति यह है कि रामतारक आन्ध्रा आश्रम में कहीं भी रहने के लिए जगह तक नहीं बची है। श्रीराम तारक आन्ध्रा आश्रम के सचिव वीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश के अलावा अन्य जगहों से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु काशी पहुंच रहे हैं। ऐसे में उन्हें ठहरने के लिए आश्रम के अलावा अन्य जगहों पर व्यवस्था की जा रही है। रामतारक आन्ध्रा आश्रम में रोज लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं को भोजन कराया जा रहा है। यह व्यवस्था निरंतर जारी है जो आगामी दस मई तक चलेगी। बाहर से आये श्रद्धालुओं के लिए वीवी सुंदर शास्त्री के अलावा तुलसी गजानन जोशी, डा वेणु गोपाल, साइकिल बाबा समेत काफी लोग जुटे हुए हैं। उधर, सोनारपुरा क्षेत्र में रूद्राभिषेक भी चल रहा है। इसमें 21 वैदिक ब्राह्मण रूद्राभिषेक कर रहे हैं। सायंकाल आन्ध्रा से आये स्वामी का प्रवचन भी चल रहा है।

# सहभागिता से ही दूर होगी मलेरिया की बीमारी : सीएमओ

**गोष्ठी**

**विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक विद्यालयों में कई कार्यक्रम हुए आयोजित**



**वाराणसी।** जनपद में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर विविध कार्यक्रम हुए। गोष्ठी, रैली, शिविर, परिचर्चा इत्यादि गतिविधियों के जरिए जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया।

दुर्गाकुंड स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ ने कहा कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य पूरे साल चलेगा। इसके साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर वहां प्रभावी रोकथाक व नियंत्रण के लिए उचित कार्यवाई का रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। सहभागिता से ही मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया आदि संचारी रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, एसीएमओ सहित नोडल अधिकारी डॉ एसएस कनौजिया, जिला मलेरिया अधिकारी शरदचंद पाण्डेय, सहायक मलेरिया अधिकारी केके राय, बायोलोजिस्ट डॉ. अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। दुर्गाकुण्ड शहरी पीएचसी एवं मदनपुरा पीएचसी पर जन जागरूकता रैली निकाली गई।

## परिनिर्वाण दिवस पर भक्तों ने टेका मत्था

**पिंडरा।** थानारामपुर स्थित स्वामी हरहरानंद के परिनिर्वाण दिवस पर उनके शिष्यों ने पूजन कर मत्था टेका। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग भक्त उपस्थित रहे। स्वामी हरहरानंद महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से चले पूजा पाठ के बाद दोपहर से प्रसाद वितरण शुरू हुआ जो सायंकाल तक चला। इस दौरान डॉ शशिकांत सिंह, जगदीश तिवारी, राजकुमार तिवारी, कल्लू सिंह, डॉ गौरव पांडेय, प्रितराज माथुर, भानुकान्त पांडेय, चंद्रभूषण उर्फ खंजाटी पांडेय, गौरीश सिंह, रामसागर पांडेय, मुन्ना सिंह, पप्पू गुप्ता, संजय गुप्ता समेत अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### जमुना सेवा सदन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी।** शिवपुर स्थित जमुना सेवा सदन में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों में निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.अश्वनी टंडन, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ स्मिता टंडन नेत्र चिकित्सक आकाश टंडन एवं डॉ.पर्णिका अग्रवाल लैप्रोस्कोपी एवं इंफेर्लिटी ने शिविर में करीब 150 मरीजों को देखा। बताया कि विगत 26 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### संपूर्णानंद में आज से सप्ताह भर चलेगा स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के संपूर्ण परिसर को स्वच्छ बनाने के लिए बुधवार 26 अप्रैल से एक सप्ताह के लिए सप्ताह व्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि सप्ताह व्यापी अभियान में विश्वविद्यालय परिवार के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और संविदा कर्मी को परिसर की स्वच्छता के लिये अभियान में शामिल किया जाएगा। स्वच्छता के माध्यम से हम भारतीय संस्कृति के स्वच्छ भाव का पालन कर स्वच्छ परिसर स्वच्छ काशी का संदेश देना चाहते है। स्वच्छता अभियान सुबह छह से सात एक घंटे के लिए चलाया जाएगा।

### मल्टीमॉडल टर्मिनल भूमि विक्रेता के लिए धनराशि जारी



**वाराणसी।** रविवार को भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडबल्यूएआई) के अध्यक्ष संजय बंधोपाध्याय ने समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त सचिव-आईडबल्यूएआई, मंडलायुक्त-वाराणसी समेत लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, एनएचएआई तथा चंदौली एवं वाराणसी के अधिकारिगण शामिल रहे। वाराणसी में मल्टीमोडल टर्मिनल के कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शेष बची समस्त भूमि के अधिग्रहण का कार्य भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के अनुसार ही किया जायेगा। समझौते से भूमि विक्रय करने वालों के लिए धनराशि जारी कर दी गई है उसका भुगतान शीघ्र करायें। मंडलायुक्त वाराणसी द्वारा एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभागों को यह निर्देशित किया गया शेष बची समस्त भूमि के अधिग्रहण का कार्य एक सुनियोजित कार्ययोजन के तहत किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अधिग्रहण हेतु चिन्हित सीमांकन को समस्त संबंधित विभागों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किया जाए। विभागों द्वारा शासन को इनके प्रस्ताव एक सप्ताह में भेज दिये जायें। बैठक में यह निर्देशित किया गया की सेवानिवृत्त लेखपाल एवं कानूनगो को महकमें में संविदा पर रखते हुए भूमि अधिग्रहण का कार्य कराया जाए। वाराणसी के घाटों के लिए चार नई जेटी देने पर भी सहमति दी गई जिससे भविष्य में वाटर टैक्सी चलाने में सुगमता होगी।

### काशी विद्यापीठ के अमित को स्पेशल मेंशन-1 की उपाधि से नवाजा

**वाराणसी।** नई दिल्ली में 22 और 23 अप्रैल को दो दिवसीय युवा संसद का आयोजन नैशनल यूथ पार्लियामेंट के तत्वाधान में किया गया। जिसमें भारत के अलग-अलग राज्यों से 180 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस युवा संसद में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। काशी विद्यापीठ से एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र अमित विक्रम ओझा, शिखा पटेल, इशिका गुजराती और स्नेहा केशरी ने भाग लिया, जिसमें अमित विक्रम ओझा को स्पेशल मेंशन-1 की उपाधि से पुरुस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने बताया कि यह छात्र-छात्राएं काशी विद्यापीठ में हुए प्रथम काशी विद्यापीठ युवा संसद में भी बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा ऐसे होनहार विद्यार्थियों को देश के विभिन्न शहरों में होने वाले युवा सांसदों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

### मजलिसों में जनाबे फातिमा के जीवन पर डाला प्रकाश

**वाराणसी।** जनाबे फातिमा का रौजा तोड़े जाने के को लेकर दालमंडी चाहमाहमा स्थित मस्जिद मीर नादे अली में मजलिस का आयोजन किया गया। बकार हुसैन ने बीबी फातिमा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी खूबियों पर प्रकाश डाला। वहीं सदर इमामबाड़े में स्व नकी बनारसी के परिवार की ओर से मजलिस का आयोजन हुआ। अंजुमन हुसैनिया बनारस ने दर्द भरे नोहे पेश किये। शिया मस्जिद काली महल में शाम को नमाज के बाद नमाजियों ने रौजो के पुर्ननिर्माण के लिए आवाज बुलंद किये। हाजी फरमान हैदर ने बताया 27 अप्रैल को दरगाहे फातमान के साथ साथ मस्जिद मीर नादे अली अर्दली बाजार, जामा मस्जिद, पठानीटोला, शिवाला आदि क्षेत्रों में अलम उठा कर नोहा मातम के साथ दुआख्वानी होगी।

# निगम की बसें भी तीर्थाटन पैकेज को जल्द करेंगी लांच

**पहल**

**वाराणसी से विन्ध्याचल प्रयागराज, अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थानों के पैकेज करेंगी तैयार**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** रेलवे की एक यूनिट की तर्ज पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें भी भक्तों को जल्द ही तीर्थाटन का पैकेज देगी। यात्रियों की सुविधा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए निगम की ओर से इस तरह के पैकेज को तैयार किया जा रहा है।

बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर से श्रद्धालुओं के आने का क्रम बदस्तुर जारी है। कॉरिडोर के पहले जहां इनकी संख्या हजारों में सिमट कर रह गयी है वहीं कॉरिडोर बनने के बाद अब इनकी संख्या लाखों तकपहुंच गयी है। बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आने वाले भक्त वाराणसी के बाद प्रयागराज जरुर जाते हैं, इसके साथ ही विंध्यावासिनी धाम व अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन की भी उनके मन में अभिलाषा होती है। इन सब के दर्शन के लिए उन्हें निजी टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में उन्हे परेशानी तो होती साथ उन्हें ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती थी।



(फाइल फोटो)

## पैकेज का किराया आम भक्तों की पहुंच तक

तीर्थाटन बस सेवा का पैकेज आम भक्तों की पहुंच तक होगा, इसमें भोजन नाश्ता के साथ ही उस स्थान पर ठहरने की भी व्यवस्था की जायेगी। स्थानों में अच्छे होटल के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से करार किया जायेगा, ताकि यात्री को किसी भी तरह की समस्या ना हो।

## वाराणसी रीजन करेगा अगुवाई

वाराणसी व आसपास के क्षेत्रों में तमाम मंदिर व रमणीय स्थान हैं ऐसे में वाराणसी में इसकी ज्यादा मांग हो सकती है। इसलिए वाराणसी परिक्षेत्र ही इस पैकेज को ना सिर्फ तैयार करेगा बल्कि इसकी अगुवाई भी करेगा।

## गोरखपुर व लुम्बिनी तक विस्तार

रोडवेज बस के इस पैकेज में अभी प्रयागराज विन्ध्यांचल से अयोध्या के साथ ही आसपास के तीर्थ शामिल होंगे, आने वाले समय में गोरखपुर लुम्बिनी सहित अन्य स्थानों को भी जोड़ा जायेगा।

### जनरथ जैसी बसों को किया जायेगा तैयार

वाराणसी परिक्षेत्र से संचालित होने वाली तीर्थाटन पैकेज के लिए जनरथ को तैयार किया जायेगा, ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

> रोडवेज तीर्थाटन बस सेवा के लिए लेआउट तैयार किया जा रहा है आने वाले समय में जल्द ही लोगों के समक्ष यह सेवा सुलभ होगी।
>
> गौरव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक
> वाराणसी रोडवेज परिक्षेत्र

# वर्ष 2023-24 को शताब्दी वर्ष के रूप में मनायेगा एआईआरएफ




**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** एआईआरएफ का शताब्दी वर्ष शुरू हो गया, शताब्दी वर्ष समारोह पूरे साल देश भर में ना सिर्फ हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा बल्कि इस दौरान रेल कर्मचारियों के हित के प्रति लड़ाई जायेगी।

नार्दन रेल मेंस यूनियन कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में शताब्दी वर्ष को विस्तार से बताते हुए शाखा मंत्री सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए लंदन में इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के मुख्यालय पर मुख्य समारोह का आयोजन होगा। बताया कि शताब्दी वर्ष के समापन तक पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्ष करते हुए आवाज बुलंद की जायेगी।

इस दौरान लाइन शाखा के शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव, डी के सिंह, अखिलेश पांडेय सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# 'ज्ञानगढ़ की लड़ाई' अकादमिक दुनिया के सच का जीवंत दस्तावेज



**समारोह**

**प्रो. बलराज पाण्डेय लिखित कहानी संग्रह का लोकार्पण**

**वाराणसी।** ज्ञानगढ़ की लड़ाई की कहानियां कथा रस से परिपूर्ण हैं। यह बात प्रसिद्ध आलोचक प्रो. गोपेश्वर सिंह ने कहीं। वे काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष और सुपरिचित कवि एवं कथाकार प्रो.बलराज पाण्डेय लिखित कहानी संग्रह 'ज्ञानगढ़ की लड़ाई' के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक विज्ञान संकाय के समता भवन के संबोधी सभागार में हुआ जिसकी अध्यक्षता समाजिक विज्ञान संकाय की संकाय प्रमुख प्रो.बिंदा परांजपे ने की। मुख्य अतिथि प्रो.गोपेश्वर सिंह ने कहा कि बलराज पाण्डेय के कहानी संग्रह 'ज्ञानगढ़ की लड़ाई' अकादमिक दुनिया के सच का बहुत जीवंत दस्तावेज हैं। अध्यक्षता कर रही सामाजिक विज्ञान संकाय की संकाय प्रमुख प्रो.बिंदा परांजपे ने कहा कि इस पुस्तक की कहानियों को पढ़ने के बाद पाठक विचार करने के लिए प्रेरित होते हैं। वरिष्ठ आलोचक प्रो.अवधेश प्रधान ने कहा कि इस संग्रह की कहानियां श्रीलाल शुक्ल, हरिशंकर परसाई और काशीनाथ सिंह की परंपरा को आगे बढ़ाती हैं।

प्रतिष्ठित आलोचक प्रो.आशीष त्रिपाठी ने कहा कि 'किराए का घर' और 'प्रेम को पंथ कराल महा' जैसी कहानियां वक्ता के निजी जीवन को आत्मकथात्मक रूप में प्रस्तुत करती हैं। अंग्रेजी विभाग के आचार्य प्रो.दीप्ति रंजन पटनायक ने कहा कि संग्रह की भाषा पर यदि गौर किया जाए तो वह कहानियों के पात्रों के बिल्कुल अनुकूल दिखाई देती है। कथालोचक प्रो.नीरज खरे ने कहा कि इस संग्रह में यथार्थ के प्रश्न की भी गम्भीर चिंता दिखाई देती है। युवा आलोचक डॉ. विंध्याचल यादव ने कहा कि इस कहानी संग्रह के माध्यम से बलराज पाण्डेय ने अकादमिक दुनिया की स्याह सच्चाई, उसकी वीभत्सता का अनावरण किया है। संचालन डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह व स्वागत वक्तव्य डॉ. संजय विक्रम सिंह ने दिया। कार्यक्रम में प्रो.वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी, प्रो. चंद्रकला त्रिपाठी, प्रो. सदानंद शाही, प्रो. श्रद्धा सिंह, प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल, प्रो. मनोज सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. रविशंकर सोनकर, डॉ. महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, डॉ. प्रीति त्रिपाठी, डॉ. प्रियंका सोनकर सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# आदिशंकराचार्य जयंती पर विश्वकल्याण के लिए हुआ पूजन



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** 'भगत्पाद आदिशंकराचार्य जयंती' के उपलक्ष्य में मंगलवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के वाग्देवी मंदिर परिसर में स्थापित आदि शंकराचार्य प्रतिमा का पूजन किया गया। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जयंती में मां वाग्देवी का विधि पूर्वक पूजन करने के साथ वहां स्थापित पूज्यपाद शंकराचार्य के मूर्ति पर माल्यार्पण कर विधान से पूजन किया गया।

पूजन मंदिर के पुजारी डॉ. सच्चिदानंद ने विधि पूर्वक कराया। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा की शंकराचार्य ने शैशव में ही संकेत दे दिया कि वे सामान्य बालक नहीं है। सात वर्ष की अवस्था में उन्होंने वेदों का पूर्ण अध्ययन कर लिया था, बारहवें वर्ष में सर्वशास्त्र पारंगत हो गए और सोलहवें वर्ष में ब्रह्मसूत्र-भाष्य कि रचना की, उन्होंने शताधिक ग्रंथों की रचना शिष्यों को पढ़ाते हुए कर दी, अपने इन्हीं महान कार्यों के कारण वह आदि गुरू शंकराचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। शंकराचार्य के दर्शन को अद्वैत वेदांत का दर्शन कहा जाता है। संयोजक एवं आचार्य वेदांत, कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि वैदिक धर्म विध्वंक नास्तिक बौद्धों के द्वारा जिस समय सनातन धर्म क्षीणता को प्राप्त हो रहा था उसी काल में चार शिष्यों के साथ भगवान शंकराचार्य का धराधाम में अवतरण हुआ। पूजन में प्रो. शंभू नाथ शुक्ल, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, डॉ. ब्रह्मचारी, डॉ. कुप्पा विल्वेश, डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव और डॉ. सच्चिदानंद आदि उपस्थित थे।

## छोटानागपुर से अस्सी तक निकाली गई आदिशंकराचार्य की शोभायात्रा



**वाराणसी।** गंगा पुष्कर और जगद्गुरु आदिशंकराचार्य जयंती महोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को मानव के उन्नति और क्षेम के लिए चंडी हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिशंकराचार्य की जयंती पर शोभायात्रा छोटा नागपुर वाटिका से निकलकर अस्सी घाट तक गया शोभायात्रा में भक्तजनों ने आदिशंकराचार्य ध्वजा हाथ में लिऐ जय जय शंकर हर हर शंकर नारा लगा रहें थे। अस्सी घाट पहुंचने के बाद गंगा स्नान कर वापस कार्यक्रम स्थल पर वापस आये। लगभग 100 से ज्यादा महिलाऐं भगवां वस्त्र धारण किए हुए शोभायात्रा में शामिल हुई। इस अवसर पर आदिशंकराचार्य भक्त समाज के व्यवस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मश्री श्रीनिवास बग्गारइया शर्मा ने कहा कि मनुष्य जन्म उत्तम है और भगवान ने जो यह जन्म दिया है उसे अच्छे कार्यक्रमों के लिए व्यतीत करना चाहिए। हवन का पर्यवेक्ष ब्रह्मश्री मृदुगोंडा शंकर शर्मा और कुप्पा श्रीनिवास शास्त्री ने किया। भाजपा तेलंगाना राज्य की महिला मोर्चा अध्यक्ष गीतामूर्ति ने कहा कि आदिशंकराचार्य महोत्सव में हिस्सा लेना एक सौभाग्य की बात है। बताया कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी गंगा पुष्कर को वर्चुअल संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का तेलुगु टिप्पणी तेलुगु के ही प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता ब्रह्मश्री सामवेदंम सन्मुख शर्मा कर रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, मल्लाइया गुप्ता, शिवशंकर, राजेश्वरी, राणी, लक्ष्मी सहित हजारों महिलाओं ने भाग लिया। डॉ अनंत लक्ष्मी, सुश्री निट्ठल किरणमयी ने सौंदर्य लहरी का पारायण किया।

# करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत



घटना के बाद अस्पताल में जुटी भीड़

सनसनी

## सुबह में अचानक हुए हादसे से गांव में मचा हड़कंप

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदपुर में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां सब्जी के खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। अचानक हुए हादसे से गांव में हड़कम्प मच गया। वहीं, घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार टेंगरही गांव निवासी वकील शर्मा (55) पुत्र बहादुर शर्मा चांदपुर गांव में लगान पर खेत लेकर मूंग की खेती किये थे। वह मंगलवार की सुबह खेत की सिंचाई अपने पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा (21) के साथ कर रहे थे, तभी विद्युत खम्भे से सटे तार की चपेट में वकील शर्मा आ गए। करंट की जद में आकर वकील शर्मा छटपटाने लगे। यह देखकर उनका पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा कुछ समझ नहीं पाया। वह पिता को बचाने जैसे ही आगे बढ़ा, वह भी करंट की जद में आ गया। इससे पिता-पुत्र की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत खम्भे से सटे तार में बिजली उतर आई थी। झुलसे पिता-पुत्र को ग्रामीण सीएचसी सोनबरसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक श्याम प्रकाश बीए का छात्र था। वह दो भाईयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई मनीष कुमार शर्मा यूपी पुलिस में है। उसकी तैनाती वराणसी में है। माता कलावती अपने पति व पुत्र का एक साथ शव देख बदहवास स्थिति में है। मृतक वकील शर्मा की चार पुत्रियों में तीन पुत्रियों की शादी हो गई है। सबसे छोटी पुत्री प्रियंका पिता और भाई की मौत से दहाड़े मारकर रो रही थी।

## 'यमराज' बने बिजली के लटके तार, दर्जनों मौतों के बाद भी विभाग के रवैये में नहीं हो रहा सुधार

**बैरिया।** लगातार बिजली करंट की जद में आने से अब तक कई मौतें हुई है। हर साल कुछ लोगों की करंट की जद में आने से दर्दनाक मौत होती है। बावजूद इसके बिजली विभाग के रवैये में कोई सुधार नही हो रहा है। परिणाम स्वरूप हर साल लोगों की बहुमूल्य जिंदगी काल कलवित हो रही है। ताजा घटना मंगलवार की है, जहां बिजली करंट की जद में आने से खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। इससे पूरे गांव में कोहराम मच गया। टेंगरही निवासी वकील शर्मा व उनके पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा ने सोचा भी नहीं था कि आज हमारी मौत हो जाएगी। वह मूंग के खेत में काम कर रहे थे, तभी विद्युत खंभे से सटे तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। इसी तरह 20 अक्टूबर 2022 को वशिष्ठ नगर निवासी अजय यादव (45) की मौत विद्युत स्पर्शाघात से उस समय हो गई, जब वह खेत में काम कर रहे थे। खेत में पहले से टूट कर बिजली का तार गिरा हुआ था। 27 अगस्त 2022 को मिश्र के मठिया निवासी रजनीश यादव (25) की मौत बिजली के तार की जद में आ जाने से हो गई थी। 29 जुलाई 2022 को नारायणगढ़ निवासी ऋतुराज पटेल बिजली के टूटे तार की चपेट में आकर काल कलवित हो गए। 24 जून 2022 को कोटवा गांव के सामने बिजली का तार टूट कर गिर जाने से मधुबनी पासवान चौक निवासी धनजी शर्मा की मौत हो गई। सात मई 2022 को दुर्जनपुर निवासी मासूम गलटू (03) ने खेलते समय बिजली के खंभे का स्टेक छू लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। छह अगस्त 2021 को चंदा देवी निवासी मठ योगेन्द्र गिरी की मौत टूटे हुए बिजली के तार की जद में आ जाने से हो गई थी। पांच अप्रैल 2021 को अठगांवा बस्ती के नवका टोला निवासी जितेंद्र यादव (21) की मौत जमीन पर टूट कर गिरे तार की जद में आने से हो गइ थी। 24 फरवरी 2021 को शोभा छपरा में मोटरसाइकिल से जा रहे दलजीत टोला के तीन युवकों के ऊपर टूट कर गिरे हाईटेंशन तार से तीनों की मौत हो गई थी। इस तरह की दर्जनों घटनाएं इस क्षेत्र में हुई है। बावजूद इसके बिजली विभाग ने सबक नहीं लिया है। विभाग के रवैया में कोई सुधार नही हुआ है। फलस्वरुप लगातार बिजली से दुर्घटनाएं हो रही हैं और बिजली विभाग अपना पल्ला झाड़ने में ही व्यस्त है।

### बरती जा रही लापरवाही

**बैरिया।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत जमालपुर गांव में विभाग ने लापरवाही पर लापरवाही किया है। काफी समय से लगभग 300 मीटर लंबाई में बिजली के खंभे की जगह बांस के खंभों पर बिजली का तार दौड़ाकर पूरे मोहल्ले को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। पूछने पर बिजली विभाग के जिम्मेदार यह कह कर पल्ला झाड़ ले रहे हैं कि इसका टेंडर हो गया है। ठेकेदार जल्द ही बिजली का खंभा लगायेगा।

### बिजली विभाग का नहीं है खंभा

**बैरिया।** टेंगरही निवासी वकील शर्मा एवं उनके पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा की बिजली करंट की जद में आने से हुई मौत के संदर्भ में पूछने पर उपखंड अधिकारी बैरिया संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि जिस खंभे के सटे तार से पिता-पुत्र की मौत हुई है, वह खंभा बिजली विभाग का नहीं है। बैरिया नगर पंचायत के स्ट्रीट लाइट का तार उन खंभों से गुजरा है। उसका रख-रखाव और उसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत का है। नगर पंचायत इस संदर्भ में कार्रवाई करेगा। बिजली विभाग को इस दुर्घटना से कोई लेना-देना नही है।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशुतोष ओझा से पूछने पर उन्होंने बताया कि मौके पर जा रहा हूं। अगर नगर पंचायत के खम्भे से यह दुर्घटना हुई होगी तो जांचोपरान्त नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद ने व्यक्त की शोक संवेदना

**बैरिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने टेंगरही निवासी पिता-पुत्र की बिजली करंट से हुई मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। कहा है कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। अगर वह किसान है तो उन्हें किसान दुर्घटना बीमा का लाभ दिलवाया जाएगा। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी को मौके पर जाकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# शिविर में महिलाओं को किया गया जागरूक



शिविर में महिलाओं को जागरूक करते अपर जनपद न्यायाधीश

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार मंगलवार को विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन वन स्टाप सेन्टर जिला चिकित्सालय में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा ने महिलाओं को बताया गया कि यदि उनके साथ घर में किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या प्रताड़ना होती है तो वह बिना किसी डर के अपनी समस्या हम तक पहुंचाएं।

लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम-2012 की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अधिनियम बच्चों के प्रति होने वाले लैंगिक उत्पीड़न, लैंगिक शोषण एवं पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बनाया गया है। यह एक्ट भारत के सभी नागरिकों पर लागू हैं। इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना गया और मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी मो. मुमताज ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा महिला कल्याण अधिकारी पूजा ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। मौके पर विनोद, निकिता, पूनम, प्रिया आदि मौजूद रहे।

# सरयू नदी में डूबने से किशोरी की मौत

दुखद

## नाविकों के सहयोग से निकाला गया शव

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** बिहार के हिस्से में पड़ने वाले सिताब दियारा के गरीबा टोला गांव के सामने सरयू नदी में नहाते समय डूब रही अपनी मौसेरी बहन को बचाने में बैरिया थाना क्षेत्र के नारायणगढ़ निवासिनी अराधना ठाकुर पुत्री दिलीप ठाकुर डूब गई। उसका शव स्थानीय नाविकों के सहयोग से नदी से निकाल लिया गया। रिविलगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है।

बता दें कि अराधना ठाकुर अमर शहीद श्री कौशल कुमार इंटर कालेज नारायणगढ़ की 12वीं की छात्रा थी। वह अपने नाना जनार्दन ठाकुर के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कुछ दिन पूर्व अपनी मां के साथ सिताब दियारा गयी हुई थी। वह सोमवार को रिविलगंज थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी सत्येंद्र ठाकुर की 15 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी व कुछ



अराधना (फाइल फोटो)

लड़कियों के साथ सरयू नदी में नहाने चली गयी थी।

सुमन अराधना की मौसेरी बहन है, जो सरयू नदी में नहाते समय डूबने लगी। उसे बचाने के चक्कर में अराधना स्वयं सरयू नदी में डूब गई, जबकि सुमन को अन्य लड़कियों ने बचा लिया। अराधना के नदी में डूबने के बाद सरयू तट पर कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों के साथ सुमन को इलाज के लिए जयप्रकाश नगर भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए उसे छपरा लेकर चले गए। समाचार लिखे जाने तक अराधना का शव उसके गांव नारायणगढ़ नही पहुंचा था।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बलिया।** सिकन्दरपुर-लीलकर मार्ग पर मठिया गांव के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक पत्रकार के भाई की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर, हादसे की जानकारी होते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के लीलकर गांव निवासी पत्रकार निकेश राय के बड़े भाई सुनील कुमार राय (45) सोमवार की देर शाम को सिकंदरपुर से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वे मठिया गांव स्थित ईंट भट्ठा के सामने पहुंचे कि सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में धक्का मार दिया। इससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गए। दुर्घटना के काफी देर बाद मौके पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी और घायल को इलाज हेतु सीएचसी सिकंदरपुर भिजवाया, जहां जांचोपरांत डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही हास्पिटल में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उधर, हृदय विदारक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दरवाजे पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा है।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराई बोलेरो, युवक ने तोड़ा दम

**बलिया।** सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली और बोलेरो की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि चालक समेत चार लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उधर, हादसे की जानकारी होते ही गांव-घर के लोग रोते-बिलखते सदर अस्पताल पहुंच गये। मनियर थाना क्षेत्र के बड़सरी जागीर निवासी मनोहर सोनी की तबीयत खराब थी। उनका इलाज कराने के लिए गांव के तीन-चार लोग वाराणसी गये थे। वहां से सोमवार की देर रात सभी वापस लौट रहे थे। इसी बीच फेफना-रसड़ा मार्ग पर गड़वार थाना क्षेत्र के पियरिया के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में बड़सरी जागीर निवासी ओमकार सोनी (28), बीमार मनोहर तथा उसकी पत्नी देवांती एवं पुत्र देवेंद्र घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डाक्टरों ने जांच के बाद ओमकार को मृत घोषित कर दिया।

# 15 अगस्त तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

अमृत सरोवर योजना

## एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का ही चयन

**बलिया।** प्रदेश सरकार की ओर से करीब 11 माह पहले जल संचयन को लेकर प्रत्येक गांव में दो-दो अमृत सरोवर बनवाने का निर्देश जारी किया गया। इसके तहत जिले के 940 ग्राम पंचायतों में कुल 1880 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अब अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक कुल 1931 के सापेक्ष 179 अमृत सरोवर ही बन सके हैं।

जिले में अधिकांश अमृत सरोवर अधूरे हैं। हालांकि कार्य जारी है। इसी बीच शासन ने प्रत्येक क्षेत्र पंचायत की ओर से भी तीन-तीन अमृत सरोवरों के निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया। इस तरह जिले में कुल 1931 अमृत सरोवरों का लक्ष्य निर्धारित हो गया। सरकार का मानना है कि इससे जल संरक्षण के साथ प्राकृतिक सौंदर्य भी बढ़ेगा। पूरी तरह विकसित अमृत सरोवर जहां पिकनिक स्पट बन सकेंगे, वहीं इससे संबंधित ग्राम सभा को राजस्व की प्राप्ति होगी, ताकि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। प्रत्येक अमृत सरोवर को पूर्ण रूप से तैयार करने पर करीब 50 लाख का खर्च होगा। इसके अलावा, जो सरोवर पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित किए जाएंगे, उन पर 75 लाख तक का खर्च होना है। अमृत सरोवर के पास सामुदायिक भवन, शौचालय और साफ पानी की व्यवस्था होगी। इसके अलावा यहां मनोरंजन के विभिन्न साधनों के साथ ही बैठने के लिए कुर्सियां आदि लगेंगी। सरोवरों में मोटरबोट की भी सुविधा दी जाएगी। योजना के तहत एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का ही चयन किया गया है। अमृत सरोवरों के निर्माण के लिए ग्राम निधि व मनरेगा से खर्च करने का प्रावधान किया गया है। लेकिन अभी यह योजना रफ्तार नहीं पकड़ सका है। इसको देखते हुए एक बार फिर समय सीमा निर्धारित की गई है। अब 15 अगस्त 2023 तक सभी अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार अब कुल 179 अमृत सरोवर बन चुके हैं और शेष अमृत सरोवरों पर कार्य चल रहा है।

### अमृत सरोवरों के निर्माण का चल रहा कार्य

**बलिया।** इस संबंध में दिग्विजय नाथ तिवारी, प्रभारी उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा बलिया ने बताया कि जिले में अमृत सरोवरों के निर्माण का कार्य चल रहा है। अब तक 179 सरोवर बन चुके हैं और शेष अधिकांश सरोवरों पर कार्य चल रहा है। सभी ब्लाकों को 15 अगस्त तक अमृत सरोवर का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# धारदार हथियार के हमले से युवक घायल

**दुबहर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत धरनीपुर मोड़ पर मंगलवार की सुबह आपसी कहासुनी को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वही, पुलिस हमला करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार अलमचक (दुबहड़) निवासी मार्कंडेय तिवारी (23) पुत्र स्व. बलिराम तिवारी किसी कार्य से धरनीपुर मोड़ पर जा रहा था कि बंधु राय के डेरा (दुबहड़) निवासी ऋषिकेश पांडेय उर्फ छोटू पांडेय पुत्र तारकेश्वर पांडेय ने आपसी कहासुनी के बाद धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

# बंद मकान से कीमती सामानों की चोरी

घटना

## सूचना मिलते ही गांव के लिए रवाना हो गये गृह स्वामी

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर में सोमवार की रात चोरों ने घर की खिड़की का ताला तोड़कर पीछे से मकान के अंदर घुस कर लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया है। इसकी जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर के पीछे 100 मीटर की दूरी पर स्थित रुदल सिंह का मकान है। रुदल सिंह सपरिवार दिल्ली में रहते हैं। घर पर ताला बंद रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात आठ बजे के बाद घर के पिछवाड़े से खिड़की का दरवाजा में लगा ताला को तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने पहले सारे घरों का ताला तोड़कर उसमें से कीमती सामान निकाल लिए। यही नही, घर में खड़ी बाइक भी निकाल कर लेकर जाने ही वाले ही थे कि गांव के किसी व्यक्ति की नजर उधर पड़ गई। उसने समझा कि शायद रुदल सिंह का परिवार आया है। वह घर की तरफ बढ़े, तब तक चोर बाइक छोड़ सारा सामान लेकर भागने भागने लगे। हो-हल्ला करने के बावजूद भी चोर आसानी से निकल गए। इस बीच 112 नंबर के साथ ही सुखपुरा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। अब इंतजार है कि रुदल सिंह जब दिल्ली से आएंगे तो वही हकीकत बता सकते हैं कि क्या-क्या सामान चोरी गया है। रुदल सिंह दिल्ली से अपने गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

# दीपक पाठक की सफलता पर बंटी मिठाई

**दुबहर।** शहीद मंगल पांडेय के पैतृक गांव नगवां निवासी दीपक पाठक पुत्र उमेश कुमार पाठक ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल की परीक्षा में 96.17 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में टाप टेन की सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने घर-परिवार सहित पूरे क्षेत्र तथा जनपद का मान बढ़ाया है।

परिजनों को जैसे ही परीक्षा परिणाम में टाप-10 की सूची में दीपक पाठक के द्वितीय स्थान प्राप्त करने की सूचना प्राप्त हुई, वे खुशी से झूम उठे। परिजनों ने आस-पास के लोगों तथा बधाई देने वाले शुभचिंतकों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। विदित हो कि दीपक पाठक यशोदा देवी इंटर कालेज दुबे छपरा का छात्र है। वह अपने बाबा न्याय पंचायत अखार के पूर्व सरपंच व पूर्व प्रधान स्व. केदारनाथ पाठक को अपना आदर्श मानता है। दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़े पिता तथा गुरुजनों को दिया है।



दीपक पाठक को मिठाई खिलाते परिजन एवं अन्य

### शत-प्रतिशत रहा डीएस मेमोरियल इंका का परिणाम

**रतसर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में डीएस मेमोरियल इंटर कालेज ने जिले में अपना स्थान कायम रखा। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुमारी आराध्या विश्वकर्मा ने 444 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं, कुमारी बंदना वर्मा ने 439 तथा निलेश चौहान ने 432 अंक प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं, बल्कि अपने गांव एवं जिले का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल परीक्षा में सत्यांश सिंह ने 554, अनुज कुमार मौर्य ने 544 एवं अंकिता यादव ने 541 अंक प्राप्त किया है। हाईस्कूल एवं इंटर में विद्यालय का परीक्षाफल शत्-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

### प्रिया, सक्षम एवं निशा ने टॉप-10 में बनाया स्थान



ट्रॉफी के साथ अव्वल आये छात्र-छात्राएं



प्रिया यादव

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय गंगोत्री देवी इंटर कालेज में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत्- प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में सक्षम राय ने 94.66, जागृति मौर्या ने 92.66 एवं गुलाबसा खातून ने 90.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं, इंटरमीडिएट में निशा वर्मा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस तरह सक्षम राय ने जिले में नौवां स्थान एवं निशा वर्मा ने चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के प्रबंधक डा. नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने भी सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इधर, जयप्रभा कन्या इंटर कालेज तिलौली की छात्रा प्रिया यादव ने हाईस्कूल में 95.16 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में सातवां स्थान प्राप्त किया है।

# तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों, वांछित, फरार अभियुक्तों/वारण्टियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियुक्तों के धर पकड़ के सघन अभियान के तहत सोमवार को गड़वार के उनि अखिलेश नारायण सिंह मय फोर्स गांधी आश्रम के पास मामूर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त सुशील गुप्ता पुत्र चन्द्रशेखर गुप्ता निवासी रक्शा डैनिया, थाना पकड़ी को जिगनहरा प्राथमिक स्कूल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद किया गया।

## संक्षेप

### बीमार हुए अंबिका, मंदिर में पहुंचे कार्यकर्ता



**बलिया।** अभी नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। सपा अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिये पूरी तैयारी में है। ऐसे में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ सपा नेता अंबिका चौधरी का स्वास्थ्य खराब होना कही सपा प्रत्याशियों के हौंसले को कमजोर न कर दें। वैसे, सभी लोग उनकी स्वास्थ्य के लिये ईश्वर से कामना कर रहे है, ताकि वह जल्द स्वस्थ होकर चुनावी माहौल में आ जाए। विगत दिनों पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी की तबियत खराब होने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उनके स्वास्थ्य के लिये कामना शुरू कर दी थी। लखनऊके मेदांता हास्पिटल में उनको देखने पूर्व मंत्री नारद राय व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी पहुंचे हुए थे। वैसे, माना जाता है कि अंबिका चौधरी राजनीति के पक्के खिलाड़ी है। वह हमेशा प्रदेश की राजनीति में सुर्खियों में छाये रहते है। जिले की राजनीति में भी पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी का कद काफी बड़ा है। श्री चौधरी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की सरकार में महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री भी रहे चुके है।

### कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने किया रक्तदान



**बेरुआरबारी।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डा. सुधीर श्रीवास्तव तथा डा. एके पाण्डेय ने बताया कि रक्तदान से रक्तचाप नियंत्रित रहता है। नये रक्त के निर्माण की प्रक्रिया तीव्र होती है तथा हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती हैं। कहा कि रक्त की पूरी जांच होने के बाद ही दूसरे को रक्त दिया जाता है, जिससे रक्तदाता की बीमारियों का भी पता लगता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने रक्तदाता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कुल 14 यूनिट रक्तदान किया। विवि के कुलसचिव एसएल पाल ने शिविर के आयोजन की व्यवस्था की। मौके पर पुष्पा मिश्रा, मनोज कुमार वर्मा, अर्जुन मिश्रा, पप्पू यादव, राजेश कुमार, श्यामजी सिंह, विजय कुमार, विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

### अपहृता बरामद, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिताबदियर इलाके के एक गांव से चार दिन पूर्व अपहृत किशोरी को पुलिस ने सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान से बरामद कर अपहरण के मुख्य आरोपी बैरिया थाना क्षेत्र के संसार टोला निवासी अनुस यादव को गिरफ्तार कर उसे चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि अनुस यादव अपहृत किशोरी को ट्रेन से लेकर कही अन्यत्र भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर अनुस को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि अनुस यादव सहित अन्य तीन आरोपियों पर धारा 363, 366 व 120बी का मुकदमा पंजीत है। किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। चिकित्सकीय परीक्षण में अगर दुष्कर्म का रिपोर्ट मिला तो आरोपी पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट का मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से सफाई कर्मी घायल

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित बाजार मोड़ के समीप स्थित रेस्टोरेंट के पास मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जमुई गांव निवासी अशोक कुमार राम (37) मंगलवार की सुबह सिवान कला गांव में ड्यूटी करने जा रहा था। अभी वह रेस्टोरेंट के समीप पहुंचा था कि सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास मौजूद लोगों ने उसको सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नामांकन पत्रों की गहनता से की गई जांच



**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत बेल्थरारोड के लिए चल रही चुनावी नामांकन प्रक्रिया के बाद मंगलवार को अध्यक्ष पद के 11 तथा 13 वार्डो के सदस्य पद हेतु 59 नामांकन पत्र जांच बाद बैध पाये गये। नामांकन कक्ष में अध्यक्ष पद के दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में सभी 11 नामांकन पत्र बैध पाये गये। निर्वाचन अधिकारी सीमा पाण्डेय एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा नामांकन पत्र की गहनता से समीक्षा की गयी। इसके अलावे तहसीलदार कोर्ट में 13 वार्डो के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन पत्र बैध पाये गये। निर्वाचन अधिकारी राममिलन गोंड, निर्वाचन अधिकारी आरपी सिंह तथा अमित कुमार द्वारा नामांकन पत्रों की गहनता से समीक्षा की गयी।

### चैता महामुकाबला कल

**गड़वार।** स्थानीय कस्बा के गड़वार-रतसर मुख्य मार्ग पर बीएसएनएल टावर के समीप 27 अप्रैल को सायं छह बजे से दुगोला चैता महामुकाबला का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार होंगे। दुगोला चैता महामुकाबला कमल व्यास कुंवर व अजीत हलचल के मध्य होगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### न्यायालय के समय में बदलाव

**बलिया।** प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने बताया है कि दी सिविल बार एसोसियशन एवं क्रिमिनल एण्ड रेवेन्यू बार एसोसिएशन बलिया द्वारा आख्या प्राप्त होने के फलस्वरूप बलिया जजशिप में माह मई एवं जून में न्यायालयों का समय प्रातः सात से अपरान्ह एक बजे तथा कार्यालयों का समय प्रातः 6:30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक निर्धारित किया जाता है। उक्त अवधि में प्रातः 10.30 बजे से 11.00 बजे तक मध्यान्ह भोजनावकाश रहेगा। यह आदेश वाहय न्यायालय सिविल जज ( जूडि) रसड़ा में भी प्रभावी होगा।

### आग से झुलसा बाइक सवार

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरदिया गांव के समीप मंगलवार की दोपहर गेहूं के फसल के अवशेष में लगी आग की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। आस-पास मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के बालूपुर गांव निवासी अमन रावत मंगलवार की दोपहर बिजलीपुर से सिकंदरपुर आ रहा था। अभी वह महथापार और हरदिया गांव के बीच में पहुंचा था कि खेत में जलाई गई गेहूं की अवशेष फसल की चपेट में अमन बाइक सहित आकर गंभीर रूप से झुलस गया।

# कोरोना गाइडलाइन के साथ होगा मतदान

**बलिया।** एक ओर जहां निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, वहीं दूसरी ओर हर जगह कोरोना संक्रमण के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इसको देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव में कोरोना को लेकर गाइडलाइन जारी की है। कहा है कि मतदान केंद्रों, प्रशिक्षण स्थल, पार्टी रवानगी स्थल आदि सभी जगहों पर कोरोना से बचाव के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएं।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। साथ ही मतदान केंद्र के अंदर मास्क लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। मतदान केंद्रों पर मास्क एवं सेनेटाइजर की व्यवस्था भी करनी होगी। मतदान केंद्र पर मतदान दल के सदस्यों, एजेंट्स के बैठने की व्यवस्था सामाजिक दूरी के नियमों को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण से लेकर अन्य चुनावी प्रक्रिया के लिए भी कोरोना गाइड लाइन का पालन करना होगा। कर्मचारियों की ड्यूटी आरक्षित में लगाई जाए, जिससे किसी कर्मचारी को कोरोना होता है तो उसके स्थान पर दूसरा कर्मचारी लगाया जा सके। मतदान दलों को अलग-अलग सत्रों में बुलाया जाए। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि आयोग की गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान केंद्रों पर कोरोना संक्रमण से बचाव की सभी व्यवस्था होगी।

**निकाय चुनाव**

## मतदान केंद्रों पर सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना अनिवार्य

### पहचान के लिए मतदाता का हटवा सकते हैं मास्क

**बलिया।** मतदान केंद्र पर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मास्क लगाना अनिवार्य होगा। केवल मतदाता की पहचान के लिए ही मास्क हटाया जा सकेगा। जहां कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी, वहां साफ-सफाई और सेनेटाइजेशन किया जाएगा। चुनाव के समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य रहेगा और उचित दूरी का पालन भी करना होगा। मतदान केंद्रों पर मास्क और सेनेटाइजर रखा जाएगा। जहां पोलिंग एजेंट्स को अंदर बैठाने से सामाजिक दूरी का पालन संभव नहीं है तो उन्हें कक्ष से बाहर इस तरह बैठाया जाएगा। बूथ पर भीड़ नहीं लगने दी जाएगी।

### नपं रतसर कलांः अमित का दावा, जीतेंगे चुनाव



**बलिया।** नगर पंचायत रतसर कलां में पहली बार यहां के मददाता चेयरमैन का चुनाव करने जा रहे हैं। यहां से सपा समर्पित युवा प्रत्याशी अमित यादव मैदान में हैं। वह पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी के खास माने जाते हैं और जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी के भी बहुत नजदीकी हैं। ऐसे में अमित यादव राजनीति के पक्के खिलाड़ी भी माने जाते हैं। यह वही अमित यादव है, जो जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं। अमित यादव के मैदान में आने से यहां सपा और भाजपा के कद्दावर नेताओं में जंग होने की संभावना हैं। क्योंकि यहां वोट की राजनीति से ही चुनावी माहौल बनेगा। जो चर्चा में रहेगा, वही चुनाव जीतेगा। बता दें कि नगर पंचायत रतसर कलां के अध्यक्ष पद के लिये अमित यादव ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। अमित यादव ने कहा कि मेरा चुनाव का मुख्य मुद्दा नगर पंचायत का विकास होगा। पूर्व में जिला पंचायत सदस्य के तौर पर भी हमने सड़क व बिजली दोनों क्षेत्र में जनहित में तमाम कार्य कराए। अब इस नवसृजित नगर पंचायत को माडल नगर पंचायत बनाने पर मेरा पूरा फोकस होगा।

### जांच में वैध पाये गये पर्चे

**बैरिया।** निकाय चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष पद के लिए दाखिल सभी नौ पर्चे वैध पाए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नौ प्रत्याशी मैदान में है। सभी के पर्चे जांचोपरांत सही पाए गए हैं। वही, सभासद पद के 74 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, जिसमें केवल एक प्रत्याशी कमलावती देवी पत्नी भगवती प्रसाद वर्मा वार्ड संख्या 14 पर उसी वार्ड की प्रत्याशी अमृता वर्मा पत्नी दरोगा वर्मा ने आपत्ति दर्ज कराई है। एआरओ शैलेश कुमार मुरारी ने बताया कि दोनों पक्षों की आपत्ति सुनने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।

### सपा प्रत्याशी समेत 109 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उमरावती देवी पत्नी शैलेश वर्मा सहित कुल 109 लोगों पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सहित विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रत्याशी उमरावती वर्मा के अलावा कमलेश वर्मा, तुलसी वर्मा, शैलेश वर्मा, कोमल देवी, साधु यादव, संजय यादव, मुन्ना गोड़ अंचल, पिंटू वर्मा को नामजद किया गया है, जबकि एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी धारा 143, 188, 171(एच) के तहत चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा पंजीत किया गया है। एसएचओ ने बताया कि नामांकन के अवसर पर मनाही के बाद भी जुलूस निकाला गया। इसका वीडियोग्राफी हम लोगों ने कराया है। वीडियोग्राफी से पहचान कर अन्य लोगों को नामजद किया जाएगा। इससे पूर्व भी अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी शान्ती देवी एवं उनके समर्थकों तथा पुनम सिंह व उनके समर्थकों पर बैरिया थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। निर्वाचन अधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि बिना अनुमति जूलूस निकालने पर मुकदमा हुआ है। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

### भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में शांति व खुशहाली हैः संजय



**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत के चुनाव में सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी एवं भाजपा के पूर्व विधायक संजय यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मंगलवार को पूर्व विधायक संजय यादव ने कस्बा के भाजपा नेता जितेंद्र सोनी के आवास पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि 2017 में सिकंदरपुर में ताजिया जुलूस के दौरान हुए दंगे सपा द्वारा सुनियोजित तरीके से कराया गया। संजय यादव ने कहा कि विधायक खुद अपने प्रत्याशी का टिकट कटवा कर भाजपा पर आरोप लगा रहे है। जिस सपा ने उन्हें तीन बार विधायक बनाया, वह उसके सिंबल को लात मारने की बात कर रहे हैं। जब कस्बा में दंगा हुआ था, तब वह खुद उस समय जुलूस के दौरान मौजूद थे। जब दंगा भड़क गया तो वह वहां से भागकर कस्बे में ही कहीं छुप गए। कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में शांति व खुशहाली है। सिकंदरपुर में भी मेरे पांच वर्ष के कार्यकाल में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सभी धर्मों का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए गए, लेकिन सपा विधायक द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पुत्र के ऊपर दंगा भड़काने का आरोप लगाया जाना उनकी कमजोरी को उजागर करता है। उनके द्वारा घोषित प्रत्याशी का विरोध किया जा रहा है। पहले भी उनके द्वारा अपने पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार को धोखा दिया जा चुका है। इस बार भी धोखा दिया जा रहा है। कहा कि यहां के लोग गंगा जमुनी तहजीब में विश्वास रखते हैं एवं अमन-चैन से रहते हैं। सिकंदरपुर में पुनः एक बार कमल खिलेगा। मौके पर अरविंद राय, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, बैजनाथ पांडे, संजय जायसवाल, जयराम पांडे, कौशल श्रीवास्तव, आशुतोष गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मंटू सिंह, ओम प्रकाश यादव, अनिल पांडे, मनीष सिंह, अंजनी यादव, विट्टू पाण्डेय, मदन सोनी, अशोक सोनी, बिपिन सोनी, आकाश तिवारी, पंचानंद सिंह, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

## राबिन सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत



**बलिया।** ग्रीन इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जन जागरण अभियान के नाम से जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु इटावा निवासी राबिन सिंह द्वारा पूरे भारत के प्रत्येक जिले से होते हुए साइकिल यात्रा किया जा रहा है। साइकिल यात्रा 6 अक्टूबर 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से प्रारम्भ होकर केरल, कर्नाटका, आंध्रा, उड़ीसा, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार से होते हुए बलिया पहुंची।

टाउन हाल पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक डा. विनोद सिंह, सह नगर संघचालक परमेश्वरनश्री ने राबिन सिंह को अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। जिला कार्यवाह हरनाम सिंह, जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन रामकुमार तिवारी, जिला प्रचार प्रमुख मारुति नन्दन, नगर प्रचारक विशाल, अक्षय ठाकुर, प्रभात, विनय सिंह ने राबिन सिंह को उद्देश्य की सफलता हेतु शुभकामना दी। तत्पश्चात राबिन सिंह के साथ भृगुजी मंदिर पहुंचे, जहां शाखा कार्यवाह राजेश महाजन के नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने यात्रा का फूल माला से स्वागत किया। महर्षि भृगु के दर्शनोपरांत साइकिल यात्रा को रसड़ा होते हुए मऊ के लिए विदा किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश वर्मा, अमरनाथ चौरसिया, पवन आदि मौजूद रहे।

### जल संरक्षण पर करना होगा विचार : राबिन

**बलिया।** राबिन सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण जन-जागरण अभियान इस यात्रा का नाम है। ग्रीन इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत यह यात्रा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। हमें एक जन अभियान करने की आवश्यकता है। क्योंकि यह जन-जन की आवश्यकता है। जन-जन सांस लेता है। बिना आक्सीजन के हम एक मिनट जिंदा नहीं रह सकते। इस पर हम सबको चिंतन करना होगा। आने वाले समय में जल की विकट समस्या होने वाली है। इसलिए हमें जल संरक्षण पर भी विचार करना होगा।

## हाईस्कूल में 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सत्यम पाण्डेय बने टॉपर





जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** मध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल की परीक्षा में रेवती विकासखंड के पचरुखा स्थित एसवीडीजीएचएस के छात्र सत्यम पाण्डेय ने कुल 600 अंकों में 578 अंक यानि 96.33 प्रतिशत प्राप्त करते हुए जनपद में टॉप किया है।

जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सत्यम ने बताया कि खुशी की अनुभूति हो रही है। सत्यम ने आगे की पढ़ाई के बाबत बताया कि एसएससी की तैयारी करनी है। सत्यम ने सफलता का अपने माता-पिता सहित गुरुजनों को दिया। सत्यम पांडेय ने साथियों सहित छात्र छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करके कठिन परिश्रम करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। सत्यम ने बताया कि मेरे पिता प्राइवेट जॉब करते हैं तथा माता गृहणी है। मैं घर पर 4 से 5 घंटे पढ़ाई करता हूं। जब मुझे पता चला कि मैं जनपद में प्रथम स्थान पर हूं। तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ।

**परिणाम**

### इण्टर में छात्रा अमृता तिवारी ने प्राप्त किया छठवां स्थान

### प्रधानाचार्य व अन्य स्टॉफ ने सत्यम को दी बधाई

विद्यालय की प्रधानाचार्य अभिलाषा प्रिया ने विद्यालय में माला पहना कर तथा मिठाई खिलाकर न केवल खुशी का इजहार किया बल्कि बधाई देते हुए और आगे बढ़ने का आशीर्वचन दिया। विद्यालय परिवार के अवधेश पांडेय, राधिका पांडेय, राज नारायण उर्फ झाबर सिंह, भगवान चैबे, शारदानंद पांडेय आदि ने सत्यम को मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। उधर इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद में छठा स्थान प्राप्त करने वाली पीडीआइसी गायघाट की छात्रा अमृता तिवारी ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया।

### देवाशीष ने इंटर में प्राप्त किया 92 प्रतिशत अंक

**मझौवां।** बेलहरी ब्लॉक के बादिलपुर निवासी देवाशीष प्रजापति पुत्र राजेश प्रजापति ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता तथा गांव का नाम रोशन किया है। सोनवानी स्थित राम सिद्ध इंटर कॉलेज के छात्र देवाशीष का सपना सिविल सर्विस में जाने का है। देवाशीष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं अपने शिक्षकों को दिया है। देवाशीष दो भाइयों में छोटा है। बड़ा भाई देवांश भारतीय नौसेना में है। देवाशीष की सफलता से उसके माता पिता एवं दादा, दादी बहुत खुश है। रामसिद्ध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने फोन कर देवाशीष को उसकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।



**संक्षेप**

### देर रात गरज-तड़क के साथ हुई बूंदाबांदी, मौसम हुआ सुहावना



**गाजीपुर।** जिले में बीते 48 घंटों से मौसम सुहाना बना हुआ है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आसमान में हल्के बादल छाए हैं। इसके साथ ही जगह-जगह बादलों की गर्जना के साथ सोमवार रात नौ बजे से बूंदाबांदी हुई है। देर रात करीब 12 बजे तक बादल जोर-जोर से गरजते रहे। इस बारिश ने एक ओर जहां जिले के अधिकतम तापमान को 3 से 4 डिग्री तक नीचे गिराया। आम जनों को गर्मी से भी काफी राहत मिली है। आज अधिकतम तापमान 36 व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीती रात में हुई बारिश की वजह से अहले सुबह लोगों को हल्की ठंडक महसूस हुई। आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं। वहीं हल्की-हल्की हवा भी चल रही है। गरज तड़क के साथ जमकर बारिश हुई। सुबह छाए बादलों की वजह से रोज की अपेक्षा राहत रही। गर्मी तो थी किंतु सूर्यदेव की प्रखरता से लोगों को सामना नहीं करना पड़ा। देर शाम करीब आधे घंटे हुई झमाझम बारिश ने सभी के चेहरों पर मुस्कान ला दी। पिछले एक माह से भीषण गर्मी से परेशान और 40 डिसे से उपर चल रहा अधिकतम पारा लोगों को बैचेन कर रहा था। अब इस बारिश ने जहां तापमान गिरा दिया है वहीं गर्मी से भी राहत दिलाई है। पिछले दो दिनों में 4 डिसे से अधिक पारा गिर चुका है। माना जा रहा है कि यदि इसी तरह मौसम बना रहा तो पारा और भी नीचे चला जाएगा और दिन के साथ ही रात भी अब ठंडी होगी। हालांकि बारिश के बाद बिजली चली जाने से लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ा। पर लोगों को बारिश की बूंदों का आनंद लेकर बिजली गुल को कुछ देर के लिए भुला दिया। अंदर आने पर जरूर उमस लोगों को बैचैनी करती रही।

### सेहत से खिलवाड़ कर रहे मानक विहीन अस्पताल

**गाजीपुर।** जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के कई अस्पताल, मेडिकल स्टोर्स, पैथालॉजी सेंटर धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ है क्योंकि उसके वरदहस्त व मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है। सूत्रों की माने तो वर्तमान में जिले में सिर्फ चार से पांच ही ऐसे निजी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग में अस्थाई रजिस्ट्रेशन करवा रखा है। इसके अलावा गांव से लेकर शहर तक कुकुरमुत्ते की तरह क्लीनिक, अस्पताल, पैथालाजी सेंटर संचालित हो रहे हैं। और तो और कई ऐसे भी हैं, जो आगे मेडिकल की दुकान चला रहे हैं और पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम संचालित कर रहे हैं। इन अस्पतालों में कोई डिग्री धारक चिकित्सक भी नहीं है लेकिन हर तरह के मरीजों को भर्ती कर उनका आर्थिक शोषण के अलावा जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। छोटे मकानों, दुकानों में चलने वाले अस्पताल मानक से कोसों दूर हैं। इतना ही नहीं इन अस्पतालों के बाहर डॉक्टरों के नाम व डिग्री के लगे बोर्ड मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। बोर्ड देख जब लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं तो बोर्ड पर लिखे डॉक्टर मिलते ही नहीं अब इस तरह के मामले आने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग सख्त कार्रवाई करने का दावा कर रहा है।

### निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिक डाक मतपत्र से कर सकते हैं मतदान

**मऊ।** प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र/बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मऊ ने बताया कि कि नगरीय निकाय पंचायत निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिन सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगी है, जो बूथ पर जाकर वोट नही कर सकते है। एसे कर्मचारियों को डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने की व्यवस्था निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है। ये कर्मचारीगण अपने जनपद स्तरीय विभागाध्यक्ष से या कलेक्ट्रेट स्थित प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र/बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के कक्ष संख्या-57 से इस कार्य हेतु प्रारूप 'क' प्राप्त कर ससमय प्रविष्टी पूर्ण कर अपने निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के यहां प्राप्त करा दे ताकि उन्हें समय से डाक मतपत्र प्राप्त करा दिया जाय।

# नामांकन पत्रों की जांच में अध्यक्ष पद के समस्त नामांकन पाए गए वैध

**चुनाव**

### चिरैयाकोट नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु एक-एक नामांकन निरस्त

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की चुनाव प्रक्रिया में आज नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूर्ण हुई। नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन में अध्यक्ष पद हेतु सभी 11 नामांकन पत्र जांच के उपरांत वैध पाए गए, जबकि वार्ड संख्या 6 से 10 में सदस्य पद हेतु एक नामांकन निरस्त कर दिया गया।

इस प्रकार नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत नगर पालिका परिषद मऊ में अध्यक्ष पद हेतु दाखिल समस्त 11 नामांकन पत्र वैध पाए गए, जबकि सदस्य पद हेतु वार्ड संख्या 1 से 5 में 39, वार्ड संख्या 6 से 10 में 39, वार्ड संख्या 11 से 15 में 39, वार्ड संख्या 16 से 20 में 50, वार्ड संख्या 21 से 25 में 39, वार्ड संख्या 26 से 30 में 26, वार्ड संख्या 31 से 35 में 28, वार्ड संख्या 36 से 40 में 22 एवं वार्ड संख्या 41 से 45 में 34 नामांकन पत्र वैध पाए गए।इस प्रकार नगर पालिका परिषद मऊ के समस्त वार्डों हेतु दाखिल कुल नामांकनो में 316 नामांकन वैध पाए गए।

इसी प्रकार नगर पंचायतों में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के दौरान नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु 1-1 नामांकन निरस्त कर दिया गया। नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद के 15 एवं सदस्य पद हेतु 85, नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद के 8 एवं सदस्य पद के 51, नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद के 18 सदस्य पद के 103, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद के 14 सदस्य पद के 96,नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद के 21 सदस्य पद के 87, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद के 10 सदस्य पद के 55, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद के 7 सदस्य पद के 108, नगर पंचायत वलीदपुर में अध्यक्ष पद के 16 एवं सदस्य पद के 85,नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद के 13 एवं सदस्य पद के 90 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जो जांच के दौरान वैध पाए गए। नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु दाखिल 14 नामांकन पत्रों में एक एवं सदस्य पद हेतु दाखिल 100 नामांकन पत्रों में एक नामांकन पत्र जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया। इस प्रकार समस्त नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 135 तथा सदस्य पद हेतु कुल 859 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह किशोर का किया निरीक्षण

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर के मार्गदर्शन में मंगलवार को अभिनय कुमार मिश्रा अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह किशोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान किशोरों से उनके केस की पैरवी, नाश्ता, भोजन, शिक्षण एवं मनोरंजन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा प्रभारी अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में कुल 105 किशोर मिले, जिसमें जनपद मऊ के 24, आजमगढ 48, बलिया के 28, गोरखपुर के 02, बस्ती के 02 एवं मेरठ के 01 किशोर है। इस दौरान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 और बाल श्रमिकों के रोक-थाम पर विशेष बल, बच्चों के अधिकार, उप्र सीएम बाल सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम व शिक्षा का अधिकार विषयक विधिक जानकारी प्रदान की गयी।

## स्काउट अनुशासनशील होता है : ओमप्रकाश



**दोहरीघाट, मऊ।** स्काउटिंग मानव जाति की सेवा प्रकृति के संरक्षण के लिये स्वैच्छिक आंदोलन है जो देश के प्रति अपने कर्तव्यो को पालन करने का गुर सिखाती है। कस्बे मे स्थित पार्वती महिला पीजी कालेज दोहरीघाट मे सात दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन 56 प्रकार के व्यंजन भोग के साथ सम्पन्न हुआ।

सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे स्काउट गाइड के नियम व कर्तव्य समेत स्काउट चिन्ह प्रार्थना गीत झंडोत्तोलन स्काउट प्रतिज्ञा प्राथमिक उपचार टेण्ट बनाना मार्च पास्ट समाज सेवा मातृ-पितृ एवं गुरू के प्रति अपना कर्तव्य दायित्व के साथ साथ स्वावलम्बी बनने का गुर सिखाया गया स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कालेज के चेयरमैन लालबिहारी द्विवेदी ने बताया कि अनुशासन का पाठ पढ़ाता है स्काउट गाइड जो मन मष्तिष्क के साथ साथ संस्कार व संवाद को भी शालिनता प्रदान करता है।

प्रशिक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि भारत स्काउट दल हर चुनौतियो का सामना करने मे सक्षम हो देश की आन बान शान के लिये यह दल महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है। वही स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन प्रशिक्षु छात्राओ ने 57 प्रकार के व्यंजन बनाकर सबको स्वाद चखाया तथा यह भी सिद्ध किया कि नारी को कोई कमजोर न समझे गृहिणी से लेकर देश की सीमा तक मै दक्ष हूं इसका उदाहरण अपने हुनर से दिखाई गुरूजनो से लेकर आये हुए अतिथियो व्यंजन का स्वाद चखा और सभी प्रशिक्षु छात्राओ को उनके हुनर की दाद दी। मौके पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक लालबिहारी द्विवेदी, प्राचार्या डा रंजना द्विवेदी, आचार्य गण डॉक्टर सुनील त्रिपाठी, अनुपम, डा दुर्गेश मिश्रा, डा बिपिन बिहारी द्विवेदी, अनिरुद्ध द्विवेदी, रत्ना, वंदना, अंकिता तिवारी, ममता जयसवाल, विन्ध्यवासिनी सिंह, अंकिता दीक्षित, हर्षिता पाण्डेय, सुधा गुप्ता, जागृति, नेहा गुप्ता, पूनम यादव, तन्नू कन्नौजिया, रश्मि गुप्ता, बैशाली गुप्ता, शालिनी पाण्डेय रहे।

**संक्षेप**

### किसानों को भूसा दान देने को करें प्रोत्साहित : डीएम रवीन्द्र कुमार



**डीएम ने किया वृद्द गौ संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण**

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मनियर स्थित जिगिरीसण्ड बृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधानों द्वारा गौ संरक्षण केंद्र को दिए गए 72 कुंतल भूसों के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि आप लोग इसी तरह कार्य करते रहें। अपने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी गौ संरक्षण केंद्रों को भूसा दान देने के लिए प्रोत्साहित करें। जिलाधिकारी ने इसके अतिरिक्त गौ संरक्षण केंद्र पर कम्पोजिट खाद बनाए जाने के तरीके को भी देखा। उन्होंने मशीन से गोबर की लाट बनाए जाने वाली उपकरण को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में कहीं भी पशु आवारा घूमते हुए नहीं मिलने चाहिए। अगर ऐसे पशु मिलते हैं तो उन्हें गौ आश्रय स्थलों में संरक्षण दिया जाए। उनके खाने-पीने और सेड की व्यवस्था की जाए। कहा कि गौ आश्रय स्थल पर रहने वाले पशुओं की चिकित्सकीय जांच समय-समय पर कराई जाए। यदि कोई पशु रोगी पाया जाता है तो उसका इलाज कराया जाए। गोआश्रय स्थल पर कुल 220 गोवंश पशु उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के आह्वान पर विकास खंड रसड़ा के ग्राम पंचायत नागपुर में भी ग्राम प्रधानों ने 50 कुंतल भूसा गौ संरक्षण केंद्र को दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, खंड विकास अधिकारी इरशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

### पांच खड़े ट्रकों को जांच के बाद किया गया सीज

**बांसडीह।** बांसडीह मनियर मार्ग पर जानपुर-पुलिया के पास बेतरतीब खड़े बालू खड़े ट्रक को देखकर मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे परिवहन राज्यमंत्री की नजर पड़ी तो तत्काल मौके पर मनियर थानाध्यक्ष को बुलाकर जांच करते हुए कार्रवाई करने को निर्देशित किया। सूचना के बाद तत्काल मौके पर मनियर व बांसडीह की फोर्स पहुंची और खड़े पांच ट्रकों को जांच करते हुए मौके पर सीज कर संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मनियर से एक जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान नरायनपुर हालपुर मार्ग के पास मंत्री ने सड़क किनारे लाइन लगाकर खड़ी ट्रकों की कतार देखी। इसके बाद वहां मनियर एसओ को बुलाया गया, जिसने आकर मंत्री को बताया कि यह स्थान बांसडीह कोतवाली में है, मंत्री ने मनियर एसओ को इसपर कार्रवाई करने के निर्देश दिए और चले गए। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि परिवहन मंत्री की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पांच बालू लदी ट्रकों को सीज किया गया है। एआरटीओ एवं खनन विभाग को मौके पर बुलाया गया, जहां वाहनों की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### जांच के बाद अध्यक्ष व सदस्य के सभी नामांकन पाये गये सही

**बांसडीह।** निकाय चुनाव को लेकर तहसील में मंगलवार को चार नगर पंचायत बांसडीह, रेवती, सहतवार व मनियर में अध्यक्ष व सदस्य पद के दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच की गई। चारों नगर पंचायत में जांच के बाद अध्यक्ष व सदस्य के सभी नामांकन सही पाये गये हैं। जांच के बाद अध्यक्ष पद के बांसडीह मे 14, रेवती में 15, सहतवार में 11 मनियर में 7 प्रत्याशी मैदान में हैं। 27 अप्रैल को नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की सही तस्वीर सामने आयेगी।

# यूपी बोर्ड : बेटियों ने फिर भरी उड़ान

## हाईस्कूल इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा का परिणाम काफी अच्छा रहा। परीक्षा परिणाम में बेटियों ने अपना दबदबा बनाए रखा। परीक्षा परिणाम देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा परिणाम को लेकर परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। सबसे पहले हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम आया। दोपहर बाद जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ परीक्षार्थी मोबाइल पर अपना परीक्षा परिणाम देखने में जुट गए।

परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनके परिवारों में भी खुशियां छा गई। वहीं असफल होने वाले परीक्षार्थी मायूस हो गए। परीक्षार्थियों में अपने सहपाठियों के परीक्षाफल जानने के


सम्मनपुर नेवादा में हाईस्कूल में अव्वल आने पर माता-पिता के साथ खुशी जायसवाल।

लिए भी काफी उत्सुकता देखी गई। पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी की इंटरमीडिएट की छात्रा ज्योति यादव ने यूपी बोर्ड एग्जाम में 96.6 प्रतिशत नंबर हासिल करते हुए यूपी टॉप टेन की सूची में पांचवां स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्रिंसिपल नीरज कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र के ओड़राई गांव की रहने वाली ज्योति यादव ने 500 नंबर में 483 अंक हासिल करते यूपी टॉपटेन की सूची में जगह बनाई है। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के ओडराई गांव की रहने वाली ज्योति यादव के पिता नंद लाल यादव गुजरात में प्राइवेट जॉब करते हैं। माता रूबी यादव घरेलू महिला हैं,


दानिश अंसारी।

जबकि ज्योति का छोटा भाई अमन हाई स्कूल का छात्र है और सबसे छोटी बहन जया आठवीं की छात्रा है। ज्योति यादव वाराणसी में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज से श्वेता तिवारी और स्वामी आत्मानंद इंटर कॉलेज टोडरपुर के दानिश अंसारी भी टॉपर्स रहे। आदर्श बौद्ध इंटर कालेज छावनी लाइन की छात्रा स्मृति विश्वकर्मा पुत्री अजय विश्वकर्मा निवासी कलौता, छावनी लाइन ने हाईस्कूल के परिणाम मे पूर्णांक 600 मे से 580 अंक अर्जित कर जिले में विद्यालय और परिवार का नाम रौशन किया है। आँचल तिवारी पुत्री आशीष कुमार तिवारी हाई स्कूल 92% जय स्व.अम्बिका सिंह इ.का.सुभाखरपुर, अर्पिता यादव पुत्री वकील यादव इण्टरमीडिएट परीक्षा 92.2% जय स्व.अम्बिका सिंह इ.का.सुभाखरपुर रहीं। आदर्श बौद्ध इंटर कालेज छावनी लाइन की छात्रा स्मृति विश्वकर्मा पुत्री अजय विश्वकर्मा निवासी कलौता, छावनी लाइन ने हाईस्कूल के परिणाम मे पूर्णांक 600 मे से 580 अंक अर्जित कर जिले मे विद्यालय और परिवार का नाम रौशन किया है।

### छात्रों ने मत्था टेककर आशीर्वाद लिया

बोर्ड परीक्षा का नतीजा आने के बाद जहां अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्राएं दिखे वहीं जिनको सफलता नहीं मिल पाई उनके चेहरे मुरझाए रहे। परिणाम देखने के बाद कई छात्रों ने आसपास के मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन कर प्रसाद चढ़ाया। भविष्य में और बेहतर करने की कामना की। वहां से लौटने के बाद कुछ छात्रों ने अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट में जाकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। बच्चों की कामयाबी से प्रसन्नचित परिजनों ने भी घर आने वाले लोगों का मुंह मीठा कराकर अपनी खुशी का इजहार किया।

### मेधावियों के घर रहा जश्न का माहौल

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। नतीजे आते ही सफल परीक्षार्थी खुशी झूम उठे। अच्छा अंक प्राप्त करने पर परिजनों ने खुशी का इजहार करते हुए एक- दूसरे को मिठाई खिलाई। विद्यार्थियों के घर जश्न का माहौल रहा। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट अंक हासिल करने मेधावियों को उनके माता-पिता ने मुंह मीठा कराया।

### सुबह से ही छात्रों में थी उत्सुकता

हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के नतीजे को लेकर छात्रों में पिछले कई दिनों से उत्सुकता बनी हुई थी। मंगलवार को परिणाम की घोषणा होने की तिथि घोषित होते ही छात्रों के दिल की धड़कन तेज हो गई थी। निर्धारित समय करीब आता गया तो उनकी बेचैनी बढ़ती गई। दोपहर बाद परिणाम आते ही मोबाइल, लैपटॉप पर जानकारी ली।

## खुशी जायसवाल ने जिले का नाम किया रोशन

**देवकली।** हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा में देवकली ब्लाक के सम्मनपुर नेवादा ग्राम की रहने वाली खुशी जायसवाल पुत्री बालेश्वर जायसवाल ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम तथा प्रदेश की मेरिट में छठां स्थान प्राप्त कर देवकली ब्लाक सहित पूरे जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया है। पिता बालेश्वर जायसवाल सैदपुर में एक दुकान पर नौकरी करके किसी तरह परिवार का गुजर बसर करते है। खुशी हनुमान सिंह इण्टर कालेज देवकली की छात्र है तथा छोटी बहन अंजली जायसवाल भी इसी कालेज में कक्षा 9 की छात्र है। सफलता का अपने पिता बालेश्वर व माता प्रतिभा जायसवाल को देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर बनने की है। खुशी की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. दिनेश कुमार श्रीवास्तव,प्रबंधक डा. राजेंन्द्र प्रताप सिंह,व्यवस्थापक राजेश सिंह यादव, प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह यादव,पूर्व एमएलसी विजय यादव ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## दानिश अंसारी ने जिले के टॉपटेन में बनायी जगह

**भांवरकोल।** क्षेत्र के ठेठ देहातीगांव पलिया बुजुर्ग की गलियों में जीने वाले स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर का कक्षा 12 विज्ञान वर्ग का छात्र दानिश अंसारी पुत्र अब्दुल हक अंसारी ने परीक्षा में 479/500अर्थात 95.88प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रदेश के टापटेन की सूची में नौवां स्थान लाकर माता-पिता, गुरुजनों , कालेज और जिले का नाम रौशन किया है।

# मतदान स्थल पर अभिकर्ता मतदाता नहीं ले जायेंगे मोबाइल

**गाजीपुर।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पं. एवं न.नि) ने बताया जनपद में नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन, 2022 के दृष्टिगत मतदान दिवसों पर उम्मीदवारों, उनके अभिकर्ताओं और मतदाताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश निषेध रहेगा। मतगणना की पूरी अवधि के दौरान उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतगणना स्थल पर भी प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर लगे कार्मिकों पर लागू नहीं होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

### निकाय चुनाव के लिए जगदीश प्रसाद होंगे प्रेक्षक

**गाजीपुर।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पं. एवं न.नि) ने बताया है कि मनोज कुमार राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जगदीश प्रसाद, सचिव, सूचना आयोग को जनपद के नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में प्रथम चरण के मतदान एवं मतगणना को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रेक्षक के पद पर तैनात किया गया है। जनपद का मतदान चार मई को एवं मतगणना 13 मई को सम्पन्न करायी जाएगी।सम्बन्धित अधिकारी मतदान हेतु 29 अप्रैल को सायंकाल तक जनपद मुख्यालय पर पहुँचेंगे।

### निकाय चुनाव पर अर्द्धसैनिक बल की रहेगी निगरानी

**गाजीपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि) आर्यका अखौरी ने बताया है कि निकाय चुनाव को लेकर केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल (एक कम्पनी) के आवासीय व्यवस्थापन हेतु आदर्श बौद्ध इण्टर कालेज छावनी लाईन एवं आर्यन पब्लिक स्कूल प्रकाश नगर को 25 अप्रैल से पांच मई के लिए आधिग्रहित किया जाता है।

### छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में अव्वल आएं विद्यार्थियों का सम्मान

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2022-23 में जनपद को आवंटित 184 सीटों के सापेक्ष शत-प्रतिशत परिषदीय बच्चों ने सफलता प्राप्त कर जनपद के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उक्त परीक्षा में सफल हुए समस्त परिषदीय बच्चों को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मान सामारोह आयोजित किया गया।

उक्त परीक्षा में शाइना खान उ.प्रा.वि. शक्करपुर मु.बाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। विकास खंडवार प्रदर्शन में शिक्षा क्षेत्र सैदपुर, मु.बाद एवं देवकली ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में सफल हुए समस्त छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चो को पुरूस्कृत कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा भी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# 25 लाख रुपये से अधिक खर्च नहीं करेंगे प्रत्याशी : डीएम

### मतदान के दिन बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित, होगी कार्रवाई


जंगीपुर थाना पर प्रत्याशियों के साथ बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने विधानसभा जंगीपुर के नगर पालिका जंगीपुर में जंगीपुर थाना में लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक ली। बैठक में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जितने भी प्रत्याशी चुनाव में लड़ रहे है वे निर्वाचन आयोग के गाईड लाइन के अनुरूप ही कार्य करेंगे चुनान के दौरान 25 लाख ही प्रत्याशी खर्च कर सकता है उससे ज्यादा खर्च नही करेंगे, कही पर शिकायत ज्यादा पैसे खर्च करने पर जाती है तो तत्काल कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने उपस्थित प्रत्याशियों को निर्देशित किया है कि कोई भी प्रत्याशी न ही शराब व साड़ी एवं वोट देने के नाम पर धन का लालच देता है तो ऐसी दशा में सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि चुनाव पड़ने वाले स्थलों पर 100 मीटर के दायरे में काई वाहन नही रहेगा, न ही मोबाईल फोन एवं तरल पदार्थ लेकर मतदान स्थल तक जायेगा तथा चुनाव स्थल के आस पास घरो में केवल घर के सदस्य ही रहेगे कोई बाहरी व्यक्त एवं रिस्तेदार नही रहे, वोट डालने वाले व्यक्ति अपना ओरिजनल आधार कार्ड एवं निर्वाचन कार्ड ही लेकर जायेगे किसी अन्य व्यक्ति का आधार नही लेकर जायेगे ऐसे दशा में किसी भी तरह का फर्जी पाये जाने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं शहरी, क्षेत्राधिकारी जंगीपुर/पुलिस विभाग के बल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### खसरा टीकाकरण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक



**सेवराई।** स्थानीय तहसील के भदौरा ब्लाक के उसिया, व बारा गांव के बच्चों में होने वाली जानलेवा खसरा के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आते हुए मंगलवार को लोगों को खसरा के टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता बैठक आहूत की गई । बैठक में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों का खसरा का टीकाकरण अवश्य करा लें । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अधीक्षक चिकित्साधिकारी डॉ धनंजय आनंद ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को खसरा का टीकाकरण कराना अति आवश्यक है । खसरा बच्चों के लिए एक खतरनाक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए एकमात्र टीकाकरण ही उपाय है । उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 27 अप्रैल गुरुवार को उसिया गांव में टीकाकरण किया जायेगा । वही बारा गांव में 28 अप्रैल दिन शुक्रवार को अभियान चलाकर सभी नौ माह से पांच वर्ष के बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा । जिसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है ।गांव में एक भी बच्चा छूटने न पाये, इसका ख्याल रखना सभी को जरूरी है। इस मौके पर प्रधान शम्स तबरेज, सीएचसी भदौरा के अधीक्षक चिकित्साधिकारी डॉ धनंजय आनंद के अलावा डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर ,बीसीपीएम, बीपीएम, आशा, आंगनबाड़ी, कोटेदार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### प्रत्याशी चुनाव आयोग के गाइडलाइन का करें पालन

**दिलदारनगर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने नगर पंचायत दिलदारनगर में लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक ली। बैठक में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जितने भी प्रत्याशी चुनाव में लड़ रहे है वे निर्वाचन आयोग के गाईड लाइन के अनुरूप ही कार्य करेंगे और धन का खर्च एक दिन में जितनी लिमिट है उतना ही खर्च करेंगे उससे ज्यादा खर्च नही करेंगे, न ही अगले दिन खर्च किया जायेगा। उन्होंने जनपद के समस्त नगर पालिका एवं पंचायत एवं जनपद वासियों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की गलत सूचना नही देगे ऐसी स्थिति में गलत सूचना फैलाने एवं देने वालो पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि कोई भी शिकायत दर्ज कराता है या फोन के माध्यम से सूचना देता है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारण करायी जाय। किसी भी प्रकार की समस्या पर कन्ट्रोल रूम -0548-2221303, 2226100 एवं मोबाईल नम्बर-9555050448 तत्काल सूचना प्राप्त करा सकते है। उसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिका दिलदारनगर में रूट मार्च कर आमजनमान से मुलाकात की और उनसे चुनाव का हाल जाना और पूछा की चुनाव में किसी प्रकार की गड़बडी तो नही हो रही है तो इसपर आमजन ने संतोष जनक बताया। साथ ही उन्होने वोटरो से अपील किया कि 04 मई 2023 को प्रातः 7.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा वोटर अपने सुविधानुसार किसी भी समय निर्धारित अवधि के अन्दर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सेवराई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी जमानियाॅ/पुलिस विभाग के बल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बाइक पलटने से युवक घायल

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के तेतरिया मोड़ के समीप बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर पलट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक दीपक पाण्डेय ( 24)थाना क्षेत्र के महेशपुर द्वितीय गांव रहने वाला है। घटना के समय वह अपराह्न में मांचा गांव की ओर से भांवरकोल आ रहा था। इसी बीच वह नेशनल हाईवे के तेतरिया मोड़ के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद भेजवाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने घायल युवक के परिजनों को सूचना दे दी है।

# विद्यालय जाने के लिए पगडंडी एकमात्र सहारा

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंसी का भी नहीं रास्ता


रास्ता विहीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैसी।

**कठवामोड़।** बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के आने जाने के लिए रास्ता का अभाव है। जिससे पंजीकृत छात्रों के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। स्कूल जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण छात्र पगडंडी का सहारा ले रहें है। वहीं रास्ता विवाद के चलते कुछ विद्यालय बंदी के कगार पर है। जबकि सरकार सरकारी विद्यालयों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर है।

मुहम्मदाबाद शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंसी पर जाने के लिए भी रास्ता नहीं है। स्कूल में प्रवेश लिए छात्र पगडंडी का सहारा ले रहें है। वहीं दूर दराज से आने वाले शिक्षक अपने वाहन को स्कूल से काफी दूर खड़ा करते है। इसके बाद वह पगडंडी का सहारा लेते है। उनको आए दिन किसी विवाद को लेकर भय लगा रहता है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंसी में मंगलवार को 31 पंजीकृत छात्रों में 25 उपस्थित थे। वहीं बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय हैंसी के 100 पंजीकृत छात्रों में से मात्र 25 छात्र उपस्थित रहें। वहीं शिक्षकों की बात करें तो प्राथमिक विद्यालय हैंसी के प्रधानाध्यापक विद्यालय से नदारद है। वहीं अन्य तैनात शिक्षक बच्चों के पढ़ाई में लगे रहें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैयद तजमुल्ल हसन ने बताया कि यहां भी स्कूल पर आने जाने के लिए रास्ता नहीं है। बारिश में तो काफी परेशानी होती है। किसानों के मेहरबानी से हम शिक्षक और छात्र पगडंडी के सहारे आते जाते है। बतादें, प्राथमिक विद्यालय हैंसी के प्रवेश और निकास द्वार को गांव के लोगों ने निजी जमीन बताकर दोनो तरफ दीवार खड़ा कर दी है। जिससे स्कूल बंद हो चुका है। प्रवेश लिए छात्रों को पास के ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंसी पर पढ़ाया जा रहा है।

> दोनों विद्यालयों के रास्ते को लेकर उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। बुधवार को राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचकर छात्रों के आने जाने के लिए रास्ते का विकल्प निकालेंगे।
>
> **खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी।**

### गर्मी बढ़ते ही तरबूज की बढ़ी डिमांड

**गाजीपुर।** तरबूज का नाम आते ही लोगों को भीषण गर्मी में भी तरोताजगी दिलाने वाले विशेष फल की याद आ जाती है। गर्मी के इस खास फल ने बाजार में दस्तक दे दी है। भीषण गर्मी से राहत पाने को लोग इसकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मांग अधिक होने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। कई दिनों से भयंकर गर्मी और लू से जनजीवन बेहाल है। सुबह 10 बजते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। यह स्थिति शाम 4 बजे तक चलती है। प्यास बुझाने के लिए लोगों को शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेना पड़ रहा है। तरबूज की बाजार में बिक्री शुरु होने से लोग इसकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। शुक्रवार को लंका के फुटपाथ पर तरबूज बेच रहे दुकानदार अभिषेक ने बताया कि अभी तरबूज गंगा के किनारे और फैजाबाद से बाजार में आया है। डिमांड अधिक होने से अच्छे दाम मिल रहे हैं। करीब 2-3 किलो के तरबूज की कीमत 40-60 रुपये तक है। जानकारों के मुताबिक तेज धूप और तपिश से बचने के लिए इस मौसम में तरबूज और खीरा काफी लाभदायक होते हैं। इसमें मौजूद तत्व न सिर्फ शरीर का तरोताजगी देते हैं बल्कि शरीर में पानी की कमी को दूर करने के साथ ही जरूरी तत्वों की भी पूर्ति करते हैं।

# ट्रैक्टर हटाने को लेकर युवक की जमकर पिटाई, मौत

### मृतक के भाई ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम सलेमपुर में खड़ी ट्रैक्टर को हटाने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान लाठी-डंडे और पत्थर चलाए गए। विवाद का कारण खड़े ट्रैक्टर को हटाने को लेकर था। जिसमें एक युवक को गंभीर चोट आई तथा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सलेमपुर गांव के एक सड़क पर ट्रैक्टर खड़ी थी। जिसे हटाने को लेकर कुछ लोगों ने हल्ला मचाना शुरू किया।

खड़े ट्रैक्टर को हटाने के लिए जब ट्रैक्टर का चालक आया तो तूं तूं मैं मैं होते हुए विवाद बढ़ गया। इसको लेकर विवाद के कारण जमकर मारपीट हुई। जिसमें विजेंद्र सिंह यादव पुत्र शिव मुनि यादव (35) को गहरी चोट आई।परिजनों ने घायल युवक को तत्काल स्थानीय ट्रामा सेंटर पर दिखाया। ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों ने उसकी स्थिति देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहां से उसे वाराणसी रेफर किया गया। बिगड़ती हालत को देखते हुए वाराणसी के चिकित्सकों ने परिजनों को इसे घर ले जाने की सलाह दी। जहां घायल युवक की रात्रि में मृत्यु हो गई। मृतक का भाई जितेंद्र ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी । सूचना पाकर उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव सदल बल घटनास्थल पर रवाना हुए और शव को कब्जे में ले लिया। उपनिरीक्षक ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा भाई द्वारा दो लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर पुलिस दबिश डाल रही है। लेकिन समाचार लिखने तक किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक संघ करेगा आंदोलन

### समस्या

### संगठन के माध्यम से कराएं समस्याओं का समाधान, तभी मिलेगी रिश्वतखोरी से निजात


चौधरी दिनेश चंद्र राय

**गाजीपुर।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि शिक्षक संगठन के माध्यम से ही अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तभी रिश्वतखोरी से निजात मिल सकेगी। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली और वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय के लिए प्रदेश स्तर तक बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

उसके लिए सबसे पहले संगठन को मजबूत करना होगा तभी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। सरकार द्वारा शिक्षकों की उपेक्षा पूर्ण नीति पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही संगठन पुरानी पेंशन की बहाली तथा वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, निशुल्क चिकित्सा सुविधा आदि मांगों को पूरा कराने के लिए शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य है। सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि नई पेंशन के फायदे गिनाकर कर्मचारियों के साथ छलावा किया जा रहा है। सरकार तर्क दे रही है कि पुरानी पेंशन से देश कंगाल हो जाएगा। लेकिन सांसद, विधायक स्वयं पुरानी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है इसे लेकर ही रहेंगे। इसके लिए कुबार्नी देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। पेंशन बहाल नहीं हुई तो 2024 में मोदी सरकार को इसके परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

# कोल्ड स्टोर मालिकों के खिलाफ किसान संघर्ष को तैयार

### किसान संघर्ष समिति और संचालक मंडल का हुआ गठन

### 16 मई को शहीद पार्क मुहम्मदाबाद में आंदोलन की होगी शुरूआत

**गाजीपुर।** कोल्ड स्टोर मालिकों द्वारा किसानों के शोषण का मामला तुल पकड़ने लगा है। किसान अब संघर्ष के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि बिना संघर्ष उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। अधिकारियों की अनदेखी से किसानों के सामने एकमात्र आंदोलन का रास्ता बच रहा है। आंदोलन और समस्याओं के समाधान के लिए किसान संघर्ष समिति और उसके संचालक मंडल का गठन किया गया। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के बैजलपुर स्थित एक मैरेज हाल में किसानों ने बैठक किया। किसानों ने कहा कि शीतगृहों में भंडारित आलू का किराया प्रतिवर्ष मनमाने तौर पर बढ़ा दिया जा रहा है। इसमें जिला प्रशासन और सरकार की मौन सहमति है, जिससे हमारा आर्थिक शोषण हो रहा है। यह तो तात्कालिक कारण है। इसके अतिरिक्त भी संगठन न होने के कारण धान,गेहूं के विक्रय के वक्त भी शोषण होता है। अब यह संघर्ष अनवरत किसानों के हर मुद्दे पर चलता रहेगा। जब जरूरत होती है तब किसानों को डीएपी, यूरिया ब्लैक मार्केटिंग से खरीदना पड़ता है। जब भी किसानों का उत्पीड़न होता है संगठन की कमी महसूस होती । किसान संघर्ष समिति अब हमारी समस्याओं के लिए आंदोलन का प्रतिनिधि संगठन होगा।

किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यथाशीघ्र आलू भंडारण में प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित किराए से अधिक किराया वसूली पर प्रशासन ने रोक नहीं लगाया तो 16मई को शहीद पार्क मुहम्मदाबाद में धरना देकर आंदोलन की शुरूआत होगी। बैठक में रामबचन राय, मनोज राय डब्लू, सुरेश प्रधान, अभय कुमार राय, अशोक कुमार तिवारी, मृत्युंजय राय, इंद्रासन राय, सुजीत कुशवाहा, प्रेमनाथ गुप्ता, दीपक शर्मा, रामजी राय, विजय यादव, देवेंद्र राय, सोनू राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता दया शंकर तिवारी तथा संचालन अविनाश प्रधान ने किया।

### किसानों से हो रही अवैध वसूली

जिले में आलू भंडारण के लिए 38 कोल्ड स्टोर संचालित है। जहां सरकार द्वारा निर्धारित किराया से अधिक किसानों से वसूली हो रही है। किसानों के मुताबिक काफी समय से अवैध वसूली हो रही है। एक सप्ताह पूर्व आलू उत्पादकों ने मुहम्मदाबाद एसडीएम को पत्रक सौंप कर कोल्ड स्टोर मालिकों पर अवैध वसूली का आरोप लगाया था। बताया था कि इस वर्ष सरकार से 230 रुपया प्रति कुंतल किराया निर्धारित है। परन्तु शीत गृह संचालक किसानों से 270 रुपये प्रति कुंतल किराया वसूली की बात कर रहे है। इस तरह से प्रति कुंतल 60 रुपया अवैध रूप से किसानों से वसूल रहे है।

> किसानों की समस्या को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में 26 अप्रैल को बैठक होगी। जिसमें कोल्ड स्टोर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सिंह, पूर्वांचल कोल्ड स्टोर के मालिक शशिकान्त कुशवाहा, किसान सुरेश सिंह, किसान रमेश सिंह यादव एवं दो बिजली विभाग के अभियंता शामिल रहेंगे।
>
> **जिला उद्यान अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र दुबे**

# गति शक्ति प्रबंधन ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण


स्टेशन का निरीक्षण करते गतिशक्ति के प्रोजेक्ट मैनेजर सुशील कुमार।

**दिलदारनगर।** दानापुर मंडल के गति शक्ति प्रोजेक्ट प्रबन्धक सुशील कुमार के नेतृत्व टीम के साथ मंगलवार की देर शाम गरुण स्पेशल ट्रेन से 5 बजे दिलदारनगर स्टेशन पर पहुँच कर एक घंटे तक निरीक्षण किए। इसके बाद भदौरा होते हुए आगे की ओर रवाना हो गए।दिलदारनगर निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म न 5 से सीधे बाहर निकलने और उसके पीछे रेल कालोनी से होते हुए बाजार रेल फाटक तक जाने के लिए सम्पर्क मार्ग बनाने व पुराना रेल पुल के समानांतर ताड़ीघाट ब्रांच लाइन तक रेल पुल बनाने का प्रस्ताव को देखा। इसके बाद ताड़ीघाट ब्रांच लाइन के तरफ एक नया प्लेटफार्म और प्लेटफार्म चार को विस्तार करने के लिए 24 कोच प्लेटफार्म की व्यवस्था के विषय मे जानकारी लेकर अधिकारियो से विचार विमर्श कर विभागीय अधिकारियों को तत्काल इस कार्य को शुरू करने का निर्देश दिया। निरीक्षक के उपरांत प्रोजेक्ट प्रबन्धक ने दिलदारनगर स्टेशन के समुचित विकाश के विषय मे लोगो से कमेटी बनाकर आवश्यक सुझाव का एक प्रस्ताव बना कर मण्डल कार्यालय भेजने के लिए कहा। प्रोजेक्ट मैनेजर ने आगे बताया कि गाजीपुर से तारीघाट रेल लाइन से जुटने से दिलदारनगर स्टेशन महत्वपूर्ण स्टेशन में सुमार हो जाएगा।

इस मौके पर वरीय मंडल वाडीजय प्रबंधक सरस्वती चन्द,प्रॉजेक्ट इंजीनयर प्रतीक रस्तोगी, बक्सर के सहायक कार्य निरीक्षक केवी तिवारी,आरपीएफ निरीक्षक बाल गंगाधर,स्टेशन उप प्रबन्धक शुभाष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# शंकराचार्य ने की थी हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना

मुनीष त्रिपाठी



जो कार्य सैकड़ो राजा मिलकर भी हजारों सालों में भी नही कर सकते थे वह कार्य आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के जीवन में ही कर दिखाया । उन्होंने न केवल विस्मृत हो रहे हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना की बल्कि भारतीय जनमानस को बौद्धों के प्रभाव से मुक्त कराया । आज जो रूप हिंदू धर्म का है वह शंकराचार्य के ही दर्शन पर आधारित है। चार मठों, अखाड़ों की स्थापना करके हिंदू धर्म को अनन्त काल के लिये संगठित, सुव्यवस्थित कर दिया। बहुत कम लोग जानते है कि एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय ने शंकराचार्य के जीवन पर 'आदि गुरु श्री शंकराचार्य' नामक पुस्तक भी लिखी । कैसे उन्होंने पाटलिपुत्र के महाविद्वान मंडन मिश्र को शास्त्रार्थ में पराजित कर अपना शिष्य बनाया और फिर इसी शिष्य का नाम सुरेशाचार्य रखकर श्रृंगेरी पीठ का पहला शंकराचार्य नियुक्त किया। दीनदयाल जी की इस पुस्तक में इसका वर्णन विस्तार से किया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य का जन्म केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण दंपत्ति शिवगुरु नामपुद्रि और आर्यम्बा देवी के घर 788 ईसवी में भगवान शिव की कृपा से हुआ था। परन्तु धर्मिक मान्यता के अनुसार इनका जन्म 508 ईसा पूर्व माना जाता है। इस संबंध में कथा मिलती है कि शिवगुरु ने अपनी पत्नी के साथ पुत्र प्राप्ति के लिए शिवजी की आराधना की। इसके बाद शिवजी ने प्रसन्न होकर उन्हें एक पुत्र का वरदान दिया लेकिन यह शर्त रखी कि पुत्र सर्वज्ञ होगा तो अल्पायु होगा। यदि दीघार्यु पुत्र की कामना है तो वह सर्वज्ञ नहीं होगा। इसपर शिवगुरु ने अल्पायु सर्वज्ञ पुत्र का वरदान मांगा। इसके बाद भगवान भोलेनाथ ने स्वयं ही उनके घर पर जन्म लेने का वरदान दिया। इस तरह वैशाख शुक्ल पंचमी के दिन आदि गुरु का जन्म हुआ और उनका नाम शंकर रखा गया।

शंकराचार्य जी की मां को स्नान के लिए पूर्णा नदी तक जाना पड़ता था, वह गांव से बहुत दूर बहती थी। लेकिन शंकराचार्यजी की मातृ भक्ति को देखकर नदी ने भी अपना रुख उनके गांव कालड़ी की ओर मोड़ दिया। कथा मिलती है कि एक दिन शंकराचार्य ने अपनी मां से संन्यास लेने की बात कही।

बहुत ही कम उम्र में सिर से पिता का साया उठ गया। इसके बाद मां आर्यम्बा देवी ने शंकराचार्य को वेदों का अध्ययन करने के लिए गुरुकुल भेज दिया। गुरुजन इनके विलक्षण ज्ञान से चकित थे। शंकराचार्य को पहले से ही वेद, पुराण, उपनिषद्, रामायण, महाभारत सहित सभी धर्मग्रंथ कंठस्थ थे। शंकर ने भगवतगीता ,10 प्रमुख उपनिषदों पर टीका और ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखा। उन्होंने अद्वैत मत का प्रतिपादन किया। बाद में स्वामी विवेकानंद ने शंकराचार्य के दर्शन के आधार पर वर्तमान परिस्थिति के आधार पर वेदांत की अद्वितीय व्याख्या की। विवेकानंद ने कहा था कि शंकराचार्य जैसी प्रखर ज्ञान वाला व्यक्ति हजारों सालों के में भी पैदा नही हुआ । किवदंती के अनुसार शंकराचार्य जी अपनी मां की इतनी सेवा और सम्मान करते थे कि उनके गांव से दूर बहने वाली नदी को भी अपनी दिशा मोड़नी पड़ी। कथा मिलती है कि शंकराचार्य जी की मां को स्नान के लिए पूर्णा नदी तक जाना पड़ता था, वह गांव से बहुत दूर बहती थी। लेकिन शंकराचार्यजी की मातृ भक्ति को देखकर नदी ने भी अपना रुख उनके गांव कालड़ी की ओर मोड़ दिया। कथा मिलती है कि एक दिन शंकराचार्य ने अपनी मां से संन्यास लेने की बात कही। एक मात्र पुत्र के संन्यासी बनने पर वह सहमत नहीं हुई। इसके बाद शंकराचार्यजी ने उनसे नारद मुनि के संन्यास जीवन में प्रवेश लेने की घटना का उदाहरण दिया कि किस तरह से वह संन्यासी बनने चाहते थे लेकिन उनकी मां ने आज्ञा नहीं दी। एक दिन सर्पदंश से उनकी मां का देहावसान हो गया। इसके बाद परिस्थितियों के चलते नारद मुनि संन्यासी बन गए। इसपर आर्यम्बा देवी को काफी दुःख हुआ। लेकिन शंकराचार्य ने कहा कि उनपर तो सदैव ही मातृछाया रहेगी। साथ ही उन्होंने अपनी मां को यह वचन दिया कि वह जीवन के अंतिम समय में उनके ही साथ रहेंगे। साथ ही उनका दाह-संस्कार भी स्वयं ही करेंगे। इस तरह उन्हें संन्यासी बनने की आज्ञा मिली और वह संन्यासी जीवन में आगे बढ़ गए। एक अन्य कथा मिलती है कि एक बार नदी में मगरमच्छ ने उनके पांव पकड़ लिए। इसपर उन्होंने अपनी मां से कहा कि मुझे संन्यासी जीवन में प्रवेश करने की आज्ञा दीजिए तभी यह मेरे पैर छोड़ेगा। बेटे के प्राण संकट में जानकर मां ने संन्यास की आज्ञा दे दी। मगरमच्छ ने शंकराचार्य के पैर छोड़ दिए। मां को दिए वचन के मुताबिक जब शंकराचार्य को अपनी मां के अंतिम समय का आभास हुआ तो वह अपने गांव पहुंच गए। मां ने उन्हें देखकर अंतिम सांस ली। इसके बाद जब दाह-संस्कार की बात आई तो सभी ने उनका यह कहकर विरोध किया कि वह तो संन्यासी हैं और वह ऐसा नहीं कर सकते। इसपर शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने जब अपनी मां को वचन दिया था तब वह संन्यासी नहीं थे। सभी के भारी विरोध करने के बाद भी उन्होंने अपनी मां का दाह-संस्कार किया। लेकिन किसी ने उनका साथ नहीं दिया। शंकराचार्य ने घर के सामने ही मां की चिता सजाई और अंतिम क्रिया की। शंकर ने अपने कर्म से बताया कि कोई भी परंपरा कितनी भी पुरानी क्यों न हो परन्तु उसका पालन देशकाल, परिस्थिति और मानव कल्याण के लिये ही होना चाहिए। इसके बाद यह परंपरा ही बन गई आज भी केरल के कालड़ी में घर के सामने ही दाह-संस्कार किया जाता है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 9412615163)**

## एक और नाम

अरे ओ तानाशाह!
तुम्हारे हठ के कारण
कथा-कहानियों सा खूबसूरत
एक देश
आज धधक रहा है
आग की लपटों में
जल रही हैं वहां
इस धरती की सबसे
खूबसूरत स्त्रियां
और कोखें उनकीं
धरती का वीभत्स रूप
देख रहीं हैं
नौनिहालों की निर्मल आंखें
मानवता दम तोड़ रही है
और तुम महाश्मशान
में अट्टहास कर रहे हो

ओ तानाशाह!
खून से रक्त रंजित
तुम्हारी इन हथेलियों को
वोल्गा नदी का
पवित्र जल भी
कभी धो नहीं पायेगा
और इतिहास के काले पन्नों में
रक्त की बूंदों से
खुदा होगा
तानाशाहों की
फेहरिस्त में
एक और नाम.

**- एम जोशी हिमानी**



**मो. 8174824292**

# महामना के शिष्य गंगारत्न पाण्डेय

स्मरण

भारतेंदु मिश्र




महामना मालवीय जी के शिष्य गंगारत्न पाण्डेय जी से मेरी मुलाकात 1982 में हुई । वे केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय दिल्ली के उपनिदेशक पद से सेवामुक्त होकर लखनऊ पहुंचे थे ।उनका जन्म उन्नाव के पड़री नामक गांव में 27 अप्रैल 1918को हुआ थो लंबी आयु पाकर 2015 में उनका देहांत हुआ ।हमारे मित्र स्व.उमेशचंद्र पाठक के वे फूफा जी थे । उनदिनों उत्तर प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में उनका लिखा खंडकाव्य 'मेवाड़ मुकुट' प्रदेश के कुछ जनपदों में लगा हुआ था तो इस कारण लाखों विद्यार्थी और हिन्दी के शिक्षक उनसे सीधे परिचित थे । मैं भी तब 'मेवाड़ मुकुट' के अतिरिक्त उनके बारे में अधिक न जानता था लेकिन उनकी सहजता ने मुझे जोड़ लियो दिल्ली से आकर उन्होंने राजाजी पुरम में अपना आवास बनाया था, तब उनके पास चेतक स्कूटर था जिससे वे लखनऊ में विचरण करते थे । उनके दोनों बेटे और एक बेटी सभी बारी बारी अमेरिका की नागरिकता लेकर वहां व्यवस्थित हो गए थे । पाण्डेय जी सपत्नीक दिल्ली छोड़कर लखनऊ में रहने लगे।? बच्चों के पास उनका आना जाना साल दो साल पर होता रहता, कुछ दिनों के लिए अमेरिका जाते लेकिन उनका मन वहां न लगता था । अमेरिका यात्रा से लौटने पर हम लोग उनसे यात्रा वृत्तांत सुनते थे। सुकरात पर उपन्यास लिखने से पूर्व उन्होंने कई देशों की यात्रा भी की थी। पाण्डेय जी जितने उदार और सहज थे उससे भी अधिक उदार और ममतामयी उनकी पत्नी श्रीमती जगरानी देवी जी थीं।? जब कभी उनके घर गया उन्होंने बिना कुछ खाए पिए नही आने दिया । घर में पाण्डेय जी के न होने पर जब बाहर से हम वापस आने लगते तो वो कहतीं - 'पाण्डेय जी नहीं है तो क्या बाहर से ही चले जाओगे ? क्या हम कुछ नही हैं ? मेरे पास बैठो.. बताओ तनिक घर परिवार की राजीखुसी बताओ' यहाँ उन्होंने अपनी तरह का एक बड़ा साहित्यिक परिवार बना लिया था।

पाण्डेय जी का कद साढ़े पांच फुट से अधिक था। बंद गले का कोट या धोती कुर्ता पहनते तो उनका व्यक्तित्व और भी भव्य लगने लगता । विचारों से वे प्रगतिशील राष्ट्रवादी और एकात्म संस्कृति के समर्थक थे। उनके मित्र पड़ोसी प्रफेसर मुजम्मिल जी मेरे अर्थशास्त्र के शिक्षक थे। पाण्डेय जी के घर में एक दफा उन्हें भी कविता सुनाते देखा तो मालूम हुआ कि वे भी लिखते हैं। इसके अलावा लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक ,कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह , सूर्यप्रसाद दीक्षित,चंद्रिका प्रसाद शर्मा,नेत्रपाल सिंह अदि के साथ अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों में भी उनसे मुलाकात होने लगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशरीनाथ त्रिपाठी जी भी कई बार उनकी गृह गोष्ठियों में उपस्थित होते थे ।? उन्ही दिनों पाण्डेय जी ने सात कवियों का एक कविता संग्रह संपादित किया जिसका शीर्षक था 'रंग अपने अपने।' इसकी चर्चा भी हुई थी । इसकी भूमिका प्रसिद्ध नवगीतकार डॉ.शंभुनाथ सिंह जी ने आत्मीय भाव से लिखी थी। पाण्डेय जी ने कई ग्रन्थ लिखे। वे तुलसीदास के अनन्य भक्त थे। कुशल वक्ता और अंगरेजी के अच्छे जानकार तो थे ही।? सन 1985 में जब मैं महमूदाबाद में था तब वहां के मित्रों के सहयोग से अनेक साहित्यिक आयोजन हुए थे। वहां निराला साहित्य परिषद् संस्था थी जिसमें महेंद्र कुमार बाजपेयी सरल, विनोद कुमार,अनिल ज्योति,श्रीप्रकाश,अवधेश गुप्त नमन ,रवि केडिया जैसे कई युवा साथी सक्रिय थे। मैं पहली बार पाण्डेय जी को एक कार्यक्रम में वहां बरबस ले गया । बाद में उन्हें बहुत अच्छा लगा, फिर तो वो कई बार वहां के आयोजनों में गए। वहां उनको सुनने के लिए सभी लालायित रहते थे। ब्लॉक रामपुर मथुरा में राजासाहब की कोठी पर 'तुलसी साहित्य परिषद' नामक संस्था द्वारा एक कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। तब राजा शिवेंद्र प्रताप सिंह जी ने गंगारत्न पाण्डेय जी तथा हम सबको को रामचरितमानस के किष्किन्धा काण्ड की हस्त लिखित पोथी की प्रति दिखाई थी । वहां हनुमान जी की बहुत प्राचीन मूर्ति भी देखी थी। कहा जाता था कि तुलसीदास जी ने यहीं घाघरा ( सरयू) के तट पर रह कर किष्किन्धा काण्ड की रचना की थी और तभी हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित की थी । इसीलिये इस स्थान का नाम रामपुर पड़ा। हालांकि यह तथ्य अभी तक पुरातात्विक रूप से प्रमाणित नही हो सका ।

उन्ही दिनों मैंने उनका एक साक्षात्कार किया था जो सीतापुर के किसी साप्ताहिक अखबार में प्रकाशित हुआ था। सन 1986 में जब मैं उत्तर प्रदेश की नौकरी छोड़कर दिल्ली आने लगा तो उन्होंने अपने परिचित दुबे जी को एक पत्र लिखकर दिया ताकि मुझे असुविधा न हो ।मेरे लिए दिल्ली एकदम अपरिचित शहर था यहाँ मैं सबके लिए अजनबी था। उनके पत्र के कारण मुझे एक सप्ताह निशुल्क भोजन आवास की व्यवस्था हो गयी थी। उसके बाद मैंने अपना किराए का मकान लेकर दुबे जी से विदा ली। तब केवल पत्र का ही सहारा था, दफ्तरों के अलावा घरों में फोन प्रायः नहीं होते थे। बहरहाल मेरा पत्राचार जारी रहा और छठे छमाहें लखनऊ आने जाने पर पाण्डेय जी से मुलाकात होती रही। उन दिनों वे कठोपनिषद के प्रमुख पात्र 'नचिकेता' पर महाकाव्य लिख रहे थे। बाद में सुकरात के जीवन पर आधारित -एक और नीलकंठ शीर्षक आख्यान भी लिखा, तुलसीदास की रचनाओं का संचयन भी प्रकाशित किया था। प्रकाशकों से तंग आकर उन्होंने अपनी पुस्तकें स्वयं ही प्रकाशित की थीं वो कहते थे- 'मैं तो 'अप्प दीपो भव'का अनुगामी हूँ ।' लेकिन उनकी किताबें अधिकाँश लोगों तक पहुँच न सकीं । साहित्यकार जब स्वयं प्रकाशक और विक्रेता बन जाता है तो उसकी रचनाओं का प्रसार बाधित हो जाता है। पुण्य पुराकृत , कायाकंथा- कहानी संग्रह,नए संदर्भों में - कविता संग्रह ,मृगजल- नाटक,कही अनकही -निबंध आदि पुस्तकें अपने समय में चर्चित हुईं देवव्रत उनकी आत्मकथा है। उनके गीत संग्रह की बेहतरीन भूमिका महादेवी जी ने लिखी थी। अपनी किताबें स्वयं प्रकाशित करने की जिद से सबसे अधिक उनकी पत्नी दुखी होती थीं। कईबार प्रूफ और प्रेस के चक्कर में शुगर बढ़ जाती, रक्त चाप बिगड़ जाता था। किताबों की बिक्री की कोई उचित व्यवस्था न हो पायी।कायदे से उनकी समीक्षा भी न हो सकी। उन्होंने निखिल हिन्दी परिषद संस्था बनायी जो बाद में उनके कक्ष तक ही सिमट कर रह गयी ।ऊपरी मंजिल को तो उन्होंने अपनी किताबों का गोदाम ही बना दिया था। व्यावसायिक ढंग से कोई प्रकाशन संस्थान बनता तो शायद और बात होती। सुना है उनके देहांत के बाद वे पुस्तकें अमीरुद्दुला पुस्तकालय को भेंट की गयीं । बेटे उनकी याद में समारोह शुरू कर रहे हैं ।

एक जमाने में जब हिन्दी में सानेट लिखे जा रहे थे तब पाण्डेय जी ने बहुत अच्छे सानेट लिखे थे। त्रिलोचन जी भी उनके सानेट का जिक्र करते थे। अब मैं दिल्ली की भागमभाग में फंस गया था। तब बारह सौ वेतन था और यमुनापार की मलिन बस्ती में तीन सौ रुपए एक कमरे किचन का किराया था। दिल्ली आकर खुश भी था और तमाम कष्ट भी उठा रहा था। किरायेदारी में गिरिस्ती लेकर बार बार कमरा बदलना तो सामान्य बात थी। तब आर्थिक संकट से निपटने के लिए ट्यूशन पढ़ाना,पुस्तक समीक्षा आदि लिखना शुरू किया। अखबार और पैसा देने वाली पत्रिका,अकादमी आदि में कविता पाठ और लेखन के कारण कुछ अतिरिक्त आय होने लगी थी। सन 1991 में मैंने दिल्ली में सादतपुर के निकट चालीस वर्ग गज का टेढा सा टुकड़ा दयाल पुर में खरीदकर उसपर दो कमरे बनवाये थे। मकान मालिक से मुझे आजादी मिली थी। तब त्रिलोचन जी यमुनाविहार में रहते थे,मैं उनसे संपर्क में था। वो मेरे मकान बना लेने से बहुत खुश थे। त्रिलोचन जी मेरा मकान देखने आये उन्हें वह छोटा सा टेढा मकान बहुत पसंद आया।? वो कई बार यमुनाविहार से पैदल सादतपुर आते जाते बीच में मेरे घर हो लेते। पत्नी और बच्चे भी उन्हें पहचान गए थे। एक बार मुझे खोजते हुए गंगारत्न पाण्डेय जी त्रिलोचन जी के आवास पर गए फिर उन्होंने तय किया कि दोनों पैदल ही चलते हैं । यमुनाविहार स्थित त्रिलोचन जी के आवास से मेरा घर तीन किमी.जरूर रहा होगा। गर्मी के दिन थे दोनों मित्रों ने पैदल ही मेरे घर के लिए तान दिया , ऐसे सहज और धुन के पक्के थे वे लोग।



राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा जी लखनऊ में पांडे जी के शिक्षक रह चुके थे। उनका पत्राचार होता था। 'नचिकेता' का लोकार्पण राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ। संयोजक ने सबको वितरित करने हेतु एक फोल्डर मुझे तैयार करने के लिए कहा। मैंने रातदिन एक करेक जल्दबाजी में उसे प्रकाशित करवाया। बाद में उसे किन्ही औपचारिक कारणों से वितरित नही किया गया। आर्थिक और मानसिक क्षति हुई किन्तु किसी से कुछ कहना मुझे ठीक नही लगा। जयशंकर प्रसाद उनके आदर्श थे । पाण्डेय जी प्रसाद की दार्शनिकता से आगे नही बढ़े , हालांकि छायावाद को अस्त हुए पचास वर्ष बीत गए थे। वह गहन भाषा वह दार्शनिक भावबोध बीते जमाने की बात हो चुकी थी। उनकी कहानियाँ निबंध और फुटकर कवितायें मुझे अधिक अच्छी लगती थीं। मेरे मन में उनका आदर कभी कम नही हुआ। नवीन भाई से उनके बारे में लगातार पत्राचार होता रहा, अब तो फोन पर बात होती है। दिल्ली आने के बाद धीरे धीरे मैं उनसे दूर हो गया। लखनऊ जाने पर अक्सर उनसे मिलता अवश्य था। मेरे कारण लखनऊ स्थित मेरे परिजनों का भी उनके घर आना जाना हो गया था। उन्होंने स्वीकार कर लिया था कि उनकी संतानें अमेरिका से लौट कर भारत नहीं आ सकतीं लेकिन उन्हें यहीं अंतिम सांस लेनी है। पति पत्नी दोनों का शरीर अमेरिका की लंबी यात्रा के लिए अशक्त हो चुका था। सन 2014 में उनसे अंतिम बार मुलाकात हुई थी,कुछ दिनों बाद ही वे दिवंगत हो गए।?अब तो उनकी पत्नी भी नहीं रहीं। उनकी सुधि को नमन ।

**(संपर्क- सी-45 /वाई-4, दिलशाद गार्डन, दिल्ली- 110095 फोन-98680313 84)**

साहित्यकार जब स्वयं प्रकाशक और विक्रेता बन जाता है तो उसकी रचनाओं का प्रसार बाधित हो जाता है। पुण्य पुराकृत , कायाकंथा- कहानी संग्रह,नए संदर्भों में - कविता संग्रह ,मृगजल- नाटक,कही अनकही -निबंध आदि पुस्तकें अपने समय में चर्चित हुईं देवव्रत उनकी आत्मकथा है। उनके गीत संग्रह की बेहतरीन भूमिका महादेवी जी ने लिखी थी। अपनी किताबें स्वयं प्रकाशित करने की जिद से सबसे अधिक उनकी पत्नी दुखी होती थीं। कईबार प्रूफ और प्रेस के चक्कर में शुगर बढ़ जाती, रक्त चाप बिगड़ जाता था।

# जम्मू कश्मीर की शांति भंग करने की कोशिशें

प्रसंगवश

राजेश माहेश्वरी



पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक ट्रक पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवान शहीद हो गए। हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद से ही जुड़े एक आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इस खबर के प्रसारित होते ही देश में शोक की लहर दौड़ गई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से आतंकी हमलों में कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद आतंकियों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकी है।

पिछले दो वर्षों की बात करें तो इस अवधि में जम्मू-कश्मीर में 4 बड़े आतंकी हमले हुए हैं। 11 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले के सुरंग कोट तहसील में हुए एक आतंकी हमले में पांच भारतीय सेना के जवानों की शहादत हुई थी। 16 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हुए थे। 11 अगस्त, 2022 को राजौरी के परगल इलाके में आर्मी कैंप में हुए एक आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हुए थे, जबकि इस हमले को अंजाम देने वाले दोनों हमलावर फिदायीन को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। वहीं, 1 जनवरी, 2023 को राजौरी के डांगरी में हुए एक आतंकी हमले में हिंदू समुदाय के 7 लोगों को आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

वास्तव में कभी पुलिस या सेना के जवान तो कभी कस्बों में बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसी वारदातों के जरिये तनाव जारी रखने का षडयंत्र रचा जाता है। लेकिन इससे इतर सेना के काफिलों पर हमला करने की वारदातें भी होती रहती हैं जिनसे ये प्रमाणित होता है कि तमाम चौकसी के बावजूद सीमा पार से आने वाले आतंकी कश्मीर घाटी में घुसने में कामयाब हो जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण गत दिवस राजौरी के पास सेना के एक ट्रक पर हुआ हमला है जिसमें पांच सैनिक मारे गए और अनेक घायल हैं।

यह वारदात कई गंभीर सवाल खड़े करती है। वास्तव में इस वारदात से एक बात स्पष्ट हो गयी कि भले ही पर्यटकों को परेशान न किया जाता हो क्योंकि ऐसा करने से स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ता है, इसीलिये सैन्य ठिकानों के अलावा सेना के काफिलों पर घात लगाकर हमले करने की रणनीति पर अमल हो रहा है। हालांकि सेना काफी सतर्क रहती है लेकिन पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों के छिपने की ऐसी तमाम जगहें होती हैं जहां से वे इस तरह के हमले करने के बाद भाग निकलने में सफल हो जाते हैं। पुंछ में हुआ हादसा भी उसी शैली का लगता है। इससे ये बात भी साबित होती है कि सीमा पार से आने वाले भारत विरोधी तत्वों को घाटी में अभी भी शरण मिलती है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने से उनके आका बौखलाए हुए हैं। उनकी आर्थिक मदद करने वालों पर भी सख्त शिकंजा कसा गया है। बीते कुछ समय से सुरक्षा बल लगातार आतंकवादियों को ढूंढकर मार रहे हैं। सीमा पार से घुसपैठ में भी कमी आई है। इस कारण घाटी में बचे-खुचे अलगाववादी बौखलाहट में हैं। उनको सबसे ज्यादा गुस्सा इस बात पर है कि काफी हद तक आम जनता भी शान्ति के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है। सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों ने घाटी के अलगाववादी नेताओं पर भी शिंकजा कसा है।

आतंकवाद से दिखावटी दूरी बनाये रखते हुए अलगाववाद और पाकिस्तान परस्ती का प्रतीक बन चुकी हुर्रियत कांफ्रेंस की कमर भी टूट चुकी है। उसके नेताओं पर नियन्त्रण लगाये जाने का असर ये हुआ कि सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने और आतंकवादियों के जनाजे में जनसैलाब के उमडने जैसे दृश्य अब नहीं दिखाई देते। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जिस कुशलता से घाटी के जिम्मेदार लोगों से सीधे संवाद का तरीका अपनाया उससे भी माहौल सकारात्मक होने लगा है। पिछले दिनों ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और उसके बेटे की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ये संपत्तियां जम्मू कश्मीर के बडगाम में स्थित हैं। इससे पहले भी एनआईए ने कई आतंकियों के खिलाफ एक्शन लिया है।

आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित कश्मीर घाटी में भी अब इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर अमन बना हुआ है। पत्थरबाजी और बात-बात में सुरक्षा बलों का रास्ता रोकने जैसी घटनाएँ भी अतीत बन गयी हैं। जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान का झंडा फहराते हुए भारत विरोधी नारे लगाता जुलूस भी बरसों से नहीं निकला और न ही श्रीनगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले लाल चौक पर अब कोई तिरंगा उतारने का दुस्साहस कर पा रहा है। हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों की बोलती बंद है।

घाटी में सुरक्षा बलों की चौकसी और सख्ती का लाभ ये हुआ कि घाटी में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये जमीनी सच्चाई है। कश्मीरी युवाओं को काफी हद तक यह बात समझ आने आने लगी है कि उनका भविष्य अलगाववादियों के साथ रहने से अंधकारमय हो जाएगा और जिस बन्दूक को उठाकर वे निर्दोष लोगों की हत्या करेंगे वही एक दिन उनकी मौत का जरिया बनेगी। वहीं आम मानस की सोच में बदलाव से अलगाववादियों के आश्रयस्थल भी लगातार कम होते जा रहे हैं।

वहीं फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की पूरी राजनीति भड़ास व्यक्त करने तक सीमित रह गयी है। घाटी के युवक-युवतियां भी इस बात को समझने लगे हैं कि धारा 370 हटने के पूर्व की स्थिति का वापस आना असम्भव है और उनका भविष्य अलगाववादियों के बहकावे में आकर पत्थरबाजी करने में नहीं अपितु पढ़ लिखकर आगे बढने में है। घाटी में विकास कार्य भी जिस तेजी से चल रहे हैं उसका भी जनमानस पर सकारात्मक असर है। लेकिन ये मानकर बैठ जाना आत्मघाती होगा कि कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रवर्तित अलगाववाद की जड़ें पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं, समझदारी नहीं होगी। असल में, धारा 370 की समाप्ति के बाद भी कश्मीर में एक वर्ग ऐसा हैं जो भारत में रहते हुए भी दिल से भारतीय नहीं है। और यही लोग बीच-बीच में ऐसा कुछ करवा देते हैं जिससे भय का माहौल फिर कायम हो जाए।


पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद ने भी पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया था कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये पंजाब में हथियार भेजे जाते हैं। बीते एक-डेढ़ साल में जिस तरह से खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ीं उनसे ये साफ हो गया कि 370 खत्म होने के बाद से पाकिस्तान ने कश्मीर के समानांतर आतंकवाद के पुराने ठिकाने को आबाद करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है ।गत दिवस राजौरी में सेना के ट्रक पर हुए हमले का भले ही खालिस्तानियों से कोई सम्बन्ध न हो लेकिन उसमें पाकिस्तान की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। सेना का जांच दल घटना के दोषियों का पता लगाने में जुटा है। हो सकता है हमलावर जल्द पकड़ में भी आ जाएं किन्तु यह घटना इस बात की चेतावनी है कि घाटी को आतंकवाद मुक्त मान लेना आत्मघाती होगा। ये भी कहा जा रहा है कि कश्मीर घाटी में जी-20 की बैठक न होने पाए इसलिए पाकिस्तान भय के माहौल को पुनर्जीवित करना चाह रहा है। जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष कश्मीर और भारत सरकार की गलत तस्वीर पेश की जा सके। और विश्व बिरादरी को बताया जा सके कि कश्मीर में हालात अब भी बुरे हैं, और वहां कुछ बदला नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान और भारत विरोधी सोच वालों का षडयंत्र है। वहीं जून के अंत में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी होनी है। ये देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही खुफिया तंत्र को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान का झंडा फहराते हुए भारत विरोधी नारे लगाता जुलूस भी बरसों से नहीं निकला और न ही श्रीनगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले लाल चौक पर अब कोई तिरंगा उतारने का दुस्साहस कर पा रहा है। हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों की बोलती बंद है। घाटी में सुरक्षा बलों की चौकसी और सख्ती का लाभ ये हुआ कि घाटी में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

व्यंग्य

## लालकिले का भौकाल



अरविंद तिवारी

कल एक पुराने कवि मित्र मिल गए।उनके साथ एक और मंचीय कवि थे,सेवाराम फकीर।फकीर जी हास्य के कवि थे और लालकिले के कवि सम्मेलन में लगातार पंद्रह बार शिरकत कर चुके थे।कभी मेरी भी तमन्ना थी,एक दिन लालकिले के कवि सम्मेलन में कविता पाठ करूं।कुछ जुगाड़ हो पाता,उससे पहले ही गद्य व्यंग्य पूरी तरह मेरे ऊपर ऐसे छा गया,जैसे किसी मनचले पति को उसकी पत्नी,अपने कठोर अनुशासन में बांध लेती है।लालकिले का अपना महत्व है।भले ही पाठ्यक्रम में अब मुगलकाल न हो पर लालकिले का भौकाल पूरे देश में तारी है!मुगल काल में तो खैर लालकिला ही सब कुछ था,पर आजादी के बाद भी लालकिला अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है।किसान आंदोलन का जुलूस भी लालकिले तक जाता है।

जो लालकिले पर पंद्रह बार काव्यपाठ करके आया था,उस कवि से मैंने पूछ लिया,क्या आप तीन बार प्रधान मंत्री बने हैं?उस कवि के साथ मेरा पुराना मंचीय कवि साथी भी चौंक गया।तिवारी जी आपका स्वास्थ्य तो ठीक है न?अगर आपने मंच नहीं छोड़ा होता तो पैसे के साथ साथ,आप स्वास्थ्य के मामले में भी समृद्ध होते।फकीर साहब मंच के कवि हैं,इन्हें प्रधानमंत्री क्यों बता रहे हैं।जहां तक फकीर का सवाल है,ऐसे नाम राजनीति में नहीं होते,कवियों में ही होते हैं।इधर का पेच पुर्जा, उधर को मत घुमाओ।लगता है आपका लिखा गद्य व्यंग्य धुआं बनकर आपकी सांसों को ही हड़काने लगा है।लोकतंत्र के कथाशिल्पी भले ही मुगल काल को हटा दें,लालकिले को नहीं हटा सकते।आप मंच और गद्य लेखन के दोराहे पर भ्रमित लग रहे हैं।इससे पहले कि साहित्य के आलोचक आपको कूड़ेदान में डाल दें,आप मंच की कविता में लौट आओ।कुछ हासिल न हो तो भी,आपका मानसिक स्वास्थ्य जरूर सुधर जाएगा।लालकिले की तमन्ना है,तो अपने शहर के मंच पर ही लालकिले का सेट तैयार करवा देंगे,आप आराम से काव्य पाठ करना।

मेरा पुराना मित्र लालकिले में उलझ गया।बोला, लालकिले का सेट भी लालकिले से कम नहीं होता।बॉस जेल में हो तो भी माफिया की तस्वीर गुंडई करवा देती है।अभी बिहार में रोजा इफ्तार के समय लालकिले का सेट लगाया गया था,जिसमें प्रधानमंत्री पद के कट्टर दावेदार शामिल हुए थे।वर्तमान प्रधानमंत्री भी जब प्रधानमंत्री नहीं थे,तब एक बार लालकिले के सेट से बोल चुके हैं,जो गुजरात में लगाया गया था।यही कारण है,आजकल लालकिले के गत्ते से बने हुए सेट की डिमांड और प्रासंगिकता बढ़ गई है।आजकल बिहार,उप्र,और बंगाल के अलावा तेलंगाना में ऐसे सेटों की भरमार है।जो महत्वाकांक्षी कवि लालकिले पर जाकर काव्य पाठ नहीं कर पाए,उनके लिए ये लालकिले के सेट बहुत उपयोगी हैं।लालकिले को सियासत में सदाकत माना जाता है!लालकिला सत्ता की पहचान बन गया है।लालकिले से जो बुराई या भलाई शुरू होती है,वह शर्तिया हर जिले तक जाती है।लालकिला लाल होने के कारण भगवा राष्ट्रवाद और लालसलाम,दोनों से बावस्ता है।लालकिले में एक खाई है,जो अब सियासत की तरह उथली हो गई है।खंडहर टाइप लालकिला वक़्त की मार का परिणाम नहीं है,वह सियासत की मार का परिणाम है!

मित्र बोल रहा था और मैं दत्तचित्त होकर सुन रहा था।....लालकिले की उपयोगिता पंद्रह अगस्त तक सीमित नहीं है।वह केवल गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर काव्य पाठ के ही काम नहीं आता,वह कविता का विषय भी बनता है।लालकिला यह भी बताता है कि रंग रोगन से रौनकें नहीं लौटा करतीं।आकाशवृत्ति पर जीवन यापन करने वाले अक्सर हादसों का शिकार होते हैंऔर ये हादसे,लालकिले के आसपास ही होते हैं।लालकिला गवाह है,सियासत जब घुड़कती है,तब आजादी लुढ़कती है।गौर से देखें तो पता चलता है,लालकिला किसी दबंग आलोचक की तरह,किसी लेखक को देखकर कुटिल मुस्कान फेंक रहा है!यही कारण है हर खासो आम के लिए लालकिला भौकाल बना हुआ है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# जनपद में मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम


विक्ट्री सिम्बल दिखाते चिल्ड्रेन हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र छात्राएं


प्रतिभा निकेतन स्कूल में छात्र छात्राओं को सम्मानित करते प्रबंधक व अन्य


सद्भावना इंटर कालेज डींगुरपुर के रवि यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का बोर्ड का परीक्षाफल संयुक्त रूप से मंगलवार को घोषित किया गया। चिल्ड्रेन हायर सेकेण्डरी स्कूल, हरवंशपुर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इण्टरमीडिएट के छात्र आर्यन सिंह ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। हर्ष प्रताप सिंह ने 89 प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान, राज आर्यन सिंह ने 87.0 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में प्र यादव ने 91.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अंजलि यादव ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अमर गुप्ता ने 87.83 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के संस्थापक पं.बजरंग त्रिपाठी, प्रबन्धक डॉ.कृष्णमोहन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ल तथा प्रधानाचार्य पवन कुमार सिंह ने सभी को शुभकामनायें दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में प्रतिभा निकेतन स्कूल का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबन्धक रमाकान्त वर्मा ने समस्त छात्रों अध्यापकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों एवं अध्यापकों के कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। प्रधानाचार्य ध्रुवचंद मौय ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनको माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक मनोज कुमार शर्मा, दिलीप अस्थाना, रमेश मिश्रा, राजेश तिवारी, रघुबीर मौर्य आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में सद्भावना इंटर कालेज डींगुरपुर के छात्र रवि यादव पुत्र संतोष यादव ने हाईस्कूल की परीक्षा में 92.5 प्रतिशंत अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंटर मीडिएट में प्रिया यादव ने 88.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रबंधक मनीष कुमार यादव व प्रधानाचार्य कैलाश यादव ने छात्र एवं उसके परिवार को बधाई दी।

बूढ़नपुर प्रतिनिधि के अनुसार मां श्रृंगारी बालिका इंटर कॉलेज भरौली में हाई स्कूल की छात्रा रेखा यादव ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में 7वीं रैंक प्राप्त की। शशि यादव ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप टेन में आठवीं रैंक प्राप्त की। ईशा यादव ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

शिवांगी यादव 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट की छात्रा रिया यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के व्यवस्थापक आशु यादव ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर लालजीत यादव, मनोज, संतोष, देवानंद, विनोद, धनश्याम आदि उपस्थित रहे। अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के उपटा पार बांसगांव निवासी पीयूष यादव पुत्र संजय यादव ने लोदी किसान इंटर कॉलेज महादेवपुर सेनपुर से बायो ग्रुप का छात्र रहा।

यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षा में 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। पीयूष यादव का लक्ष्य डॉक्टर बनने का है।

## यूपी में पांचवीं रैंक लाने पर मुस्कान को मिल रही बधाई


मुस्कान भारती को मिठाई खिलाकर बधाई देते लोग

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** गरीब किसान की बेटी ने हाई स्कूल परीक्षा में जिला टॉप करते हुए यूपी में पांचवीं रैंक प्राप्त की है। उसकी इस सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के दरियापुर, रानीपुर गांव निवासी मुस्कान भारती पुत्री विनोद कुमार किसान बालिका इंटर कॉलेज बूढ़नपुर की छात्रा है। हाईस्कूल की परीक्षा में 584/600 अंक लाकर पूरे जनपद का नाम रोशन किया। वहीं इस होनहार बालिका के घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र नाथ यादव ने घर पहुंच कर मुस्कान भारती को मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ अपने विद्यालय से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई निःशुल्क करने की घोषणा भी कर दी। मुस्कान भारती ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी उसने अपने हौसले को कभी कम नहीं होने दिया और लगातार 5 से 6 घंटे पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। मुस्कान भारती ने इसका श्रेय अपने माता-पिता,भाई व शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि आगे चलकर वह डॉक्टर बनना चाहती है। बधाई देने वालों में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक उदय राज, नरेंद्र नाथ, राकेश, वीरेंद, संतोष आदि शामिल हैं।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास व दस हजार का जुर्माना

**आजमगढ़।** विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट द्वारा थाना रौनापार मृतका चनौती पत्नी जगरनाथ, निवासी कादीपुर की गोली मारकर हत्या के सन्दर्भ में थाना रौनापार पर पंजीकृत मुकदमा एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त तसब्वर पुत्र कुद्दूस निवासी करमैनी थाना बिलरियागंज को दोषसिद्ध पाते हुए अदालत ने अभियुक्त को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड व धारा 3 (1)5 एससी/एसटी एक्ट में दोष मुक्त किया गया। इसी क्रम में पुराने विवाद में वादी के पुत्री की लज्जा भंग करने व प्रतिरोध करने पर जान से मारने की नियत से कट्टे से फायर करने वाले अभियुक्त को 3 वर्ष का कारावास व 3 हजार रूपया का जुमार्ना की सजा सुनायी गयी है। एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित मुच्चुन उर्फ आफताब पुत्र बरकतुल्लाह निवासी करमैनी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ को दोषसिद्ध पाते हुए अभियुक्त को धारा 354 भादवि में 3 वर्ष का कारावास एवं 3 हजार रुपए के अर्थदण्ड, धारा 504 भादवि में एक वर्ष की सश्रम कारवास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## अवैध शस्त्र तस्कर गैंग के रूप में तीन लोग सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अभियुक्त मैनुद्दीनशेख व इसके 3 सदस्यों को अवैध शस्त्र तस्कर गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अभियुक्त मैनुद्दीनशेख पुत्र शम्भू अहमद निवासी पतिला गौसपुर थाना बिलरियागंज जो वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए अवैध शस्त्र तस्करी करने जैसे अपराध कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध अवैध तस्कर गैंग किया गया है। इसका कोड नं.- ह्लडी- 142ह्व होगा। जिन लोगों को सूचीबद्ध किया गया है उनमें अफताब आलम पुत्र फिरोज आलम निवासी फ्लाह नगर कासिमगंज थाना बिलरियागंज, बच्चेलाल विश्वकर्मा पुत्र देवनाथ विश्वकर्मा निवासी बम्हौर थाना मुबारकपुर, काजी मुहम्मद अरशद पुत्र काजी मुहम्मद निवासी आसिफगंज पाण्डेय बाजार रोड़ थाना कोतवाली को पुलिस अधीक्षक द्वारा सूचीबद्ध किया गया है।

# सर्वोदय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम




कक्षा 10 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी




कक्षा 12 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया। सर्वोदय पब्लिक इण्टर कालेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में इण्टरमीडिएट में 67 पंजीकृत छात्र -छात्राओं में से सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में 39 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। इण्टर मीडिएट में विनीत यादव ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आकांक्षा गुप्ता ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, अविनाश यादव ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, अंजली यादव ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान और अनुज यादव ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षाफल में अंश यादव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सत्यम यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, अलोक यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, अमित यादव और राहुल यादव ने संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान तथा सत्यम यादव ने 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के बच्चों के उत्तम प्रदर्शन पर विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने सभी अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई दी है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों एवं बच्चों को उत्तम परिणाम के लिए बधाई दी। रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के श्री दुर्गा जी चिल्ड्रेन सिटी कालेज खलीलाबाद में हाईस्कूल में सुनेहा यादव ने 92.5 प्रतिशत, सिम्पल शौर्या ने 90 प्रतिशत, माडर्न पंकज इंटर कालेज डोडोपुर में हाईस्कूल में छात्रा शिवांगी यादव 92 प्रतिशत, निधि यादव ने 91.67 प्रतिशत अंक पाया। महात्मा इंटर कालेज सेठवल में सलोनी यादव ने 93.50 प्रतिशत, आदित्य यादव 93.8 प्रतिशत अंक पाया। इंटर मीडिएट में महात्मा इंटर कालेज सेठवल में प्रभा सिंह यादव ने 88.4 प्रतिशत, कौशिक कुमार 86.4 प्रतिशत पाया, माडर्न पंकज इंटर कालेज में इंटर में साक्षी मौर्य ने 92 प्रतिशत, श्रीदुर्गा जी चिल्ड्रेन सिटी खलीलाबाद में इंटर की छात्रा दीक्षा यादव 90.4 प्रतिशत, अनामिका यादव ने 83.6, सोनी गौड ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। परीक्षार्थियों की सफलता पर विद्यालय के विजय बहादुर यादव, चंद्रपति यादव, सिकंदर यादव ने मिष्ठान खिला कर बधाई दी।

# मानव एकता दिवस पर 354 लोगों ने किया रक्तदान

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित संत निरंकारी भवन में मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने फीता काटकर किया इस मौके पर 354 लोगों ने रक्तदान किया संत निरंकारी मंडल ब्रांच हरबंशपु में रक्तदान शिविर का आयोजन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व जोनल इंचार्ज रामजीत भारती के सानिध्य में आयोजित किया गया जिसमें सभी भक्तों ने इस सत्संग समारोह का भरपूर आनंद लिया और सभी रक्तदाताओं ने स्वैच्छापूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान किया। रक्त संग्रहित करने वाले अस्पतालों के डॉक्टरों एवं आंगतुको ने मिशन की निःस्वार्थ भाव से की जा रही सभी सेवाओ हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की। संत निरंकारी मंडल ब्रांच हरबंशपुर के संयोजक राजेंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मंडल ब्रांच हरबंशपुर में 354 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। सत्गुरु माता ने मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि रक्तदान निष्काम सेवा का एक ऐसा सुंदर भाव होता है जिसमें केवल सर्वत्र के भले की कामना ही मन में होती है। फिर हृदय में यह भावना उत्पन्न नहीं होती कि केवल हमारे सगे संबंधी या हमारा परिवार ही महत्वपूर्ण है अपितु समस्त संसार ही हमारा परिवार बन जाता है।


फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते डीएम विशाल भारद्वाज

## आपराधिक गैंग के रूप में छह लोग सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अभियुक्त रूपेश सिंह पटेल व इसके 6 सदस्यों को आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अभियुक्त रूपेश सिंह पटेल पुत्र सूरज सिंह उर्फ सूर्य सिंह निवासी हसनपुर थाना रानी की सराय जो वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए लूट, डकैती, हत्या जैसे आपराधिक कार्य कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (आपराधिक गैंग) किया गया है। इसका कोड नं.- डी-141ह्व होगा। जिन सदस्यों को सूचीबद्ध किया गया है उनमें मो. अनस पुत्र एजाज अहमद निवासी सम्मोपुर आइया थाना रानी की सराय, आलोक पाण्डेय पुत्र जितेन्द्र पाण्डेय निवासी चकिया थाना रानी की सराय,संगम गुप्ता पुत्र स्व. अजय गुप्ता निवासी स्टेशन रोड थाना रानी की सराय, शिवम सोनी पुत्र अमरनाथ सोनी निवासी घाटीपट्टी थाना रानी की सराय, संतोष सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी भगहा थाना रानी की सराय, शुभम सोनकर उर्फ छोटू सोनकर पुत्र दारा सोनकर निवासी राजागली थाना रानी की सराय को सूचीबद्ध किया गया है।

# मलेरिया के प्रति सभी को जागरूक होना जरूरी


गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**आजमगढ़।** जिले में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को मलेरिया के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही उन्हे इस रोग से बचाव की भी जानकारी दी गयी।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आई एन तिवारी ने बताया कि मलेरिया के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम ह्लह्यशून्य मलेरिया देने का समयः निवेश, नवाचार, कार्यान्वयनह्व है। थीम का उद्देश्य वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में नवाचार की ओर ध्यान आकर्षित करना और उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। डॉ आई एन तिवारी ने कहा कि मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। यह मादा एनोफिलीस मच्छर के जरिए लोगों को प्रभावित करता है। जब मादा एनोफिलीस मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटती है तो इस वायरस का अंश मच्छर के शरीर में ट्रांसफर हो जाता है इसके बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो यह वायरस उस व्यक्ति के शरीर में ट्रांसफर हो जाता है। इसके बाद वह व्यक्ति भी मलेरिया से संक्रमित हो जाता है। मलेरिया का सबसे बड़ा कारण घर के आसपास गंदगी होना है जिससे वहां मच्छर पनपते हैं। यही मच्छर लोगों को काटकर उन्हें मलेरिया से संक्रमित कर देते हैं। लिहाजा साफ-सफाई पर ध्यान देकर भी मलेरिया से बचाव किया जा सकता है।

डीएमओ ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मलेरिया से बचाव के लिए नालियों की सफाई, गड्ढों को बंद कराना, एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई जा रही है। जिससे मच्छर को पनपने से रोक जा सके। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी कार्यलय,स्कूल,ग्राम पंचायत एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पोस्टर लगाए गए हैं। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विघालयों में जाकर बच्चों को मच्छर जनित मलेरिया रोग एवं बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पीएस पब्लिक स्कूल पाती धनेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा आठ में प्रथम प्राप्त करने वाली छात्रा पलक पाण्डेय को विद्यालय प्रबंध तंत्र एवं मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव द्वारा गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा सात से आदर्श यादव प्रथम स्थान प्राप्त होने पर गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र, कक्षा 6 विकास यादव व कक्षा पांच से रिया यादव कक्षा चार से सबा फातमा को प्रथम स्थान पाने पर विद्यालय के प्रबंधक और प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से छात्रों का प्रदर्शन बड़ा ही उत्कृष्ट रहा। छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। अध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम के पूर्व प्रवक्ता दशरथ तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्हें परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शिक्षा दी गई। व्यवस्थापक विनोद तिवारी द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी छात्रों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर लाल बहादुर चैरसिया, शशिधर चैबे, आदित्य दुबे, राहुल मिश्रा, डॉ.मनीष तिवारी, अशोक तिवारी, बृजेश, किरण, इतिहास पांडे, इशिता पांडे आदि उपस्थित रहीं।

### तहसील मुख्यालय के सामने बजबजा रही नाली



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत 89 ग्राम पंचायत में 175 सफाईं कर्मियों की नियुक्ति है। प्रति माह सरकार अच्छाखासा वेतन दे रही है। परंतु किसी भी गांव में चक मार्ग सरकारी भवन प्रांगण नाली आदि साफ नहीं देखा जा सकता है। हां गांव में अपनी उपस्थिति के समय ब्लाक परिसर तहसील आदि के अगल बगल चायपान की दुकान पर सफाईं कर्मियों को देखा जा सकता है। ग्राम सभा सुदनीपुर के राजस्व गांव चकनूरी के लखनऊ बलिया मार्ग के किनारे फूलपुर तहसील मुख्यालय है। परंतु तहसील मुख्यालय के सामने नाली बजबजा रही है। बस कागजों तक अधिकारियों का बयान रहता है कि जिस सफाईं कर्मी के गांव से शिकायत मिली या कार्यदिवस पर अनुपस्थित मिले तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इस सम्बंध में खण्ड बिकास अधिकारी बाबूराम ने बताया कि गावों से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही सहायक बिकास अधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### डाटा फीडिंग में आने वाली समस्याओं पर की गयी चर्चा

**माहुल(आजमगढ़)।** अहिरौला स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी पर महा निदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनन्द द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी अहिरौला द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त एवं मदरसा स्कूलों के प्रबंधकों, प्रधानाध्यापकों एवं संकुल प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्टूडेंट डाटा 2023 के यू डायस प्लस स्टूडेंट्स प्रोफाइल व टीचर्स प्रोफाइल के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधकों द्वारा डाटा फीडिंग में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया जिस पर संकुल प्रभारियों ने समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया एवं स्टूडेंट डाटा अविलंब पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने समय से कार्य पूर्ण न करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही का संकेत दिया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आजमगढ़ जनपद में 18-19 मई को भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित है। इस अवसर पर अनेकों प्रबंधक, प्रधानाध्यापक व संकुल प्रभारियों के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष यादव, बृज लाल अरविंद सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### निरंकारी मिशन ने मनाया मानव एकता दिवस

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** संत निरंकारी भवन अतरौलिया की तरफ से डॉ.राजेश मिश्रा व महात्माओं के नेतृत्व में मानव एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों महात्माओं व बहनों ने भाग लिया। डॉ.राजेश मिश्रा ने बताया कि संत निरंकारी मिशन के बाबा गुरबचन सिंह ने मानव एकता, अमन, चैन का वातावरण स्थापित करने पर जोर दिया। उनके तप-त्याग से परिपूर्ण जीवन व शिक्षाओं से प्रेरणा लेने के लिए संत निरंकारी मिशन की ओर से यह दिन मानव एकता दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मा और परमात्मा का जब मिलन हो जाता है तो जाति-पाति, ऊंच-नीच जैसा कोई फर्क नजर नहीं आता बल्कि हर किसी की सेवा व मदद करने का भाव पैदा होता है। इसी कड़ी में आजमगढ़ भवन पर ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ.राजेश मिश्रा, आदित्य, विशाल, बालचंद, रिंकू, शिबू, संदीप, आयशा, पिंकी, प्रिया दिनेश, राणा सिंह, रागिनी, सुभाष आदि मौजूद रहे।

# स्वामी शिव नरायण के रास्ते पर चलकर होगा समाज का उत्थान


संत समागम में मंचासीन महंथ

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम चकीदी में शिव नरायण पंथ के पंचवर्षीय सम्मेलन (संत समागम) के द्वितीय पाली रात भर भजन, कीर्तन, प्रवचन, आरती, भण्डारा व प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। सन्त महन्थ ने भजन प्रबचन के माध्यम समाज में मानवता का सन्देश दिया।

महन्थ आचार्य केदार दास ने कहा कि स्वामी शिव नरायण जी के रास्ते पर चलकर समाज का उत्थान होगा। चंद्रवार धाम बलिया से आए उप विश्व महन्थ बाबा कपिलदेव केशरी ने कहा कि शिव नरायण पन्थ धर्म निरपेक्ष निर्गुण सम्प्रदाय है जो मानव कल्याण के लिए बना है। शिवनारायण जी ने अपने उपदेश में लिखा है कि पढ़ लिख कर आगे बढें.और अपना दीपक स्वयं बनो और संगठित होकर समाज में आगे बढ़ो। बाबा श्याम सुंदर दास ने कहा कि स्वामी शिव नरायण जी ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा में ही परमात्मा मिलते हैं। संरक्षक डॉ.राम दयाल जोशी ने कहा कि सन्त पुरुष को जीवन में उतारे और सत्संग को महत्व दें। पन्थ प्रचारक बाबा बलवान दास ने कहा कि चाल, चलन, ब्यवहार को सही रखें, जीवन सरल हो जाएगा। कार्यक्रम को जौनपुर के लल्लन पारखी, आनन्द धूसिया, बाबा राज कुमार दास दुबार्सा, बाबा चमन दास, डॉ.प्रकाश यादव, महंथ रामधारी रामू नई दिल्ली, मत पंथ प्रचारक विनोदा नन्द आदि ने भी संबोधित किया। अंत मे सन्त समागम के प्रबन्धक हरिलाल, प्रमोद कुमार व अध्यक्ष राम अवध मास्टर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जयंती पर याद किये गए आदि गुरु शंकराचार्य



**आजमगढ़।** आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती मंगलवार को ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के तत्वावधान में अध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय के एलवल स्थित आवास पर मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।अध्यक्षता करते हुए ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद अध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय ने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांगों के प्रवर्तक एवं महान दार्शनिक थे। प्राचीन भारतीय परम्परा के विकास और हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार में आदि गुरु शंकराचार्य जी का महान योगदान है। सनातन परम्परा को पूरे भारत में फैलाने के लिए उन्होंने भारत के चारों कोनों पर श्रृंगेरी मठ, गोवर्धन मठ, शारदा मठ एवं जतोतिर्मठ की स्थापना किया। भगवत गीता, उपनिषदों एवं वेदांग सूत्रों पर लिखी हुई शंकराचार्य जी की टीकाएं बहुत प्रसिद्ध हैं। कार्यक्रम को महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वदेव उपाध्याय, सतीश कुमार मिश्र, भागवत प्रसाद तिवारी, गिरिजा सुवन पाण्डेय, सतीश चन्द्र पाण्डेय, गोविन्द दुबे, निशीथ रंजन तिवारी, सर्वेश उपाध्याय, मनीष तिवारी, अनूप पाण्डेय, योगेंद्र पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चे हुए सम्मानित

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के सरदार गंज कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित सात छात्र, छात्राओं को सम्मानित एवं पुरुस्कृत किया गया। परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को इंटर मीडिएट की पढ़ाई हेतु एक हजार रुपया प्रति माह छात्रवृत्ति के रूप में सरकार द्वारा दिए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी रविकेश कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और कल जब यही युवा होंगे तो राष्ट्र को आगे ले जाने और विश्व गुरु बनाने में इनकी महती भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले इन सात छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने में हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। भारत सरकार द्वारा बच्चों को बेहतर प्लेट फार्म देंने के लिए मध्यान्ह भोजन के साथ ही पठन पाठन सामग्री, डेज्स और छात्रवृत्ति दी जा रही है। राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों में स्नेहा भारती, अंतिमा यादव, मु.इब्राहिम, प्रभाकर सरोज, प्रिंस यादव, नवनीत मौर्य, अंशिका को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक चंन्द्रिका प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रामबृक्ष यादव, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।


सरदारगंज कम्पोजिट विद्यालय में सम्मानित छात्र छात्राएं

# उप चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


सड़कों पर फ्लैग मार्च करतीं पुलिस

लालगंज। विधानसभा छानवे उपचुनाव को शांति तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी लालगंज ज्ञानू प्रिया के नेतृत्व में बीएसएफ एवं पुलिस फोर्स के साथ बरौंधा बाजार में रूट मार्च करते हुए अगल बगल के गांवो में भी रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने कस्बा वासियों से मिलकर कानून व्यवस्था के साथ ही चुनाव में आने वाली अड़चनों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने उप चुनाव को दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की हमेशा नजर बनी रहेगी। अगर कोई शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि छानवे विधानसभा में कई गांव संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथ बनाए गए हैं जिस पर पुलिस की नजर है।

## सीमा सुरक्षा बल की चार बटालियन के जवानों ने किया रूट मार्च

हलिया। छानबे विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल के चार बटालियन के जवानों ने नक्सल क्षेत्र सहित सीमावर्ती गांव में रूट मार्च किया। मंगलवार को हलिया थाना क्षेत्र के बछनार एवं बेलाही बॉर्डर पर एसएसबी 18 के कमांडर रोहिल बंसल तथा एसएस बी 48 के कमांडर सोमलाल तथा एसएस बी 51 के कमांडर चैन सिंह एवं एसएसबी बीबीएन के कमांडर वेद प्रकाश सहित थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह के साथ हलिया थाने की फोर्स तथा मतवार चौकी के पुलिस कर्मियों के साथ मध्य प्रदेश स्थित सिंगरौली जनपद के सीमावर्ती बछनार बॉर्डर तथा बेलाही बॉर्डर पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया जवानों तथा पुलिसकर्मियों ने थानाध्यक्ष विष्णुप्रभा सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में रूटमार्च किया। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए जवानों संग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूटमार्च किया गया है।

## छानबे विस के उपचुनाव मैदान में 8 प्रत्याशी अजमा रहे हैं दांव

उपचुनाव

**सपा प्रत्याशी कीर्ति के लिए चाचा भतीजा सम्हालेंगे मोर्चा**

**रिंकी हैं अपना दल की उम्मीदवार, मैदान से बाहर हुए राजनारायण**

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। जिले की छानबे विधानसभा आरक्षित सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए अब महज 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। मड़िहान कुबरी पटेहरा निवासी राज नारायण ने अपना नामांकन वापस ले लिया। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने दी। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर प्रत्याशियों के साथ नोटा भी बिना नामांकन, खर्च और प्रचार के वोट बटोरेगा।

2022 के चुनाव में महज 47.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें 3224 वोट मतदान का 1.49 प्रतिशत नोटा को मिला था। जिला प्रशासन मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने में लगा है। पुलिस के जवान गस्त कर निर्भीक होकर मतदान का संदेश दे रहे है।

समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं चाचा शिवपाल यादव स्टार प्रचारक के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय महासचिव लालजी वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष नरेश, स्वामी प्रसाद मौर्य, बी पांडेय, मिठाई लाल भारती के साथ ही पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया चुनावी प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है।

विधान सभा चुनाव 2022 में राहुल प्रकाश कोल को 1,02,502 मत मिला था। जबकि सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। पोस्टल वोटिंग में कीर्ति कोल को 343 और राहुल प्रकाश कोल को महज 136 वोट मिला था। इस बार उप चुनाव में सपा ने इस कुर्सी पर काबिज होने के लिए पूरे दमखम के साथ मतदाताओं के बीच जाने की तैयारी में हैं। भाजपा से मिले इस सीट पर अपना दल सोनेलाल गुट से रिंकी कोल चुनावी मैदान में हैं। वह अपने पति के रिक्त हुए सीट पर अपना भाग्य आजमा रही हैं।

जिला पंचायत सदस्य रिंकी कोल की जीत के लिए भाजपा और अपना दल रणनीति बनाने में जुटीं हैं। कांग्रेस के अजय कुमार, राष्ट्रीय समाज पक्ष के शिव पूजन के अलावा निर्दल प्रत्याशी के रूप में अर्जुन, उमेश सिंह रावत, भीमराव एवं सर्वेश कुमार मैदान में है। इस सीट पर 10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी। क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 3,64,218 हैं। जिसमें 192414 पुरुष तथा 171748 महिला मतदाता हैं।

# नहाने गयी दो बालिकाओं की डूबने से हुई मौत

हादसा

**सेवटी नदी नदौली घाट पर मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम**

जनसंदेश न्यूज


दो मौत के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

हलिया। ड्रमंडगंज क्षेत्र के पटेहरा गांव के सेवटी नदी के नदौली घाट पर स्नान करने के लिए गयी दो बालिकाओं की पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक वापस नही लौटने पर घाट के पास पंहुचे बालिका की माता ने घाट पर कपड़ा देखकर शोर मचाया। तक मौके पर पंहुचे स्वजनों ने नदी के पानी से दोनों बालिकाओं के शव को बाहर निकलवाते हुए घटना की सूचना पुलिस को दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पटेहरा गांव निवासी ज्ञानेंद्र की 10 वर्षीय पुत्री अर्चना व राजेश कुमार की 12 वर्षीय पुत्री साधना घर से करीब 400 मीटर दूर स्थित सेवटी नदी के नरौली घाट पर स्नान करने के लिए गई थी कि स्नान करते करते गहरे पानी में जाकर डूब गई। जिससे दोनों बालिकाओं की पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर साधना की मां नरौली घाट पर पहुंची तो देखा कि कपड़ा व चप्पल घाट पर पड़ा हुआ है लेकिन बालिकाएं मौके पर नहीं है जिस पर उसने शोर मचाया।

मौके पर पहुंची दोनों बालिकाओं के स्वजनों वह ग्रामीणों ने नदी में कूदकर दोनों बालिकाओं के शव को बाहर निकलवाते हुए घटना की सूचना ड्रमंडगंज पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेंद्र सिंह ने बालिकाओं के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गए। वही मृत बालिकाओं की परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

## विंध्याचल धाम में महिला से अभद्रता, सिपाही निलंबित

मीरजापुर। विंध्याचल धाम में वृद्ध महिला दर्शनार्थी के साथ अभद्रता के मामले में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया है। एक परिवार विंध्याचल धाम में सोमवार को अपनी मां के साथ दर्शन करने आया था। सायंकाल दर्शन के लिए जाते समय सेवा के नाम पर तैनात सिपाही ने महिलाओं के साथ अभद्रता पूर्ण आचरण करने के साथ ही उनके साथ धक्का मुक्की की। जो महिलाओं को इतना नागवार लगा कि माता रानी को वही से नमन कर अपने घर के लिए लौट गई। रास्ते में दल बल के साथ खड़े मिले थाना प्रभारी को देखकर महिलाओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराया। पूछा कि सिपाही के घर में मां बहन नहीं है। जो आचरण उसने किया वह कही से भी सेवा की भावना के साथ नहीं है। लिहाजा शिकायत का वीडियो वायरल होने के बाद उसे संज्ञान में लेते हुए एसपी ने जांच तक के लिए दोषी आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। थाना प्रभारी ने महिलाओं को समझा कर खुद दर्शन कराने के लिए साथ चलने का अनुरोध किया लेकिन पुलिस के व्यवहार से मर्माहत महिलाओं ने दर्शन करने से इंकार कर दिया। पुलिस को भले ही उन्होंने कोई तहरीर नहीं दिया। लेकिन मां से अपना दर्द बयां कर दोषी को दंडित किये जाने की गुहार लगाकर चली गई। पुलिस अब जांच में जुटी हैं। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मंदिर बन्द होने के भीड़ होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को बाहर निकला जा रहा था।

## कृषक फार्मेसी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन


रक्तदान करने के लिए एकत्र हुए लोग

सैकड़ों छात्रों ने किया रक्तदान

**संस्थापक एवं संरक्षक पारस नाथ सिंह ने किया प्रोत्साहित**

जनसंदेश न्यूज

राजगढ़। स्थानीय क्षेत्र के ददरा बाजार स्थित कृषक कॉलेज ऑफ फार्मेसी और कृषक पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विनोद कन्नौजिया एवं उनकी टीम के लोगों ने अध्यापकों व छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कृषक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश मिश्रा ने कहा, रक्तदान महादान है और सभी को रक्तदान करना चाहिए। जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सके। कॉलेज प्रबंधन ने ब्लड बैंक से आई टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक एवं संरक्षक पारसनाथ सिंह ने इस तरह के आयोजनों को आगे भी संचालित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना महादान होता है तथा जिंदगी और मौत से जूझ रहे लोगों के लिए आपका ब्लड जीवनदान दे सकता है। इसलिए, ऐसे आयोजनों का समय समय पर आयोजित किया जाना पुण्य का कार्य होता है। फार्मेसी कॉलेज के विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार सरोज, विपिन कुमार, सूरज मौर्य, अंजली कुमारी, अनूप पांडे व अन्य फार्मेसी फैकेल्टी के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर संपन्न कराया गया।

# दसवीं में रोशनी, बारहवीं में गौरव बने जिले के टॉपर

जनसंदेश न्यूज


गौरव को मिठाई खिलाते परिजन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें दसवीं की परीक्षा में केवलपत्ती बैजनाथ माध्यमिक विद्यालय परसोधा की रोशनी यादव टॉपर बनी। इंटर की परीक्षा में मिश्रीलाल मवैया इंटर कॉलेज के छात्र गौरव दुबे ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। छात्रों की सफलता से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

दसवीं की परीक्षा में जिले में टाप थ्री की सूची में दूसरा स्थान छानबे विकास खंड के कोलही बजहा स्थित आर पी वाई इंटर कॉलेज के आयुष यादव तथा जमुआ बाजार के एसडब्ल्यू जटाधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज की खुशी सिंह पटेल दूसरे नंबर पर हैं। जमालपुर देवकली इंटर कॉलेज के नीतीश कुमार मौर्य और केवलपत्ती बैजनाथ मा. विद्यालय की आशा सिंह ने तीसरे स्थान प्राप्त किया हैं। इसी प्रकार इंटर की परीक्षा में मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया के गौरव दुबे ने पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर मवैया के ही एसकेएसडी बालिका इंटर कॉलेज की प्रियंका पांडेय को मिला । तीसरा स्थान भटेवरा कोलना निवासिनी खुशी ने प्राप्त किया हैं। चौथे स्थान पर आर्यन शर्मा, संध्या मौर्य और अंकित मौर्या हैं। पांचवे स्थान पर पैड़ापुर के दिव्यांश त्रिपाठी एवं ओम साईं जनता इंटर कॉलेज की संध्या यादव को पांचवा स्थान है।

## टॉपटेन सूची में दो छात्रों ने दर्ज कराया नाम

लालगंज। यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उपरौध क्षेत्र के दो बच्चे जिले के टॉप टेन सूची में आने से खुशी की लहर छा गई। जिसमें बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज की इंटर की छात्रा प्रिया मौर्य 465 अंक प्राप्त कर 93 प्रतिशत व हाईस्कूल में लालगंज के उसरी पांडेय स्थित श्रीमती दलवंती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र पूर्णेन्दु 575 अंक प्राप्त करके 95.83 प्रतिशत के साथ जिले की टाप टेन सूची पांचवें स्थान पर रहे। दोनों मेधावियों का कहना है कि सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन करने का संकल्प है। इसी प्रकार भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मानशी मिश्रा प्राप्तांक 564 अंक 60.64 प्रतिशत, योगेश अनुक्रमांक 1232575908 ने 550 अंक 91.66 प्रतिशत, प्रदीप कुमार द्विवेदी ने542अंक के साथ 90.33 प्रतिशत प्राप्त किए। इसी विद्यालय के जयप्रकाश ने 538 अंक के साथ 89.60 प्रतिशत व श्रेया तिवारी ने 528 अंक 88 प्रतिशत प्राप्त कर सफलता अर्जित किया। विद्यार्थियों की सफलता को लेकर प्राचार्य डॉ धर्मजीत सिंह, दशरथ दूबे, राजेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों का प्रयास और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत ने नाम रोशन करने का काम किया है। बताया कि लगातार शिक्षा के प्रति अभिभावकों में सजगता बढ़ रही है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों ने परिजनों का बढ़ाया मान

अंशुमान पाण्डेय व निखिल द्विवेदी ने लगभग 90% अंक किया हासिल

वहीं बारहवीं में समीक्षा, प्रियांशी, तथा अभिषेक ने छुआ 90% का आंकड़ा

राजगढ़। मंगलवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा में शामिल छात्रों को अपने अच्छे अंक से सफल होने की उत्सुकता दिखाई दे रही थी जिसमें कुछ छात्रों ने सफलता हासिल करने पर अपने विद्यालय एवं परिवारजनों का मान सम्मान बढ़ाते हुए गौरवान्वित किया है। यूपी बोर्ड की ओर से 25 अप्रैल को परिणाम आने का छात्र बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्रों के इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई और परिणाम घोषित होने के बाद सफलता हासिल करने वाले छात्रों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के किसान इण्टर मीडिएट कालेज, नदिहार, श्री बृजराज इण्टर मीडिएट कालेज चौखड़ा, एवं रामसूरत इण्टर मीडिएट कालेज राजगढ़ में शिक्षारत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के हजारों छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें राजगढ़ बाजार स्थित रामसूरत मालती इण्टरमीडिएट कालेज के भीटी निवासी अंशुमान पाण्डेय ने 540 नंबर प्राप्त कर 90% मेरिट हासिल किया। वहीं निखिल द्विवेदी निवासी भीटी ने भी 88% मेरिट के साथ विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के तीन इंटरमीडिएट कालेज से लगभग दर्जनों छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किए और विद्यालय सहित माता-पिता का नाम रोशन किया।

# बिना पैथालॉजिस्ट के हो रही मरीजों की जांच, विभाग मौन

लूट

**सैंपल लेकर करा रहे फर्जी जांच**

**अवैध पैथोलाजी लैब पर हो रही है फर्जी जांच**

जनसंदेश न्यूज

हलिया। क्षेत्र में मरीजों से जांच के नाम पर इस समय लूट मची हुई है। बाजार से गांव तक बिना पेथालोजिस्ट और बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध पैथोलाजी संचालित की जा रहीं है। इसके बावजूद आज तक किसी भी पैथोलॉजी लैब पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं इन पैथोलाजी संचालकों ने सरकारी अस्पतालों को भी हाईजेक कर रखा है।

क्षेत्र में अधिकांश यह पैथोलाजी सरकारी अस्पतालों के आसपास व अगल बगल में बैठे हैं। इसके साथ ही कुछ चिकित्सक भी मरीजों को बाहर की लैब पर ही मरीजों को जांच कराने की सलाह दे रहे हैं।

क्षेत्र के हलिया, ड्रमंडगंज, रतेह चौराहा, नैड़ी कठारी, बरौंधा सहित कई जगहों पर दर्जनों की संख्या में अवैध पैथोलाजी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अधिकांश पैथोलाजी सरकारी अस्पतालों के आसपास बनी हुई है। जो अस्पतालों को पूरी तरह से हाईजैक किए है। साथ ही कुछ चिकित्सक तो आने वाले मरीजों को निजी पैथोलाजी सेंटरों पर ही जांच की सलाह देते हैं, तो वहीं कुछ संचालक चिकित्सकों के आस पास ही घूमते रहते हैं जो जांच का इशारा मिलते ही मरीज को अपने सेंटरों पर ले जाते हैं। जहां पर जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। वहीं इन सेंटरों में मरीजों की खून, मलेरिया, पेशाब की जांच तो सेंटरों का सामान्य कर्मचारी ही कर देता है। जबकि पैथलोजिस्ट के नाम पर तो केवल सेंटर ही चल रहा है। हद तो तब हो गई जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी सेंटर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# तीन तिथियों में होगा अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का निरीक्षण

बैठक

**बैंक खातों से अभ्यर्थी क्रास एकाउंट पेई चेक द्वारा ही निर्वाचन में करेगा व्यय**

**निर्वाचन के दौरान दस हजार तक कर सकता है नगद भुगतान**

**राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को दी गई निर्वाचन व्यय लेखा के रखखाव की जानकारी**

जनसंदेश न्यूज


राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को संबोधित करते प्रेक्षक

मीरजापुर। 395-छानबे (अ0जा0) उप निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में पेक्षक सामान्य देवेन कुमार प्रधान एवं व्यय प्रेक्षक वेंकटेश जाधव ने प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचन व्यय लेखा के रखरखाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य कोषाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का कम से कम तीन बार यथा प्रथम बार 27 अप्रैल 2023, द्वितीय 02 मई 2023 एवं तृतीय 06 मई 2023 को व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में सहायक व्यय प्रेक्षक के समक्ष निरीक्षण कराना अनिवार्य होगा।

उन्होने बताया कि उपरोक्त तिथियों में पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में पहुंचकर निर्वाचन खर्चों के दैनिक लेखे का रजिस्टर, कैश रजिस्टर, बैंक रजिस्टर एवं खर्च किये गये समस्त बिल/बाउचरों का निरीक्षण अवश्य कराया जाय। निर्वाचन के उद्देश्य से खोले गये बैंक खातों से अभ्यर्थी क्रास एकाउंटपेई चेक द्वारा सभी निर्वाचन व्यय उपगत करेगा तथापि यदि अभ्यर्थी द्वारा व्यय के किसी भी मद के लिये किसी व्यक्ति/हस्ती को राशि देय है तथा सर्म्पूण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान यह राशि रूपया दस हजार से अधिक नही है तो निर्वाचन प्रयोजनार्थ खोले गये बैंक खाते इस राशि का आहरण कर यह व्यय नगद के रूप में उपगत किया जा सकता हैं। व्यय प्रेक्षक जाधव ने कहा कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थियों के निर्वाचनों के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अन्दर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों की लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करना अनिवार्य होगा। बैठक में सभी राजनैतिक दल के मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त पदाधिकारी व प्रतिनधि उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### नगर निकाय चुनाव : मीरजापुर नगर में 12 और चुनार में हैं 7 दावेदार

मीरजापुर। नगर निकाय चुनाव के नामांकन का समय समाप्त होने के बाद मीरजापुर नगर पालिका सीट पर 12 दावेदारों का पर्चा वैध पाया गया। जबकि चुनार में 7 दावेदारों का नामांकन पत्र सही मिला है। चुनाव आयोग के द्वारा नाम वापसी की तिथि 27 अप्रैल तय किया गया है। जबकि चुनावी मैदान में कूदे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन 28 अप्रैल को किया जायेगा। चुनाव चिन्ह राजनैतिक दलों के तो तय है। लेकिन निर्दल प्रत्याशियों को उनसे वार्ता कर तय चिन्ह में से छांटने का मौका दिया जायेगा। इसके बाद पूरे दम खम के साथ प्रत्याशी चुनाव चिन्ह लेकर जनता के दरबार में कूद पड़ेंगे। मिजार्पुर नगर पालिका सीट पर नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के पर्चा की जांच की गई । जिसमें 12 उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया। इसमें एआईएमआईएम के जुलकदर, कांग्रेस की प्रियंका जैन, बसपा के श्याम सुंदर, भाजपा के श्यामसुंदर केसरी, सपा के सतीश मिश्र, आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार पांडेय, निर्दल प्रत्याशी पुनम केसरी, मनीष सिंह, मनोज श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद, सुधेश्वर शुक्ला एवं हरिओम सिंह का नामांकन पत्र वैध पाया गया। इसी प्रकार चुनार में सपा के अशोक उर्फ संतोष, आम आदमी पार्टी के मोहन कांग्रेस के मंसूर अहमद, बसपा के रमाशंकर सिंह, भाजपा के विजय बहादुर, जन अधिकार पार्टी के अनवर अली एवं निर्दल प्रत्याशी विजय कुमार का चुनावी मैदान में डटे हैं।

### 10वीं में फेल होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 10 की छात्रा ने परिणाम आने पर घर के अंदर फांसी लगा लिया। परिजनों ने निजी साधन से आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी कक्षा 10 की छात्रा मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने पर अनुत्तीर्ण हो गई आत्मग्लानि में आकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले। आए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि छात्रा कक्षा 10 में अनुत्तीर्ण होने के कारण हार्ट अटैक आ गया। चिकित्सक अभिषेक जायसवाल का कहना है कि फांसी लगाने से छात्रा की मौत हुई है। परिजन उपचार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए मौत हो गई थी। घर लेकर चले गए। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को जानकारी दिए बगैर ही दाह संस्कार कर दिया।

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार की मौत

चुनार। बीती रात कोतवाली क्षेत्र के एच एन 7 राष्ट्रीय राज्य मार्ग मीरजापुर वाराणसी रोड सुंदरपुर के पास इमलिया चट्टी से आ रहे रईस पुत्र शरीफ उम्र 35 वर्ष निवासी शिवपुर थाना चुनार को चुनार कि ओर से आ रही टैक्कर ने टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही रईस की मौत हो गई। ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेजा।

### 25 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना लालगंज पुलिस द्वारा 25 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। मंगलवार को उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी जुगेश कुमार पुत्र पारस नाथ कोल निवासी बनवारी थाना लालगंज मीरजापुर बबलेश पुत्र रामसहाय निवासी बनवारी थाना लालगंज मीरजापुर को क्रमशः 12 लीटर व 13 लीटर (कुल 25 लीटर) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने किसान की मौत

अहरौरा। अदलहाट थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव के किसान का सोमवार शाम अचानक मौसम परिवर्तन होने के कारण घर से भोजन कर किसान सोने जा रहा था। तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जो कि मौके पर ही किसान कल्लू सिंह पुत्रस्व0 बुधू सिंह की मौत हो गई। किसान की मृत्यु की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान मृतक के घर पहुँचकर परिवार वालों को ढांढस बंधाया व मृतक के परिवार को शासन व प्रशासन की तरफ से बीस लाख रुपए देने के लिए किसानों ने मांग किया। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, धर्मनाथ सिंह, शिवाजी सिंह, दयाल सिंह परशुराम मोर्य, पंचम सिंह अरविंद सिंह मौजूद रहे।

### संचारीरोग नियंत्रण अभियान की ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

मड़िहान। विकास खण्ड सभागार में संचारीरोग नियंत्रण अभियान की ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें संचारी रोग से बचाव हेतु समस्त विन्दुओं पर चर्चा की गई। मच्छर से बचाव हेतु दवाओं का छिड़काव, साफ सफाई हेतु सफाई कर्मियों को गांव की गलियों, ग्रामीण बस्ती की सफाई करने के लिए 11 क्लस्टर बनाया गया। टीकाकरण में विरोधी परिवारों को प्रेरित करने के लिए समूह के सदस्यों को प्रत्येक वीएचएनडी सत्र से पहले माता बैठक करके जानलेवा 12 बीमारियों से बचाव हेतु सत्र पर जाने के लिए प्रेरित करने की योजना बनाई। बैठक में बीडीओ शैलेन्द्र सिंह, एडीओ (प) श्रीकृष्ण उपाध्याय, राजेश गौतम, डब्ल्यूएचओ प्रतोष दूबे, डाक्टर राजकुमार, डा वाजिद जमील, डॉ संदीप सिंह प्रदीप सिंह,बीएमसी शैल सिंह रहे।

### मार्ग पर चिर प्रतीक्षित निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी

सीखड़। जनपद (संयुक्त) के प्रथम विधायक पंडित विजयानंद मिश्र के नाम से बनी खैरा सीखड़ संपर्क मार्ग पर टेस्टिंग रोड के चिर प्रतीक्षित निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। पंचराव के बाहरी तरफ से बारी गांव तक 100 मीटर टेस्टिंग रोड बनाया जाएगा जो गुणवत्ता परक होगा। पहले इसे 100 मीटर बनाकर टेस्टिंग की जाएगी। सब कुछ सही रहा तो आगे का कार्य होगा। जेई प्रिया सिंह एवं पारसनाथ सिंह ने बताया कि एफडीआर के अंतर्गत रोड टेस्ट के लिए 100 मीटर बनाया जाएगा। पास होने पर खैरा चौराहे से सीखड गंगा घाट तक कुल 6.5 किलोमीटर की सड़क बनेगी। बरसों से उपेक्षित पं विजयानंद मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र वासियों में खुशी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत

मीरजापुर। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। मंगलवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पानी टंकी के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस में वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक जीआरपी पुलिस शव की शिनाख्त कर रही है।

### दो पुलिसकर्मियों के मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

मड़िहान। संतनगर थाना परिसर में रविवार शाम मेस में खाना खाने के दौरान दो पुलिसकर्मी आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जाता है कि डायल 112 वाहन के चालक देवप्रकाश पाण्डेय व थाने के सिपाही नामवर सिंह के अलावा थाना के अन्य कर्मचारी खाना खाने हेतु मेस में गये हुये थे कि इसी दौरान नामवर सिंह व देवप्रकाश पाण्डेय में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी व विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों मारपीट पर उतर गये। विवाद बढ़ता देख अन्य कर्मचारी दोनों को अलग - अलग किया। मामले की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष कमल टावरी ने दोनों को डाट फटकार लगाया। विवाद के दो दिन बाद सिपाही नामवर सिंह पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के पास पहुँचकर आपबीती बताई। लोगों का मानना है कि सिपाही नामवर सिंह आये दिन शराब के नशे में धूत रहता है विवाद के समय भी शराब का सेवन किया हुआ था। जिससे किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुँच गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लिया।

### फुलहां गांव की आयुषी ने 94.33% अंक हासिल कर मान बढ़ाया

सीखड़। क्षेत्र के फुलहाँ गाँव निवासी विमलेश उपाध्याय की बेटी आयुषी ने हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। आयुषी को 600 में 566 अंक प्राप्त हुए। वह श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हांसीपुर की छात्रा थी। तीन बहन भाई ने सबसे छोटी आयुषी ने सफलता का श्रेय माता पिता सहित चाचा प्रमोद कुमार को दिया। पिता खेती करते हैं तथा माता रीना गृहणी हैं। आयुषी की सफलता पर प्रधान मनोज मिश्रा, शिवम पांडेय, अशोक उपाध्याय, राहुल त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, राजन नेता आदि ने उसके घर जा कर बधाईयां दी।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

जिगना। थाने के अंतर्गत यादव पुर गांव के समीप विंध्याचल थाने के अंतर्गत कोलाही गांव निवासी छोटकी देवी उर्फ ननकी देवी पत्नी स्वर्गीय माता अंबर बिंद उम्र 65 वर्ष मंगलवार की सुबह 9 अपने गांव से बाबा बदेवरा नाथ दर्शन करने के लिए जा रही थी कि रेलवे ट्रैक पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गई, और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका को दो लड़के व चार लड़कियां हैं। घटना के बारे जानकारी होने पर घरवाले रेलवे ट्रैक पर पहुंचे। घटना को देखकर घरवालों में कोहराम मच गया।

# हाईस्कूल में कृष्णा सिंह व इंटर में सीता कुमारी ने किया टॉप

**सोनभद्र।** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा के आए परिणाम में हाईस्कूल व इंटर में होनहारों ने बाजी मारी है। यूपी बोर्ड उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के रिजल्ट का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया। दोपहर बाद जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ लोग अपने बच्चों व चहेतों का परिणाम जानने के लिए साईबर कैफे से चिपक गए। बहुत से छात्र अपना परिणाम मोबाइल में देख लिये। हाई स्कूल में चन्द्रगुप्त मौर्य इंटर कालेज मद्धुपरु के छात्र कृष्णा सिंह 96.70 प्रतिशत व इंटर में सरस्वती शिक्षा मंदिर इंटर कालेज खड़िया की छात्रा सीता कुमारी ने 94.80 प्रतिशत अंक पाकर जिला टाप किया है।

यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम दोपहर बाद जैसे ही आया परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। हाई

**परिणाम**

### हाई स्कूल में कृष्णा सिंह व इंटर में सीता कुमारी ने किया टॉप

स्कूल का 77.82 प्रतिशत और इंटर का 79. 24 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जो बीते वर्ष के सापेक्षा कम है। हाई स्कूल में चन्द्रगुप्त मौर्य इंटर कालेज मद्धुपरु के छात्र कृष्णा सिंह 96.70 प्रतिशत व इंटर में सरस्वती शिक्षा मंदिर इंटर कालेज खड़िया की छात्रा सीता कुमारी ने 94.80 प्रतिशत अंक पाकर जिला टाप किया है। करमा विकास खंड में स्थित हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया के बच्चों ने जनपद के टॉप टेन में अपना जलवा कायम रखा। हंस वाहिनी इंटर कालेज कसया के इंटर की छात्रा प्रीती त्रिपाठी ने 93.10% तथा अविनाश मौर्य ने 93% के साथ के साथ सोनभद्र के टाप टेन में शामिल होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं हाई स्कूल की छात्रा पूर्णिमा मिश्रा ने 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान, विशाखा मिश्रा ने 88.8% प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया है। टाप टेन में शामिल होने पर प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र एवं प्रबंधक राजेश कुमार मिश्र, अध्यक्ष पारस नाथ सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह तमाम कालेजों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है।

### इंटर में नुसरत ने जनपद में दूसरा स्थान अर्जित कर बढ़ाया मान



**ओबरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल मंगलवार को घोषित कर दिया गया।दोपहर करीब डेढ़ बजे आये परीक्षाफल में ओबरा के इस्लामिया इंटरमीडिएट कालेज की नुसरत परवीन ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान अर्जित किया है। नुसरत के पिता पेशे से टायर की दुकान चलाते हैं और माता शबाना बेगम गृहणी हैं। नुसरत माता पिता की तीसरी संतान हैं। वे कुल चार भाई बहन हैं। नुसरत ने बताया कि उसने पढ़ाई को लेकर काफी मेहनत की है। वे आगे चलकर स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती हैं। उनका बचपन से ही यह सपना रहा है कि वे प्रशासनिक सेवा में रहकर अपने देश और जनता की सेवा करें। नुसरत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों के साथ ही ऑनलाइन कोचिंग देने वाले यूट्यूबर आशीष सिंह को दिया। वहीं जनपद में सातवां स्थान अर्जित करने शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कालेज के छात्र हर्षित जायसवाल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। हर्षित के पिता संजय जायसवाल पेशे से शिक्षक और माता वन्दना जायसवाल गृहणी हैं। दो भाई बहन में बड़े हर्षित का सपना डॉक्टर बनने का है। इसके लिए अभी से ही कड़ी मेहनत कर रहा है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया।

## मुख्य वन संरक्षक ने देखा सॉइल वर्क

**मुआयना**

### प्लांटेशन के पौधों की नियमित सिंचाई करने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज



सॉइल वर्क व खुदे ट्रेंच देखते मुख्य वन संरक्षक आरसी झा

**दुद्धी।** मुख्य वनसंरक्षक रमेश चंद्र झा ने मंगलवार को बघाडू वन रेंज के देवपुरा कंपार्टमेंट में कराये जा रहे सॉइल वर्क/ट्रेंच खुदाई का मुआयना किया। उन्होंने इसके बारे में जानकारी ली तो वन दरोगा बंधु राम ने बताया कि यह प्लाट 16 हेक्टेयर का है इसमें 6400 ट्रेंच खुदवाए जाने की तैयारी चल रही है। जिसमें ज्यादातर ट्रेंच खुदवाए जा चुके हैं।

कुछ कार्य बाकी है जिसे पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कंपार्टमेंट को 2021 में ही प्लांटेशन कराना था जो किसी कारण नही हो सका। यह वन भूमि बेहतरीन है, जल्द सॉइल वर्क कंप्लीट कराकर आगामी वर्षा ऋतु में पौधरोपण कराया जाए। जिससे इस लंबे चौड़े भूखंड को हरा भरा बनाया जा सके। उन्होंने इस कंपार्टमेंट से सटे कुछ वर्ष पूर्व हुए प्लांटेशन देखकर प्रसन्नता जाहिर की। वनकर्मियों के प्रयास को सराहा। इसके बाद उन्होंने बघाडू वन रेंज की नर्सरी देखी जहां तैयार किये जा रहे पौधों को नियमित देखभाल करने के निर्देश दिए। कहा कि पौधो को नियमित पानी से सींचा जाए। पत्रकारों द्वारा बघाडू वन रेंज के एक फरेस्टगॉर्ड द्वारा अवैध बालू खनन करवाने में संलिप्तता के सवाल पर उन्होंने इसे संज्ञान लेते हुए इसकी जांच करवाने के लिए डीएफओ को निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य वन संरक्षक ने दुद्धी फारेस्ट बंगले कुछ समय के लिए विश्राम किया फिर म्योरपुर वन रेंज के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर डीएफओ स्वतंत्र श्रीवास्तव, पिपरी रेंजर धीरेंद्र मिश्रा, रेंजर रूप सिंह मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सामाजिक उत्थान में सहयोग करने वाले कर्मी सम्मानित



सम्मानित कर्मियों के साथ महिला मंडल की सदस्याएं

**अनपरा।** दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर द्वारा वर्ष भर महिला मंडल के द्वारा किये जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यों में विशेष रुप से सहयोग प्रदान करने वाले विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए फेलिसिटीशन कार्यक्रम का आयोजन दिशिता महिला मण्डल कार्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दु यादव ने कहा कि आज मुझे यह कहने में गर्व हो रहा है कि साल भर जिन लोगों ने निष्ठा भाव से अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए महिला मण्डल की मदद की है, मैं उनका आभार ब्यक्त करती हूं। इस दौरान महिला मण्डल की अध्यक्षा ने सामाजिक उत्थान के कार्यों में विशेष रुप से सहयोग करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी, संगीता सिंघानिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे। सचिव ऋतु हर्षवर्धन ने संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन तूलिका श्रीवस्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गेहूं खरीद शुरू

**सोनभद्र।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि रवि विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत में मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से जनपद के किसी भी क्षेत्र कस्बा गांव में गेहूं की खरीद की व्यवस्था चालू कर दी गयी है। जिसे शर्तें पूर्ण हो जाने के उपरांत ही गेहूं खरीद का कार्य किया जाएगा। क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं एवं किसानों से संपर्क करते हुए एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूं की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल के माध्यम से खरीद कराई जाएगी। क्रय किए गए गेहूं का सीधे भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो में संप्रदान कराया जाएगा। मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गेहूं विक्रय के लिए कृषक अपने क्षेत्र के नजदीकी ग्रह केंद्र प्रभारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर गेहूं विक्रय हेतु संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गेहूं की खरीद हेतु किसान को स्वयं अपना गेहूं अच्छी प्रकार से साफ सफाई करके रखना होगा। खरीद की तिथि से ग्राम प्रधान एवं संबंधित उचित दर विक्रेता को सूचित करेंगे तथा ग्राम प्रधान उचित दर विक्रेता गांव में स्थित किसानों को मोबाइल टीम के आने की सूचना पूर्व उपलब्ध कराएंगे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

बभनी। विश्व मलेरिया दिवस पर राजकीय इंटर कालेज चपकी में मंगलवार को मलेरिया जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उसके पश्चात फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड द्वारा आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को 5-5 की टोली बनाकर चित्रकारी की चित्रकारी प्रतियोगिता में सोनम कुमारी, आरती कुमारी, उर्मिला कुमारी, सूरज कुमारी और संगीता कुमारी ने एक साथ काम करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को फैमिली हेल्थ इंडिया के तरफ से उपहार दिया गया। वहीं फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड के जिला समन्वयक शशांक यादव द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कराकर किया। इस मौके पर राहुल जायसवाल, रवि शंकर पांडे, रत्नेश कुमार पटेल, सविता कुमारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### साढ़े 12 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार, एक फरार

**खलियारी/पिपरी।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में रायपुर पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर नकटुआ बंधा के पास से बाइक से10 किग्रा गांजा बरामद करते हुए विनोद पासवान पुत्र लक्ष्मण पासवान निवासी ग्राम चौधरवा, अधौरा, कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं पिपरी पुलिस ने पन्नू कुमार पुत्र सर्वजीत भूईया व लाला कुमार पुत्र स्व. मिन्द्रा उर्फ मोहन समस्त निवासीगण मालिन बस्ती, वार्ड एक तुर्रा, पिपरी के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद करते हुए वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विद्यालय के समीप से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।पीड़िता के पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री बीते सोमवार को घर से विद्यालय के लिए निकली थी।जब शाम को वह वापस घर नही आई तो परिजन हैरान परेशान होकर इधर उधर खोजने लगे।थक हारकर किशोरी के पिता ने उक्त घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि विनय कुमार निवासी गजराज नगर कोतवाली ओबरा व विशाल सिंह निवासी डाला रेलवे क्रॉसिंग कोतवाली चोपन मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गए हैं।तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।वही मामले में थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली की उक्त किशोरी व दोनों आरोपी युवक बग्घा नाला के पास खड़े है, जो किसी वाहन का इंतेजार कर रहे है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख कर उक्त दोनों आरोपी युवक लड़की को छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए।पुलिस ने मौके से किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी श्री मिश्र ने बताया कि फरार अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ओवर लोडिंग में 42 वाहनों का चालान

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 23 व 24 अप्रैल तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जाँच किया गया, जिसमें 42 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया। जिसमें 17 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा 13 वाहनस्वामियों द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया। इसके अतिरिक्त एक कोयला लदे वाहन को सीज किया गया।

### संयुक्त टीम ने रोकवाया नाबालिग बालिका का निकाह

**सोनभद्र।** विण्ढमगंज क्षेत्र में संयुक्त टीम ने नाबालिग बालिका का निकाह रोकवा दिया। बता दें कि बुटबेढ़वा में 15 वर्ष की बालिका का निकाह कराया जा रहा था। सूचना पर इसका संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई से ओआरडब्ल्यू/दुद्धी नोडल शेषमणि दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता वीणा राव, आकांक्षा उपाध्याय व एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। संयुक्त टीम द्वारा बुटबेढवा पहुंच कर नाबालिग बालिका के माता-पिता से पूछताछ किया गया तो बताया गया कि 26 अप्रैल को पुत्री का निकाह इटावा निवासी लड़के के साथ कराने की तैयारी कर रहे हैं। टीम द्वारा बालिका के माता, पिता, से बालिका के उम्र के संबंध में साक्ष्य चाहा गया बालिका के उम्र के संबंध में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर बालिका की 15 वर्ष पायी गयी। जिसपर टीम बालिका को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए बाल कल्याण समिति के समझ प्रस्तुत करने को ले गयी।

## जमानत पर बाहर आये अपराधियों की करें निरागनी

**बोले डीआईजी**

### डीआईजी विंध्याचल ने राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों के साथ की अपराध समीक्षा

जनसंदेश न्यूज



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते डीआईजी आरपी सिंह

**सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल मंडल आरपी सिंह ने जनपद के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाईन चुर्क सभागार कक्ष में मंगलवार को समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों/शाखा प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ अपराध की समीक्षा की। इस दौरान डीआईजी ने संबंधितों को हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, नकबजनी, चोरी एवं वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिये।

डीआईजी ने अराजक तत्वों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही,जमीन सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व टीम द्वारा संयुक्त रुप से मिलकर विवाद को निस्तारित कराने की ताकीद की। वहीं पशु तस्करी पर रोक लगाने, अवैध शराब/मादक पदार्थों के परिवहन/बिक्री पर रोकथाम लगाने, बैंक और सहज जनसेवा केंद्रों की नियमित चेकिंग करने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने, जमानत पर बाहर आए अपराधियों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शस्त्र निरस्त्रीकरण, गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट की प्रभावी कार्यवाही करते रहें। थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुने व उनसे सौम्य व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का समाधान करें। महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने सभी मुख्य बाजार/मार्गों, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने के निर्देश दिए। नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी नगर निकाय चुनाव के दौरान सभी ड्यूटीरत पुलिसकर्मी एंटी राइट गन, बॉडी प्रोटेक्टर व हेलमेट के साथ अनिवार्य रूप से रहेंगे। उन्होंने चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण करने के साथ ही बॉर्डर पर नाकाबंदी कर सघन अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखते हुए उन्हें यह एहसास दिलायें कि पुलिस उनके साथ है। उन्होंने मातहतों को सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### डीआईजी ने किया चोपन व करमा थाने का वार्षिक निरीक्षण

**चोपन/करमा।** डीआईजी आर.पी. सिंह ने मंगलवार को चोपन थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उनको सलामी दी गयी। तत्पश्चात उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार, कंम्यूटर कक्ष, मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर परिसर को साफ रखने, कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर को बेहतर करते हुए व्यवस्थित रखरखाव के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ नगर राहुल पाण्डेय, अपराध निरीक्षक कृष्ण औतार सिंह, सब इंस्पेक्टर नवनीत चौरसिया आदि मौजूद रहे। वहीं उन्होंने करमा थाने का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## अध्यक्ष पद दुद्धी 14, रेनुकूट15, पिपरी 6 व अनपरा के 33 नामांकन वैध

**निकाय चुनाव**

### नामांकन पत्रों की जांच में पिपरी अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी के तीन सेट में दो पर्चे अवैध

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को चारों नगर पंचायत दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी व अनपरा के अध्यक्ष व वार्ड सभासद पदों के लिए दाखिल नामंकन पत्रों की जांच हुई। जिसमें दुद्धी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु सभी नामंकन वैध पाए गए। आरओ संतोष यादव ने बताया कि सभी 14 उम्मीदवारों का नामांकन वैध पाया गया। आरओ जगदीश प्रसाद ने बताया कि रेणुकूट के सभी 15 नामांकन फार्म वैध पाए गए। पिपरी से उम्मीदवार सावित्री सिंह के 2 नामांकन अवैध घोषित किये गए। आरओ केके वर्मा ने बताया कि प्राप्त नामांकन 8 नामांकन पत्र वैध पाए गए जो छः उम्मीदवारों के हैं। अनपरा से अध्यक्ष पद के दाखिल सभी नामांकन पत्र जांच उपरान्त वैध पाए गए।

आरओ डा. मोहन सिंह राजपूत ने बताया कि सभी प्राप्त 33 नामांकन वैध पाए गए। इसी प्रकार आरओ डा. शिवम सिंह ने बताया कि दुद्धी नगर के सभी 11 वार्डों हेतु सदस्य पद हेतु दाखिल सभी 72 नामांकन पत्र जांच उपरान्त वैध पाए गए। रेनुकूट के आरओ अनिल कुमार ने बताया कि वार्ड 8 से नामांकन किये उम्मीदवार अंजू कुमारी व वार्ड 11 से नामांकन किये शबाना परवीन का क्रमशः जाति प्रमाण पत्र व शपथ पत्र के अभाव में नामांकन अवैध घोषित कर दिया गया। पिपरी आरओ बालचन्द भारती ने बताया कि वार्ड सदस्य हेतु दाखिल सभी 80 नामांकन वैध पाए गए। अनपरा आरओ भानेन्द्र सिंह ने बताया कि वार्ड नं 8 के उम्मीदवार कविता व सीमा साकेत का नामांकन जाति प्रमाण पत्र अभाव में निरस्त कर दिया गया।

### एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिए निर्देश

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से दौड़ लगवाई गयी। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर निरीक्षण कर सम्बंधितों को निर्देश दिए गये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सेमिनार में सर्वाइकल कैंसर के लक्षण व बचाव की दी गई जानकारी

**सेमिनार**

### निसंकोच अपनी समस्या को लेकर डॉक्टर की लें सलाह

जनसंदेश न्यूज



सेमिनार में मंचासीन अतिथिगण

**घोरावल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे आयोजित सर्वाइकल कैंसर निदान, निवारण, उपचार पर सेमिनार का आयोजन आरपी पीजी कॉलेज धरसरा में किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश सत्यजीत पाठक ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर यूट्रस के सबसे निचली भाग का घातक ट्यूमर होता है ज्यादातर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है।

उपस्थित महिलाओं बच्चियों से अपील की गई कि निसंकोच अपनी समस्या को लेकर डॉक्टर की सलाह लें। रिसोर्स पर्सन डा. दीप्ति सिंह बांझपन रोग विशेषज्ञ ने बताया की सर्वाइकल कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है कोई पुरुष, महिला को इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सुझाव लेना है तो वह जिला अस्पताल लोढ़ी में संपर्क कर सकते हैं,डॉ गणेश प्रसाद ने सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन कार्यालय कि जिला समन्वयक साधना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य नागेश पांडे द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक जवाहर प्रसाद दुबे, ओम प्रकाश त्रिपाठी, नवल किशोर दुबे, आदित्य तिवारी, थाना प्रभारी अंजनी राय, ममता सिंह, प्रमोद सिंह, अरुणा चौरसिया एवं छात्र छात्राएंआदि उपस्थित रहे।

## भागवत कथा से होगी देश में शक्ति की स्थापना

**घोरावल।** स्थानीय ब्लाक के खटौली गांव में चल रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस के अवसर पर कथा व्यास अरुण कृष्ण शास्त्री ने कहा कि देश में सुख, शांति, प्रेम और सद्भाव का सबसे सरल साधन भागवत कथा ही है। जप तप, यज्ञ, अनुष्ठान, दान से जो प्रभाव नही पड़ेगा उससे ज्यादा शीघ्र कथा से सबके हृदय में शक्ति की स्थापना हो जायेगी और एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना हो जायेगी। चोरी, हत्या, पाप, दुराचार, भ्रष्टाचार को तभी रोका जा सकता है जब प्राणी का मन शुद्ध हो और मन शुद्धी का एक मात्र उपाय है भागवत कथा।

दण्ड से ज्यादा देर तक पाप रोकना सम्भव नही है। व्यक्ति के जीवन में जब धर्म होगा तो व्यक्ति श्रेष्ठ मार्ग पर ही चलेगा। उसका मन पाप की तरफ उद्यत ही नही होगा। उन्होंने सुदामा चरित्र के वर्णन को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल हमारी सबसे पुरानी परम्परा रही है, जिसमें



भागवत कथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु

अमीर-गरीब सबको एक समान शिक्षा दी जाती थी। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण कृष्ण और सुदामा हैं, जो आज के परिवेश में सम्भव नही है। वहीं परीक्षित मोक्ष की कथा व भजन के माध्यम से श्रोता भाव-विभोर हो गये। इस मौके पर देवानंद मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, विकास पटेल, रवि, श्रवण सिंह, सन्तोष मिश्रा, शुभांगम त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, विजय मिश्रा, नागेंद्र दूबे, संतोष, संजय आदि उपस्थित रहे।

## खेल शिक्षा एवं योग व्यायाम के प्रति किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** बाबू केदारनाथ स्मारक जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद के तत्वावधान में चलाये जा रहे खेल खिलाड़ी संकल्प जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने गांव में जाकर बालकों तथा बालिकाओं को खेल शिक्षा एवं योग व्यायाम से जुड़कर अपने भविष्य को संवारने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान में प्रत्येक दिन अलग अलग सम्मानित क्षेत्र वासियों को अभियान से जोड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाने तथा प्रत्येक क्षेत्र से बालक एवं बालिकाओं को खेल से जुड़ने का आवाहन किया जा रहा है। इस अभियान में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर अभियान को सफल बनाने हेतु डा.आदित्य सिंह, रामप्रवेश, सोनू यादव, मिथिलेश, मनोज तथा हंसराज यादव अपने अपने क्षेत्र से



खिलाड़ियों को जागरूक करते पहलवान अमरजीत यादव

योगदान करने का कार्य कर रहे हैं। अमरजीत यादव ने कहा कि जब तक हम सभी लोग मिलकर नौजवानों को जागरूक नहीं करेंगे तथा खेल में भी बालकों के बराबर बालिकाओं को भी अवसर नहीं देंगे तब तक समाज में समानता और देश की तस्वीर बदलने में सफल नहीं हो पायेंगे। इसलिए सभी लोगों को इस अभियान से जुड़कर क्षेत्र एवं देश के बिकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए।

# पुलिस ने 25 हजार के इनामी को दबोचा

जनसंदेश न्यूज



पकड़े गए इनामी वांछित अपराधी संग पुलिस टीम।

**चंदौली।** प्रभारी निरीक्षक चंदौली बीते सोमवार की रात चुनाव के मद्देनजर गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर खास द्वारा जरिये दूरभाष सूचना मिली कि एक वांछित अभियुक्त सकलडीहा ओवरब्रिज के पास आटो से उतरा है और सकलडीहा जाने के लिए आटो का इंतजार कर रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने सकलडीहा ओवरब्रिज के पास पहुंचकर अभियुक्त संदीप कुमार को धर-दबोचा। इस कार्यवाही के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास भी किया, लकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम संदीप कुमार, निवासी ग्राम-ताराजीवनपुर, थाना-अलीनगर, जनपद चंदौली बताया। तलाशी ली गयी तो पहने हुए लोवर के नीचे कमर में डोरी मे लपेट कर बांधा हुआ एक तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें आर्म्स एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के साथ ही गैंगेस्टर एक्ट के तहत पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस टीम में कोतवाल राजीव कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, बंटी सिंह, नीरज सिंह, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

# हाईस्कूल में श्वेता व इंटर में जोया हयात व अंजली अव्वल

**यूपी बोर्ड परिणाम**

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में बालिकाओं ने मारी बाजी



परिजनों के साथ इंटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंजली।



इंटरमीडिएट में अव्वल आयी जोया हयात।

**चंदौली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मंगलवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी किया। दोपहर डेढ़ बजे सर्वप्रथम हाईस्कूल का रिजल्ट यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया। इसके कुछ देर बाद ही इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम भी आ गए। इस दौरान सुबह से ही रिजल्ट को लेकर इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपने मोबाइल, लैपटाप व कम्प्यूटर पर रिजल्ट देखा। परीक्षा परिणाम को देख जहां अधिकांश छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे, वहीं कुछ के हिस्से में मायूसी लगी। हाईस्कूल में 83.54 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 63.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

जनपद चंदौली में हाईस्कूल में श्वेता यादव ने टाप किया। वहीं इंटर में जोया हयात और अंजली ने संयुक्त रूप से टाप कर अपने परिवार व स्कूल का नाम व मान बढ़ाया। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जनपद चंदौली में हाईस्कूल की श्वेता यादव ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अजय यादव ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा रीतू त्रिपाठी ने 95.50 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह प्रिंस यादव व गनपति गुप्ता ने 95.17 अंक के साथ चौथा, सूरज गुप्ता, विशाल कुमार जायसवाल व राहुल यादव ने संयुक्त रूप से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां, जागृति गुप्ता, रितिकेश निषाद और सचिन प्रजापति ने संयुक्त रूप से 94.83 अंक प्राप्त कर छठवां तथा वसीम अहमद ने 94.67 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान अर्जित किया। इसके अलावा इंटरमीडिएट में जोया हयात और अंजली ने 94.60 अंक के साथ पहला, आदित्य कन्नौजिया, ज्ञान प्रताप सिंह व पवन गुप्ता 93.60 अंक प्राप्त कर दूसरा तथा अंतिमा व शालू पटेल ने 92.40 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान अर्जित किया। इसके अलावा अभय मौर्या, बुद्धप्रिय मौर्य व अंकिता मौर्या ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा, राज ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां, शिवम सिंह ने 91.60 अंक प्राप्त कर छठवां, रितिमा शशिधर और कोमल गुप्ता ने संयुक्त रूप से 91.20 प्रतिशत अंक के साथ सातवां, आस्था सिंह, शालू मौर्या ने 91 प्रतिशत अंक के साथ आठवां, काजल मौर्या व खुशी चौरसिया ने संयुक्त रूप से 90.60 प्रतिशत अंक के साथ नौवां तथा प्रथमेश मौर्या ने 90.20 अंक प्राप्त कर जनपद में दसवां स्थान अर्जित किया है। इन होनहारों की सफलता की जानकारी होते ही परिवार में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी। बड़े-बुजुर्गों, माता-पिता व पास-पड़ोस के लोगों ने होनहारों का मुंह मीठा कराने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाबाशी दी। सफलता की इस बेला में होनहानों ने डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक व प्रशासनिक अफसर बनकर देश व समाज की सेवा करने के अपने सपनों को भी सार्वजनिक किया। साथ ही इस लक्ष्य को पाने के अपने जज्बे को भी प्रदर्शित किया।

### एलबीएस इंटर कालेज की बालिकाओं ने विद्यालय का बढ़ाया मान

**डीडीयू नगर।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिले में 6-छात्राओं की मेधा देखने को धानापुर के अमरवीर इंटर कालेज की हाईस्कूल की छात्रा श्वेता यादव ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में नौवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। श्वेता ने 96.67 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वहीं सेंट अलहीनफ इंटर कालेज की छात्रा जोया हयात और भगवानदास इंटर कालेज एकौना की अंजली 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट में जिले में अव्वल रहीं। वही लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज में चार लड़कियां टापर रही। हाईस्कूल में कोमल 88.33, खुशी कुमारी 88.17,शालू शर्मा 85.17, अंकिता जायसवाल 83.83 प्रतिशत पाकर अव्वल रही। वही इंटर मीडिएट में अपराजिता 85.2,प्रिया दीक्षित 85, चांदनी 84.4,सोनम सिंह 82 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## संक्षेप

### मकान पर पेड़ गिरने से हुआ नुकसान



हसनपुर में मकान पर गिरा पेड़।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हसनपुर के बड़की बारी स्थित नन्दलाल यादव के रिहायशी मकान पर सोमवार की रात में आंधी पानी में पीपल का पेड़ गिर गया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में मकान के अंदर रखा अनाज, भूसा, कपड़ा आदि समान नष्ट हो गया। इस दौरान परिजनों ने भागकर जान बचाई। बताते हैं कि क्षेत्र के हसनपुर ग्राम सभा के बड़की बारी स्थित नन्दलाल यादव का परिवार मकान में एक तरफ सामान व दूसरी तरफ परिवार के साथ रहते थे। सोमवार की रात में आयी तेज आंधी पानी से पीपल का बृक्ष मकान के एक हिस्से पर गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घर गृहस्थी का सामान, अनाज, भूसा आदि भी नष्ट हो गया। परिवार के लोग पेड़ की आवाज सुनकर बाहर भाग खड़े हुए।

### कर्मनाशा नदी में युवक कूदा, हालत गंभीर

**शहाबगंज।** कर्मनाशा पुल से मंगलवार की शाम को विक्षिप्त व्यक्ति के नदी में कूद जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चोट गंभीर देख चिकित्सक ने इलाज जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया। कस्बा निवासी संजय का पुत्र शिवदत्त कुछ दिनों से अर्ध विक्षिप्त चल रहा है। मंगलवार की शाम को किसी की बाइक लेकर पैदल ही नदी पार कर रहा था। उसी समय अचानक से पुल से नदी में छलांग लगा दिया। वहीं युवक पानी में न गिरकर जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को नदी में गिरता देख भारी संख्या में लोग जुट गया। पुलिस ने आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### अवैध कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**चकिया।** नगर के सहदुल्लापुर तिराहे के पास स्थित देसी शराब की दुकान के पास से रात 9 बजे कोतवाली पुलिस ने बाइक सवार युवक को अवैध 12 बोर कट्टा और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देसी शराब की दुकान के आसपास बाइक सवारों की चेकिंग करने पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जिसके बाइक की तलाशी लेने पर 12 बोर का अवैध कट्टा और जिंदा कारतूस गाड़ी की डिक्की में बरामद हुआ। आरोपी की पहचान संजय सिंह वार्ड नंबर 7 बुधनगर निवासी के रूप में हुई जिसे बाइक सहित युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। जहां से उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### नाथूपुर पंचायत भवन में मिला शव

**पडाव।** क्षेत्र के नाथूपुर गांव के पंचायत भवन मे अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गयी। दोपहर बाद 2 बजे के लगभग जब काफी दुर्गंध उठने लगी तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस के अनुसार मांग कर जीने खाने वाला व्यक्ति था और मंदबुद्धि वाला भी था, जबकि देर शाम तक पहचान नहीं हो पाई थी गौरतलब हो कि उक्त पंचायत भवन से सटा हुआ प्राथमिक विद्यालय भी है।

### प्रबंधक के भाई के निधन पर शोक

**चहनियां।** खण्डवारी देवी इंटर कालेज में मंगलवार को बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें घनश्याम सिंह पीजी कालेज वाराणसी के प्रबंधक नागेश्वर सिंह के भाई सुनील सिंह प्रयागराज सीएमओ के निधन पर शोक ब्याप्त कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी। शोक सभा मे डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोष सिंह, अवनीश सिंह, नवनीत तिवारी, सचिदा सिंह, सुशील पाण्डेय, प्रेम नारायण तिवारी, बाबू लाल यादव, अनीश जायसवाल, कफील अहमद, विनोद श्रीवास्तव, मंजू सिंह, शालिनी शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# सकलडीहा इंटर कालेज की खुशी और शिवम ने लहराया परचम

**सकलडीहा।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम मंगलवार को दोपहर में जारी हुआ है। जिसमें सकलडीहा इंटर कॉलेज और आम्बेडकर स्कूल भोजापुर व तुलसी स्मारक इंटर कालेज नोनार के बच्चों ने जिले की टॉपरों की सूची में नाम दर्ज कराकर स्कूल के शिक्षकों और परिवार का नाम रौशन कर कामयाबी का हासिल किया। इनके कामयाबी पर शिक्षक सहित परिजनों ने हर्ष जताया है। सकलडीहा इंटर कॉलेज के जिले के टॉपरों में शिवम सिंह 91.60 प्रतिशत, खुशी चौरसिया 90.60 प्रतिशत और प्रथमेश मौर्या 90.20 प्रतिशत अंक इंटर में हासिल कर शिक्षक और परिजनों का सम्मान बढ़ाया है। कक्षा-12 की छात्र श्रद्धा 80 प्रतिशत, शुभम पांडेय 86. 66 प्रतिशत, आंचल पांडेय 80.40 प्रतिशत, पूनम पांडेय 84 प्रतिशत अंक हासिल कर कोचिंग व विद्यालय का नाम रौशन किया है। वही चन्द्रावती मेमोरियल इंटर कॉलेज हाईस्कूल की छात्रा प्रतिभा यादव 87.66 प्रतिशत,अनुष्का गुप्ता हाईस्कूल 88.81 प्रतिशत, इंटर की छात्रा स्वधा पाठक 74.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। वही डॉ. आंबेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजापुर के इंटर के छात्र राहुल यादव 95 प्रतिशत, अमृता मौर्या,90.85 प्रतिशत और शंकर मणि गौतम ने 88.66 अंक हासिल करके विद्यालय और परिवार का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. एसके लाल, रविकुमार, शिक्षक श्यामनारायण पांडेय ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

### सूरज गुप्ता ने छठा स्थान प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन

**चंदौली।** सदर विकासखंड के वाजिदपुर गांव निवासी गंगा गुप्ता का पुत्र सूरज गुप्ता ने जनपद में छठा स्थान प्राप्त कर अपने गांव के साथ जनपद का नाम रौशन किया है। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को भी वैसे ही परिजनों में खुशी का माहौल कायम हो गया। साथी बधाई देने वालों का तांता लग गया। बताते हैं कि गंगा गुप्ता मजदूरी करके अपने बच्चे सूरज गुप्ता को जिला मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में हाई स्कूल मैं पढ़ाते हैं। सूरज गुप्ता ने अपने पिता के नाम के साथ साथ जनपद का भी नाम रोशन किया है 600 में 570 अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। इसके लिए वह अपने चाचा डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियर गोविंद गुप्ता और अखिलेश के साथ-साथ अपने माता-पिता को इस सफलता का श्रेय दिया। यही नहीं माता-पिता भी अपने पुत्र पर गौरव कर रहे हैं। एक छोटे से गांव से निकलकर जनपद में छठा स्थान प्राप्त करना यह एक बड़ी सूरज गुप्ता के लिए उपलब्ध है उसका मानना है कि शिक्षक बनकर आगे बच्चों को शिक्षा देने का काम करेंगे।

### जिला जज ने प्रशासनिक अफसरों संग की बैठक

**चंदौली।** जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में मंगलवार को सदर तहसील सभागार में राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के साथ ही अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि 13 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर दाण्डिक वादों, धारा 138 एन.आई. एक्ट, बैंक रिकवरी, श्रमिक वाद, जल एवं गृहकर वाद, विद्युत बिल राजस्व वाद, वैवाहिक वाद, भूमि अधग्रिहण वाद व अन्य सिविल वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी राजीव कमल पांडेय, विकास कुमार शर्मा के साथ ही एडीएम उमेश कुमार मिश्र, सदर तहसीलदार सतीश, नायब तहसीलदार चित्रसेन यादव, दिनेश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार मुगलसराय नीरज चतुवेर्दी, नायब तहसीलदार चकिया राजेन्द्र यादव, भरत लाल एवं जिला उपायुक्त वरिष्ठ सहायक धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# आरबीआई ने करायी वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा



आरबीआई की ओर से आयोजित वित्तीय प्रश्नोत्तरी परीक्षा में शामिल बच्चे।

**चंदौली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निदेशों के क्रम में सोमवार को अखिल भारतीय वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन नगर पालिका इंटर कॉलेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर एवं आदित्य नारायण इंटर कॉलेज चकिया पर किया गया। परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह की घोषणा की गई। इसके बाद जनपद स्तर पर चयन किया गया। खंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000, द्वितीय स्थान के लिए 4000 और तिथि स्थान के लिए 3000 की धनराशि प्रदान की गई। जनपद के नगर पालिका इंटर कॉलेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर एवं ए एन इंटर कॉलेज चकिया के सभी 5 तहसील क्षेत्र से आए 20 स्कूलों के 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दोनों परीक्षा स्थल के कक्ष प्रभारी अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज बर्णवाल, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधकी अभिलाष शाह, भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से सहायक महाप्रबंधक शिव सिंह अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जीआरपी व आरपीएफ ने छत्तीस लाख के साथ तस्कर को पकड़ा

**सफलता**

### तस्करी के आरोपी युवक को पुलिस ने आयकर विभाग को सौंपा



नकदी के साथ पकड़े गए युवक संग जीआरपी।

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो के फुटओवर ब्रिज के सीढ़ियों के पास से एक युवक को 36 लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा है। युवक रुपये की खेप लेकर वाराणसी से कोलकाता जा रहा था। रुपयों से संबंधित कागजात न मिलने पर रुपये जब्त कर युवक को हिरासत में लिया गया। बाद में रुपये और तस्करी के आरोपी युवक को वाराणसी से आई आयकर विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। इस बाबत पुलिस उपाधीक्षक वाराणसी जीआरपी कुंवर प्रभात सहिं ने बताया कि अपराधियों की धड़पकड़ के लिए आरपीएफ और जीआरपी स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लगातार गश्त कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को आधी रात के वक्त जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गश्त करते हुए प्लेटफार्म संख्या एक और दो के फुटओवर ब्रिज के सीढ़ियों के पास पहुंचे। तभी एक युवक संदिग्ध हाल में बैठा मिला। उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें से पांच सौ और दो हजार रुपये के नोट मिले। इसके बार में पूछने पर वह कोई कागजात नहीं दिखा सका। रुपयों की गिनती करने पर वह 36 लाख रुपये मिले। युवक ने अपना नाम मनीष वर्मा निवासी पहड़िया लालपुर वाराणसी बताया। उसने बताया कि उसे रुपयों का बैग कोलकाता पहुंचाना था। वाराणसी के टीम के आने पर रुपये और आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग वाराणसी करेगी।

# डीडीयू नगरः किसी को दोबारा नहीं मिली चेयरमैन की कुर्सी

**चुनावी चर्चा**

### विधानसभा चुनाव की तर्ज पर मैदान ए जंग में चेयरमैन उम्मीदवार





**डीडीयू नगर।** इस बार का निकाय चुनाव विधान सभा चुनाव की तर्ज पर सभी राजनीतिक दल लड़ रहे है। नगर पालिका के चुनाव में सभी दलों की भागीदारी है। चुनाव रोचकता की ओर बढ़ रहा है। नगर पालिका डीडीयू नगर के अध्यक्ष पद पर सभी दलों ने कब्जा जमाया है। यहां निर्दल भी अध्यक्ष होने का गौरव हासिल किया है। हालांकि नगर पालिका का इतिहास रहा है कि कोई दोबारा अध्यक्ष बनने का गौरव नहीं प्राप्त कर सका है।

आरक्षण के चलते समय समय पर सीट बदल गई है। इस बार अनुसूचित जाति महिला के लिए यह सीट निर्धारित है। निकाय चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल समीकरण बनाने में लगे हैं। चुनाव प्रचार तेज हो गया है। प्रत्याशी समर्थकों के साथ रणनीति बनाने में लगे हैं। इस बार का चुनाव भी काफी रोचक होने की उम्मीद है। विधानसभा चुनाव की तर्ज पर सभी राजनीतिक दल इस चुनाव में भागीदारी की है। यहां के मतदाता जिस तरह विधान सभा चुनाव में निर्दल से लेकर हर राजनीतिक दल को मौका दिया है। इसी तरह नगर पालिका के चुनाव में भी निर्दल और सभी दलों को मौका दिया है। अब तक यहां कुल 10 चेयरमैन हुए हैं। बीच-बीच में प्रशासक भी तैनात रहे। इस बार 11वें चेयरमैन का चुनाव होना है।

1972 से 1988 के बीच 16 साल तक यह नगर पालिका सुपरसीड रहा और यहां की देख-रेख कई प्रशासकों द्वारा की गई। यहां के सबसे पहले चेयरमैन चुन्नी लाल क्षेत्रपाल रहे। उनके बाद क्रमशरू मातादीन सिंघानियां, मोहम्मद रसूल हक, पारसनाथ तिवारी और भैयालाल जायसवाल चेयरमैन हुए। इन्हीं के बाद 16 साल तक नगर पालिका सुपरसीड रही। 1988 में चुनाव हुआ और सिराजुल हक निर्दल चुनाव लड़कर चेयरमैन हुए। 1993 में बोर्ड पुनरू सुपरसीड हो गया और प्रशासक नियुक्त हुए। 1995 के चुनाव में सरस्वती देवी चौहान भाजपा के टिकट पर अध्यक्ष बनी। और उनके बाद 2000 में मुसाफिर सिंह चौहान बसपा के टिकट पर चुनाव में जीत दर्ज की।

2005 में चुनाव होने तक प्रशासक नियुक्त रहे। 2006 के चुनाव में राजकुमार जायसवाल समाजवादी पार्टी के टिकट पर चेयरमैन बने। 2011 से यहां प्रशासक नियुक्त है और 2012 में भाजपा के टिकट पर रेखा जायसवाल नगर की प्रथम नागरिक बनी। 2017 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर संतोष खरवार चेयरमैन बने।वर्तमान चुनाव में किस दल पर मतदाता भरोसा जताकर उसको चेयरमैन बनाते है। यह भविष्य के गर्भ में हैं।

# पानी निकासी को लेकर विवाद मारपीट में एक की मौत

**विवाद**

### पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिसने आठ के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा



धानापुर अस्पताल में घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के अटौली गांव में मंगलवार को पानी की निकासी को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गई और लाठी, डंडे और फावड़े का खुलकर प्रयोग किया। इस घटना में एक की मौत हो गई, वहीं चार और लोगों को चोटे आई हैं। मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। इस घटना में दोनों पक्षों से पांच लोगों को चोटे आई हैं जिनमे एक की मौत हो गई है। बताते हैं कि अटौली निवासी सुखदेव और राजकुमार के बीच जमीन संबंधित विवाद को लेकर पुरानी विवाद है। जमीन का मामला न्यायालय में लंबित है। उक्त जमीन पर दोनों पक्ष अपने-अपने मवेशी बांधते थे। रात में हुई तेज बारिश के कारण वहां जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, मंगलवार की सुबह एक पक्ष द्वारा पानी निकाले जाने के लिए प्रयास किया जा रहा था उसी समय दूसरे पक्ष के लोग आकर विरोध करने लगे और देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया। दोनो पक्षों से जमकर लाठी डंडे और फावड़े चलने से एक पक्ष से सुखदेव यादव 60 वर्ष, रामा यादव 58 वर्ष, सुनील यादव 25 वर्ष, और अमरनाथ यादव 35 वर्ष तथा दूसरे पक्ष से राजकुमार यादव 65 वर्ष को गंभीर चोटे आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार कर उन की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से रामा यादव और सुखदेव यादव को गंभीर चोट होने के कारण वाराणसी भेज दिया गया। जहां रामा यादव 60 वर्ष की मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण सुखदेव यादव की स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षकने बताया कि घटना में अमरनाथ की तहरीर पर एक ही पक्ष के दो महिला सहित आठ लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

### निकाय चुनावः उम्मीदवारों को दी निर्वाचन व्यय से जुड़ी जानकारी

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय ब्यौरा से सम्बन्धित जानकारी देने हेतु मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय (सम्बन्धित तहसील मुख्यालय में प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय का ब्यौरा रजिस्टर में अंकित किए जाने के बारे में जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण में सम्बन्धित उम्मीदवारों को निर्वाचन हेतु तय किये गये सामग्री की रेट लिस्ट निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को प्रतीक चिह्न का आवंटन किया जा चुका है। इस क्रम में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारो हेतु अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित की गयी है, जिसमें अध्यक्ष पदों के लिए अधिकतम व्यय की सीमा 9 लाख, सदस्य नगर पालिका परिषद पद के लिए अधिकमत व्यय की सीमा 2 लाख, अध्यक्ष नगर पंचायत पद के लिए व्यय की सीमा 2.50 लाख एवं सदस्य नगर पंचायत पद के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 50 हजार निर्धारित की गयी है।

# घनश्याम के हाथों में होगी चंदौली बसपा की कमान

**कमान**

### पार्टी ने पांचवीं बार घनश्याम प्रधान के नेतृत्व में जताया भरोसा

जनसंदेश न्यूज



जिलाध्यक्ष बनने के बाद घनश्याम प्रधान का स्वागत एवं सम्मान करते बसपा कार्यकर्ता।

**चंदौली।** बहुजन समाज पार्टी चंदौली की कमान एक बार फिर घनश्याम प्रधान के हाथों में है। पार्टी ने उनके कुशल नेतृत्व को देखते हुए नगर निकाय चुनाव के बीच उन्हें पांचवीं बार चंदौली जनपद का जिलाध्यक्ष बनाया। इस दायित्व के साथ ही उन्हें निकायों में पार्टी प्रत्याशियों की जीत के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद भी जताई है। बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पूर्व कुमारी मायावती के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने घनश्याम प्रधान को पुनः जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इसकी जानकारी होते ही चंदौली के बसपा कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया। इसके बाद बसपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान का माल्यार्पण का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि बसपा को मजबूती प्रदान कर मेरी प्राथमिकता व दायित्व है, जिसका निर्वहन पूरी निष्ठा व आस्था के साथ होगा। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर व कांशीराम के विचारों को आत्मसात करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलकर बहुजन समाज के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक उत्थान की दिशा में बसपा कार्य करेगी। स्वागत करने वालो में मुकेश कुमार, विजेंद्र कुमार, रवि कुमार, आसिफ खान, महेंद्र मास्टर, नीरज पांडेय, सुभाष चंद यादव, राजेंद्र प्रधान, कबिंद्र मास्टर, उत्तम कुमार, प्रदीप कुमार, अजय भारती, इरशाद अहमद बबलू आदि लोग उपस्थित रहे।

## बेंगलुरु दौड़ की अंतरराष्ट्रीय दूत होगी सान्या रिचर्ड्स रॉस

**बेंगलुरु।** पूर्व ओलंपिक और 400 मीटर में विश्व चैंपियन सान्या रिचर्ड्स रॉस को 21 मई को यहां होने वाली विश्व 10 किमी बेंगलुरु दौड़ का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा दूत नियुक्त किया गया है। अमेरिका की एथलीट सान्या रिचर्ड्स रॉस विश्व एथलेटिक्स की नामी खिलाड़ियों में शामिल है। वह ओलंपिक में लगातार तीन बार चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ जीतने वाली दुनिया की एकमात्र महिला एथलीट हैं। जमैका में जन्मी सान्या रिचर्ड्स रॉस ने ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 14 पदक जीते हैं। इसके अलावा विश्व रिले में उनके नाम पर तीन स्वर्ण पदक दर्ज है। उन्होंने डायमंड और गोल्डन लीग में भी कई पदक जीते हैं। सान्या रिचर्ड्स रॉस ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं टीसीएस विश्व 10 किमी बेंगलुरु का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। भारत में इस तरह की दौड़ तेजी से विकास कर रही है और मैं 2018 में देश के पिछले दौरे के दौरान दिल्ली में इसकी गवाह रह चुकी हूं।



# टीम इंडिया का ऐलान, रोहित शर्मा की कप्तानी में रहाणे को भी मिली जगह

## कई उन प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जो लंबे अर्से से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2023 के बीच एक बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई की ओर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला सात जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा।

इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान पहले ही कर दिया गया था, अब बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एक बार फिर से रोहित शर्मा के ही हाथ में रहेगी, वहीं कई उन प्लेयर्स




को भी टीम में शामिल किया गया है, जो लंबे अर्से से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे। आईपीएल में सीएसके के लिए खेल रहे और बेहतरीन खेल दिखा रहे अजिंक्य रहाणे को बीसीसीआई की ओर से इनाम दिया गया है। उन्हें एक बार फिर से टीम इंडिया का टिकट मिल गया है।

बीसीसीआई ने सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय स्क्वाड में अजिंक्य रहाणे का नाम शामिल किया है। रहाणे ने भारत के लिये आखिरी टेस्ट 11 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका में खेला था, हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में वह शानदार फॉर्म में रहे हैं। रहाणे ने आईपीएल 2023 में अब तक पांच मैच खेलकर 199.04 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाये हैं, जिसके कारण उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये चुनने पर विचार किया गया। उल्लेखनीय है कि रहाणे के टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रेयस अय्यर को उनकी जगह दी थी, लेकिन अय्यर कमर की सर्जरी करवाने के कारण करीब छह माह के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं।

भारतीय सरजमीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले अय्यर का वापसी करना मुश्किल है।

## डेविड मिलर और अभिनव मनोहर के बीच अच्छी साझेदारी, गुजरात का स्कोर 150 रन के करीब

आईपीएल में मंगलवार को रोहित शर्मा की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस का सामना रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस से है। दोनों टीमें अंक तालिका में बीच में हैं और इस मैच में जीत के साथ प्लेऑफ की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाना चाहेंगी। गुजरात की टीम जीत के साथ इस मैच में आ रही है, वहीं मुंबई को पिछले मैच में हार मिली थी। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। 101 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद गुजरात की पारी लड़खड़ाई थी, लेकिन डेविड मिलर और अभिनव मनोहर ने शानदार साझेदारी कर गुजरात को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया है।



## पिंडली की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटी ओंस जाबूर



**मैड्रिड।** गत चैम्पियन ओंस जाबूर बायीं पिंडली में चोट के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूनामेंट से हट गई है जिससे उनकी फ्रेंच ओपन की तैयारियों को करारा झटका लगा है। ट्यूनीशिया की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में चल रहे क्ले कोर्ट टूनामेंट के सेमीफाइनल में तब मैच से हटने का फैसला किया जब वह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक के खिलाफ पहले सेट में 0-3 से पीछे चल रही थी। जाबूर ने इसके बाद ट्विटर पर पोस्ट किया कि उनकी पिंडली चोटिल हो गई है और उन्हें कई तरह की जांच करानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे इस चोट से उबरने के लिए समय चाहिए। मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मैं मैड्रिड में नहीं खेल पाऊंगी। जाबूर पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही थी। उन्हें पिछले साल फ्रेंच ओपन में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थी। फ्रेंच ओपन 28 मई से पेरिस में शुरू होगा।

# आरसीबी ने राजस्थान के खिलाफ की बड़ी गलती, विराट कोहली पर लगा दोगुना जुर्माना

## लग सकता है प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान विराट कोहली ने टीम को लगातार दो मैचों में जीत दिलाई है। उन्होंने 18 महीने बाद आईपीएल में कप्तानी करते हुए पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स को हराया। हालांकि, कोहली के लिए इस बीच एक बुरी खबर आई है। विराट पर रविवार (23 अप्रैल) को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया है।



इस बार यह जुमार्ना सिर्फ टीम के कप्तान को नहीं, बल्कि पूरी टीम पर लगी है। कोहली पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, आरसीबी के अन्य खिलाड़ियों को भी सजा मिली है। उनके मैच फीस का 25 फीसदी हिस्सा काटा गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में यह बताया गया कि आरसीबी की टीम राजस्थान के खिलाफ समय पर पूरे ओवर नहीं डाल सकी। सीजन में टीम ने दूसरी बार ऐसा किया है।

***लखनऊ के खिलाफ मैच में भी की थी गलती***


विराट पर 24 लाख रुपये और इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 के अन्य खिलाड़ियों पर छह-छह लाख रुपये या मैच की 25 फीसदी का जुमार्ना लगाया गया है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद जुमार्ना लगा था। टीम की दूसरी गलती के कारण इस बार बड़ा जुमार्ना लगा है। अब अगर टीम ने एक बार फिर ये गलती की तो कप्तान पर एक या उससे ज्यादा मैचों का प्रतिबंध भी लग सकता है। ऐसे में विराट आगामी मैच में कप्तानी करते हैं तो उन्हें संभलकर रहना होगा, नहीं तो बड़ी सजा मिल सकती है।

***मैच में क्या हुआ था?***

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 189 रन बनाए थे। फाफ डुप्लेसिस ने 62 और मैक्सवेल ने 77 रन की पारी खेली थी। राजस्थान के लिए ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने दो-दो विकेट लिए थे। इसके जवाब में राजस्थान की टीम छह विकेट खोकर 182 रन ही बना पाई। देवदत्त पडीक्कल ने 52 और यशस्वी जायसवाल ने 47 रन बनाए। अंत में ध्रुव जुरेल ने 16 गेंद में 34 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आरसीबी के लिए हर्षल पटेल ने तीन विकेट लिए।


## बॉलीवुड न्यूज

### आयुष्मान खुराना को ड्रीम गर्ल 2 को मिली नई रिलीज डेट



**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के फैन्स इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुक है और हाल में पूजा की एक झलक देखने के बाद उनकी ये बेकरारी काफी बढ़ भी गई, जिनके लिए फिल्म का और इंतजार कर पाना थोड़ा मुशकिल हो गया है। अब उनका ये इंतजार थोड़ा सा और लंबा होने वाला है क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट बदल कर 25 अगस्त, 2023 कर दी गई है। इस देरी की वजह कथित तौर पर फिल्म के वीएफएक्स वर्क को बताया जा रहा है। दरअसल ड्रीम गर्ल 2 में वीएफएक्स वर्क बहुत अहम है, क्योंकि फिल्म में पूजा और करम की भूमिका आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं। ऐसे में टीम यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है कि वह पूजा के रूप में सहज और कन्विंसिंग दिखें। इस के बारे में बात करते हुए बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड की जॉइंट मैनेजर डायरेक्टर -एकता आर कपूर ने कहा कि हम चाहते हैं कि आयुष्मान खुराना का किरदार ड्रीम गर्ल 2 में पूजा के रूप में बिल्कुल परफेक्ट दिखें, और इसलिए हम फेस के लिए वीएफएक्स वर्क को परफेक्ट तरीके से करने के लिए थोड़ा और समय ले रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे दर्शक फिल्म देखते समय जितना हो सके उतना बेस्ट अनुभव करें। ड्रीम गर्ल 2 के लिए वीएफएक्स वर्क फिल्म का एक जरूरी हिस्सा है, और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम अपने दर्शकों को हाई क्वालिटी प्रोडक्ट डिलीवर करें। ये फिल्म धमाकेदार कॉमेडी होने का वादा करती है जो दर्शकों को हंसा हंसाकर लोट-पोट कर देगी।

### वर्धन पुरी ने किया खुलासा कैसे मिली विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म



**इंदौर।** ये साली आशिकी से जबरदस्त डेब्यू कर चुके वर्धन पुरी की इस फिल्म को क्रिटिक द्वारा खूब सराहा गया था परन्तु पेंडेमिक के कारण चीजे ठीक से काम नहीं कर पाई परन्तु वर्धन के प्रजेंस ने लोगोंग के दिलों पर एक अलग छाप छोड़ दी। हालांकि, अब वर्धन कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स के साथ लोगों को आश्चर्यचकित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आप को बता दें कि द कश्मीर फाइल्स के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ उनकी अगली फिल्म है। हालांकि वर्धन के लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए मैनिफेस्ट किया था। वे बताते हैं की किस तरह यह फिल्म उन्हें मिली। विवेक के साथ उनका फैसिनेशन कैसे शुरू हुआ, इस बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने साझा किया, 2019 में, जब द तशकेंट फाइल्स रिलीज हुई, मुझे याद है की मैंने इसे थिएटर में देखा था , मैंने इसे बहुत ही साहसी, ईमानदार, सम्मोहक और विघटनकारी फिल्म पाया। मुझे याद है कि मैंने देर रात अपने एजेंट को कॉल किया और उनसे विवेक अग्निहोत्री का नंबर माँगा। नंबर मिलते ही वर्धन ने देर रात विवेक को मैसेज किया। ऐसा इसलिए था क्योंकि मैं फिल्म से काफी प्रभावित था। मैंने उन्हें मैसेज किया कि मैं एक अभिनेता हूं जिसने हाल ही में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग पूरी की है और वास्तव में उनके साथ काम करना चाहता हूँ, और उन्होंने सेकंड के भीतर मुझे जवाब दिया कि अगर साथ काम करना हमारी नियति में है तो हम जरूर करेंगे।

# तेज आंधी पानी से कई मार्ग अवरुद्ध बिजली व्यवस्था हुई ध्वस्त



आंधी-पानी में गिरा विद्युत पोल।



कंदवा क्षेत्र में आंधी-पानी में भींगा अनाज।

**जनसंदेश न्यूज**

**कन्दवा।** तेज आंधी पानी से सोमवार की देर रात आए सैयदराजा-जमानिया मार्ग पर अवरैइया गांव के पास बबूल का पेड़ गिर गया, जो कि दुर्घटना का कारण बन सकता है। बबूल की गिरा पेड़ आधा मार्ग पर आ गया है जिससे आवागमन में हो रही परेशानी। सोमवार की देर रात आए तेज आंधी पानी जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं किसानों की गढ़ी कमाई खेत व खलिहान में पड़ा हैं गेहूं, चना, मटर व मसूरी सहित आदि मोटा अनाज भी पानी से भींग गया है। वहीं आधी पानी से छह उपकेन्द्र फीडर ररूआ, ककरैत, धीना, असना, विश्व बैंक तकनीकी खराबी से जिससे 130 गांव के बिजली 20 घंटे गुल रही। घोसवा व जेवरी के बीच में 11 हजार पावर के सप्लाई का बिजली का पोल जमीन पर गिर गया, जिससे घर कूलर पंखा, फिरिज, इनवर्टर चार्जर आदि तकनीकी सो पीस बने रहे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर डीआईजी ने अफसरों संग की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया ने मंगलवार को जनपद का दौरे पर रहे। इस दौरान पुलिस लाइन में बैठक कर निकाय चुनाव की तैयारी के बाबत जानकारी ली। वहीं अपराध नियंत्रण को लेकर जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मातहतों को पूरी सतर्कता बरतने के आदेश दिए। लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिले में चार मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा। पीडीडीयू नगर पालिका परिषद, सदर, सैयदराजा और चकिया नगर पंचायत के लिए मतदान होगा। ऐसे में प्रशासन अलर्ट हो गया है। प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से आचार संहिता का अनुपालन कराने की चुनौती है। वहीं कानून व्यवस्था को काबू में रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन को संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है। ऐसे में डीआईजी ने मातहतों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

कहा कि टाप टेन अपराधियों, अवांछनीय तत्वों व उपद्रवियों पर पैनी नजर रखें। सोशल मीडिया की भी मॉनिटरिंग की जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि जिले की पुलिस चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जागरूकता ही मलेरिया से बचाव का बेहतर उपाय: सीएमओ

**चंदौली।** जिले में विश्व मलेरिया दिवस पर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार और स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजन हुआ। इसमें लोगों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें इस रोग से बचाव व त्वरित उपचार की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित गोष्ठी के बाद जागरूकता रैली निकाली गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वाईके राय ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व गोष्ठी में सीएमओ ने कहा कि हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।

इस दिवस को मनाने का मुख्य मकसद है कि मच्छर जनित रोगों में शामिल मलेरिया की गंभीरता के प्रति लोग जागरूक हों। उन्होंने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस मनाने का फैसला वर्ष 2007 में डब्ल्यूएचओ के 60वें सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। जिला मलेरिया अधिकारी पीके शुक्ला ने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए जिले में व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके तहत जिला स्तरीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मलेरिया की जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मलेरिया को लेकर लोगों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पीके शुक्ला ने बताया कि मलेरिया का मच्छर सामान्यतः शाम और सुबह के बीच काटता है। यह बीमारी मादा मच्छर एनोफीलिज के काटने के कारण होती है। अगर मलेरिया का संक्रामक मच्छर काट लेता है तो स्वस्थ मनुष्य में 10 से 14 दिन बाद यह रोग विकसित होता है। सहायक मलेरिया अधिकारी राजीव सिंह ने कहा कि मलेरिया निरीक्षकों की टीम जिले में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए संबंधित विभागों और सामुदायिक योगदान के जरिये अभियान में जुटी हैं। समुदाय के लोगों की



सीएमओ दफ्तर सभागार में मलेरिया दिवस पर संकल्प लेते अफसर व कर्मी।

### लक्षण दिखने पर कराएं जांच

**चंदौली।** मलेरिया के संभावित लक्षण वाला बुखार होने पर व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाए। खून की जांच में मलेरिया निकलने पर डॉक्टर की सलाह पर ही दवा लेनी चाहिए। सीएचसी एवं पीएचसी सहित सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर इसकी जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध होती है।

सहायता और सतर्कता से मलेरिया से बचाव किया जा सकता है। मलेरिया से बचाव के लिए बदन को ढ़कने वाले कपड़े जरूर पहने। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें। घर के आस-पास नाले की साफ सफाई करते रहे।

# भोड़सर में बाल मेला में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शहाबगंज।** कम्पोजिट विद्यालय भोड़सर में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित बाल मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार व विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वही नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले में विज्ञान प्रदर्शनी, व्यंजन मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहरों में लग रहे जाम से निजात दिलाने पर आधारित माडल पेश किया।

प्रदूषण से मुक्ति, जंगल व घर को आगलगी से बचाव पर आधारित माडल भी बच्चों ने बनाकर प्रदर्शित किया। घर के किसी कोने में शार्ट सर्किट से आग लगने पर अलार्म बजने वाला माडल बनाया। जिसके बाद गृह स्वामी अलर्ट होकर आग को बुझा सकेंगे। वहीं विभिन्न



भोड़सर में बाल मेले का शुभारंभ करते अतिथिगण।

कक्षाओं के बच्चों ने व्यंजन मेला भी लगाया। जिसमें चाट, पकौड़ी, एगरोल, बर्गर सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल सजे थे। स्कूली बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने बाल मेले का जमकर लुत्फ उठाया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया है जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति ललक जगाने के उद्देश्य से इस बाल मेले का आयोजन किया गया है। प्रधानाध्यापक जैनेन्द्र कुमार लाल,अजय कुमार गौतम आशुतोष पति त्रिपाठी,अभिषेक राठौर,सत्येंद्र सिंह, रंजीत कुमार, गुलाब शर्मा, रामविलास, गोविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# विवि के प्लांट से चिकित्सालयों को भी मिलेगा ऑक्सीजन : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**विशेष रक्तदान शिविर**

### गर्मी में पानी का सेवन करते रहें : सीएमओ

### विश्वविद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा एवं विशेष रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



रक्तदान शिविर में छात्र का उत्साहवर्धन करतीं कुलपति एवं सीएमओ

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा एवं विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन शासन के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय एवं राज्य रक्त संचरण परिषद् उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने फीता काटकर किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहाकि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया गया है। विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन का प्लांट लगाया है। इससे विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त अन्य चिकित्सालयों को भी ऑक्सीजन की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने छात्राओं को विशेष तौर पर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने की सलाह दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निरन्तर रक्तदान करना बहुत ही नेक काम है। हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के समय हम सभी को थोड़े- थोड़े अंतराल पर पानी का सेवन करते रहना चाहिये इससे कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रजनन आयु की महिलाओं को सरकार द्वारा सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के लिए जल्द ही वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा यह एक सकारात्मक पहल है। कोविड-19 के बाद आम जनमानस को निरंतर जागरूक करने की जरूरत है। शिविर में डॉ. दुर्गेश सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा 150 मरीजों की बीएमआर की जाँच की गई। इसके साथ ही पोषण की भी जानकारी दी गई। फार्मेसी संस्थान द्वारा गाँव के लोगों को स्वास्थ्य शिविर में लाकर रक्त की जाँच कराई गई एवं निःशुल्क दवा वितरित की गई। रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त विद्यार्थियों द्वारा दान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय वर्मा एवं धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. पुनीत सिंह ने किया। शिविर का संयोजन प्रो. रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मिशन निरामया में बीस कॉलेज के प्रबंधक व प्रिंसिपल ने किया सहभाग



अवध नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा चलाये चलाए जा रहे मिशन निरामया के अंतर्गत जनपद के विशेषरपुर पंचहटिया स्थित अवध नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। यूपी स्टेट मेडिकल फैकेल्टी लखनऊ से आये सीनियर एडवाईजरअभिषेक कपूर के द्वारा मिशन निरामया के कार्यक्रम के द्वारा नर्सिंग कैरियर काउंसलिंग को लेकर बैठक किया गया जिसमें जनपद में 20 की संख्या मे चल रहे नर्सिंग कालेज के प्रबंधक व प्रिंसिपल के द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यक्रम मे सीनियर एडवाइजर अभिषेक कपूर ने नर्सिंग कालेज के गाईडलाइन के अनुसार पाठ्यक्रम को संचालित करने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सभी कॉलेज के प्रबंधक व प्रिंसिपल के द्वारा कॉलेज के संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। उसी दौरान अवध नर्सिंग कॉलेज की प्रबंध निदेशिका डॉक्टर शकुंतला यादव ने कहाकि नर्सिंग कॉलेज के संचालन में कई समस्यायें आती है जिनमें शहर से दूर कालेज में एडमिशन व अच्छे फैकल्टी नहीं मिलते, समय पर परीक्षाओं के न होने से भी बच्चों को आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा के पश्चात कॉपी जाँचने के लिए विषय से संदर्भित कुशल व योग्य शिक्षक का चयन किया जाय जैसी तमाम समस्यायों से अवगत कराया। कार्यक्रम मे नर्सिंग कालेजों के प्रबंधक और प्रिंसिपल अखिलेश सिंह, आकाश मौर्या, श्रवण, सुभाष, ज्योति प्रसाद, प्रीति यादव, अनामिका मिश्रा उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर का परिणाम आते ही खुशी से झूमे छात्र



आयुषी तिवारी



कोमल यादव



प्रिया यादव



कृष कुमार यादव



स्वतंत्र यादव



स्वप्निल यादव



आदित्य कुमार



अहमद रजा



अभिनव पाल



अनुराग यादव



फाकेहा आदिल



आयुषी मौर्य



आयुष यादव



खुशी यादव



शुभम यादव



खुशी बिंद

**परिणाम**

### हाईस्कूल में आदर्श यादव 97 प्रतिशत अंक हासिल कर पूर्वांचल में रहे प्रथम



पूर्वांचल में प्रथम रहे आदर्श यादव का माल्यार्पण कर स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख

**जौनपुर।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट मंगलवार की दोपहर 1.30 बजे घोषित हो गया। रिजल्ट आते ही छात्र-छात्राओं में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। डाक्टर, इंजीनियर बनने का सपना संजोये छात्र अब आगे की तैयारी में जुट गये हैं। छात्र-छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया और उनसे आशीर्वाद लिया। छात्र सुबह से ही इंटरनेट पर रिजल्ट आने के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे थे। जैसे ही रिजल्ट आया सभी खुशी से झूम उठे। फोन, सोशल मीडिया के माध्यम से सभी ने छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण होने की बधाई दी।

इसी क्रम में नेहरू बालोद्यान इण्टर कालेज का परीक्षाफल विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी हाईस्कूल व इण्टर का परीक्षाफल सर्वोत्तम रहा। इण्टरमीडिएट परीक्षाफल में छात्रा आयुषी तिवारी 92 प्रतिशत, कोमल यादव 92 प्रतिशत, प्रिया यादव ने 91.8 प्रतिशत, आयुषी मौर्या 91 प्रतिशत और ज्ञान प्रकाश ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किये। वहीं हाईस्कूल में कृष कुमार यादव 89.83 प्रतिशत, स्वतंत्र यादव ने 89.33 प्रतिशत, स्वप्निल यादव ने 89 प्रतिशत, अनुराग गौड़ ने 87.66 प्रतिशत तथा अल्का यादव ने 87.33 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

राम लखन इण्टर कालेज बेलापार का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में इण्टरमीडिएट में 271 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में 188 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से सभी ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। इसी क्रम में हाई स्कूल में आदर्श यादव 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूर्वांचल में प्रथम स्थान व प्रदेश में सातवें स्थान पर रहा जबकि उदित राज सरोज ने 95 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में दूसरे स्थान पर रहा। दिव्या बौद्ध 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रद्धा यादव ने 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में चतुर्थ स्थान और आर्यन ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। इण्टरमीडिएट परीक्षाफल में निधि ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान, पारुल ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रागनी यादव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। राम किशोर स्मृति बालिका इंटर कॉलेज बेलापार में हाई स्कूल में स्नेहा मिश्रा 94 प्रतिशत व इण्टरमीडिएट में आंचल यादव 87 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। बच्चों के उत्तम प्रदर्शन पर विद्यालय के संस्थापक महेंद्र कुमार यादव व प्रबंधक सुनीता यादव व राम किशोर स्मृति बालिका इण्टर कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार यादव सभी अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई दी है एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाशंकर यादव व प्रधानाचार्या अद्या यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों एवं बच्चों को उत्तम परिणाम के लिए बधाई दी।

इसी क्रम में मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की अधिकतर छात्र छात्राओं ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। छात्र-छात्राओं द्वारा कड़ी मेहनत के पश्चात विद्यालय को प्राप्त इस उपलब्धि पर प्रबंधक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने सराहना की और शिक्षकों को बधाई ज्ञापित करते हुए परीक्षा फल से संतोष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने छात्र-छात्राओं को आगे और कठिन परिश्रम करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को इस उपलब्धि पर शुभकामना दिया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे। मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र आदित्य कुमार मौर्य ने 92 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा अहमद रजा ने 91.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अभिनव पाल ने 89 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल के अनुराग यादव ने 86 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाकेहा आदिल ने 85.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं आयुषी मौर्य ने 84.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में राजाराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल नौपेड़वा का हाईस्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आयुष यादव ने सर्वाधिक 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। खुशी यादव 93.83 और शुभम यादव 93.33 सहित आठ बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया।

आरबीएस किसान मजदूर इण्टर कालेज अकोढ़ा बरईपार के हाईस्कूल की छात्रा खुशी बिंद ने 92 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उसने बताया कि वह सिविल परीक्षा की तैयारी कर अधिकारी बनना चाहती है।

# यूपी बोर्डः समोधपुर का निखिल टॉप टेन में




निखिल पाण्डेय

**96.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठे स्थान पर**

**सुइथाकला।** मंगलवार को जारी माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल की परीक्षा के परिणाम में क्षेत्र के श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर का छात्र निखिल पाण्डेय पुत्र राघवेन्द्र पाण्डेय हाई स्कूल में 600 के पूर्णांक में 578 अंक लाकर 96.3 प्रतिशत के साथ जिले में छठा स्थान प्राप्त कर जनपद में क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसके इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबन्धक हृदय प्रसाद सिंह रानू व प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। निखिल की इस उपलब्धि पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने विद्यालय परिवार की भूरि भूरि प्रशंसा की। वहीं इण्टर की विज्ञान वर्ग की महक तिवारी द्वारा 500 में 458 अंक लाने पर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान विनय तिवारी, जितेंद्र सिंह, धर्मदेव शर्मा, सन्तोष सिंह आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# छात्रों ने उच्च अंक हासिल कर विद्यालय का नाम किया रोशन



ज्योति चौहान



प्रिया चौबे



सुष्मिता जायसवाल



प्रतिभा गौतम



प्रिया यादव



रितु



अंकित कुमार

**चन्दवक।** श्री गिरिजा शरण इंटर कॉलेज मूर्खा, डोभी की इण्टरमीडिएट की छात्रा ज्योति चौहान ने 94.60 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वहीं राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चंदवक की कक्षा 10 की प्रिया चौबे ने 92.16 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी क्रम में भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर लेवरूआ डोभी की इण्टरमीडिएट की छात्रा सुष्मिता जायसवार ने 500 में 467 अंक के साथ 93.4 प्रतिशत पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाइस्कूल की छात्रा प्रतिभा गौतम ने 93.16, प्रिया यादव 92.33, रितु 91.33 तथा अंकित कुमार ने 90.16 प्रतिशत अंक हासिल किये।

# डॉ. बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



अभिषेक यादव



प्रिंस यादव

**सिकरारा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सिकरारा क्षेत्र के डॉ. बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज यादव गंज के दसवीं के छात्र प्रिंस यादव ने 600 में 571 अंक व प्रांजल यादव ने 600 में 562 अंक तथा इंटर में अभिषेक 500 में 449 अंक व अमन 500 में 440 अंक पाकर विद्यालय में सबसे अधिक अंक प्राप्त किया है जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य संतोष कुमार यादव ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कॉलेज का परीक्षाफल रहा सराहनीय

## शिक्षकों ने छात्रों को दी बधाई

**जफरबाद।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कॉलेज हुसेपुर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की अधिकतर छात्र छात्राओं ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। छात्र-छात्राओं द्वारा कड़ी मेहनत के पश्चात विद्यालय को प्राप्त इस उपलब्धि पर प्रधानचार्य ने सराहना की और शिक्षकों को बधाई ज्ञापित करते हुए परीक्षा फल से संतोष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को आगे और कठिन परिश्रम करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को इस उपलब्धि पर शुभकामना दिया। राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र विशाल यादव ने 90 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा मुस्कान नागर ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल के अंकेश यादव ने 90 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अमृता सिंह ने 87 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# आंधी-बारिश से रात भर गुल रही बिजली

**खेतासराय।** क्षेत्र में सोमवार की शाम आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान बिजली गुल हो गई। रात भर बिजली गुल रहने से उपभोक्ता परेशान रहे। आंधी में विद्युत तारों पर गिरी पेड़ की डालियां हटाने के बाद अगले दिन मंगलवार की दोपहर आपूर्ति बहाल हुई। कल शाम सात बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। एक घंटे तक आंधी के साथ बारिश हुई। आंधी की वजह से मनेछा, जपटापुर, गुरैनी, सरायख्वाजा के पास पेड़ की डालियां टूटकर 11 हजार लाइन कट तार पर गिर गई। जिससे नगर को होने वाली आपूर्ति बंद हो गई। रात्रि सवा आठ बजे आंधी के साथ बारिश भी बंद हो गई। रात्रि के चलते ब्रेकडाउन में गई बिजली को ठीक नहीं किया जा सका। इसकी वजह से पूरी रात नगर की विद्युत आपूर्ति बंद रही। रात भर बिजली न रहने से उपभोक्ताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अगले दिन सुबह विद्युत कर्मचारी आपूर्ति बहाल करने में जुट गए। पूर्वांचल यूनिवर्सिटी से बादशाही के बीच जगह जगह तार पर गिरे पेड़ की डालियों को काटकर हटाया गया। करीब 17 घंटे बाद दोपहर में आपूर्ति बहाल हुई।

### आंधी-तूफान और बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सुइथाकला।** सोमवार शाम क्षेत्र में आये आंधी तूफान के साथ बारिश से समूचा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शाम को तेज आंधी-तूफान के साथ ही लगभग देर रात तक झमाझम बारिश होती रही। कुछ जगहों पर ओले भी पड़ने की सूचना पायी गयी। हालांकि इस आसमानी आफत का खेती पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन आम की फसल को काफी नुकसान हुआ। वहीं मांगलिक कार्यों में लगे लोगों को अच्छी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आंधी तूफान के चलते कई जगहों पर पेड़ व टेन्ट तक उखड़ गए। वाहनों से चलने वाले राहगीर सुरक्षा की दृष्टि से खुली जगहों पर सड़क के किनारे अपने वाहनों को खड़ा करके आफत के थमने का इन्तजार करते देखे गए। इसी बीच मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गयी, हालांकि आफत थमने के बाद कुछ जगहों पर आपूर्ति बहाल की गई लेकिन मौजूदा समय में वह कोढ़ में खाज की स्थिति जैसी पैदा कर दी थी।

# सुख भौतिक संसाधनों में नहीं, अच्छे लोगों की संगति में हैः फादर पी विक्टर

**आयोजन**

### काशीरत्न फादर पी विक्टर के पुरोहिताभिषेक की 28वीं वर्षगांठ मनाई गई



पुष्प गुच्छ देकर फादर को सम्मानित करती अध्यापिका समीना फारुकी

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर के पुरोहिताभिषेक की 28वीं वर्षगाँठ मनाई गई। इसके उपलक्ष्य में विद्यालय में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। 28 वर्ष पूर्व आज ही के दिन फादर के चाचा विशप फ्रांसिस द्वारा फादर को पुरोहित के रूप में अभिषिक्त किया गया।

कन्याकुमारी के नायर कोयल गाँव में माता विंसेंट मेरी एवं पिता पीटर के घर जन्मे फादर पी विक्टर ने अपना पौरोहित्य जीवन काशी धर्मप्रान्त को ही समर्पित कर दिया। पुरोहित के साथ ही साथ फादर का जीवन शिक्षा एवं पर्यावरण को समर्पित रहा। फादर ने काशी के अतिरिक्त गाजीपुर एवं जौनपुर में लाखों वृक्ष लगवाए और बच्चों को उपहार के रूप में पौधे प्रदान करते रहे। फादर के पुरोहिताभिषेक की 28वीं वर्षगाँठ पर विद्यालय परिवार ने शुभकामना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर फादर के दीर्घ जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका समीना फारूकी ने पुष्प-गुच्छ देकर फादर को सम्मानित किया। दीप्ती कश्यप ने सुमधुर भजन गाया। परवेज अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में फादर ने कहा कि पुरोहित का जीवन आसान नहीं होता यह कठोर तपस्या का जीवन होता है। पुरोहित को धर्म एवं समाज के कार्य के लिए स्वयं को अर्पित करना होता है। उसका अपना व्यक्तिगत कुछ भी नहीं होता। फादर ने कहा कि व्यक्ति सुख की तलाश करता है पर सुख भौतिक संसाधनों में नहीं अपितु अच्छे लोगों के संग में होता है। अच्छे लोगों का संग ईश्वर के मार्ग में प्रेरित कर वास्तविक सुख प्रदान करता है। पुरोहित अपने आचरण द्वारा समाज को दिशा एवं दशा प्रदान करता है और सन्मार्ग के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अध्यापक परवेज अहमद एवं अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव ने कुशल मंच संचालन किया।

## वृद्ध को कुचलकर ट्रक फरार

**थानागद्दी।** स्थानीय चौकी अंतर्गत खर्गसेनपुर में जेआरएस बिल्डिंग मैटेरियल दुकान के पास तेज रफ्तार ट्रक कुचलते हुए फरार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान बलिराम पुत्र शरबजीत यादव निवासी कैथी जिला वाराणसी के रूप में हुई। मृतक चकरामनगर में अपने किसी मित्र के यहां आता रहता है। कुछ दिन पहले ही आया था। सोमवार की शाम को साइकिल से थानागद्दी बाजार से कुछ सामान लेने निकला था। बाजार से घर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक कुचलते हुई फरार हो गई। मृतक एलआईसी का एजेंट था। पुलिस की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने थाने पर तहरीर दी।



# पूर्व पालिकाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने किया जनसम्पर्क



जनसम्पर्क करते पूर्व पालिकाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल

**चुनाव**

### बीजेपी प्रत्याशी गीता जायसवाल व सभासद संदीप जायसवाल के लिए मांगा वोट

**शाहगंज।** नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष गीता जायसवाल ने नगर के वार्ड नम्बर पन्द्रह में जनसम्पर्क किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व अभियान चलाया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अध्यक्ष समेत सभी सभासदों को भारी बहुमत से जीत दिलाकर नगर पालिका भेजें। नगर के जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारु संचालन हेतु भाजपा की जीत आवश्यक है तभी ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास का पहिया दौड़ेगा। इस दौरान प्रमुख रुप से हर्षचन्द्र जायसवाल, राजू गुप्ता, संदीप जायसवाल समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुघर्टना में चार घायल

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** क्षेत्र के अलग अलग स्थान पर हुए सड़क दुघर्टना में कुल चार लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के बडौना गांव में सोमवार की रात सडक पर टहल रहे उक्त गांव निवासी 70 वर्षीय दिनेश पुत्र अशोक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर तहसील क्षेत्र के मछगवां गांव निवासी 35 वर्षीय विजय बहादुर पुत्र राम अचल सोमवार की देर रात सड़क पर टहल रहे जानवरों की चपेट में आने से बाइक से गिरकर सरायमोहिद्दीनपुर बाजार के समीप गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरी घटना सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्दर पुर गांव निवासी 30 वर्षीय धीरज पुत्र सुरेश खुटहन रोड स्थित कटहिया पुलिया के समीप बीती रात बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। चौथी घटना मंगलवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन से टेम्पो पकडकर आजमगढ़ जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज गांव निवासी 21 वर्षीय उमेश कुमार पुत्र इंद्रजीत घर जाते समय आजमगढ़ मार्ग स्थित पावर हाउस के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पलटने से उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए सभी को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार चिकित्सकों ने किया।




## कार ने बाइक को मारी टक्कर तीन घायल

**चंदवक।** चंदवक गाजीपुर मार्ग पर जमुनीबारी गांव के पास हुंडई कार ने बाइक व साईकल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व लोगों की मदद से सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जमुनीबारी गांव निवासी 32 वर्षीय अखिलेश पुत्र अंगनु राम बाइक से घर जा रहे थे। गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही हुंडई कार वढ14 इ7326 जोरदार टक्कर मारते हुए उसी गांव के साईकिल सवार 17 वर्षीय सुवेश सिंह पुत्र अजीत व 20 वर्षीय राज यादव पुत्र हरगेन को भी टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों व पुलिस के मदद से तीनों घायलों को सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां डॉक्टरों स्थिति गंभीर देखते देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस गाड़ी को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# कमला त्रिपाठी की पुण्यतिथि मनी

याद

### राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के बरपुर गांव में स्वर्गीय कमला त्रिपाठी पत्नी प्रभाकर मणि त्रिपाठी ग्राम सभा बरपुर की तीन बार प्रधान रह चुकी थी, चौथी बार प्रधान पद निर्वाचित हुई लेकिन दुर्भाग्यवश कोरोना काल में 24 अप्रैल 2021 को उनकी मौत हो गई।

उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी सहित प्रबंधक डा. जयप्रकाश तिवारी, ब्लाक प्रमुख श्रीप्रकाश शुक्ला, थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला, फादर पी विक्टर, संतोष तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शारदा प्रसाद मिश्र पूर्व प्रधानाचार्य, वित्तविहीन विद्यालय संघ ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी, डा. विनय त्रिपाठी, राकेश मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि कमला त्रिपाठी कम्युनिस्ट विचार धारा की महिला थी। जो करना है तो करना है, सही कार्य के लिए कृत संकल्प रहती थी। वह हमेशा गरीबों की मदद के लिए किसी भी अधिकारी से कार्य करा लेती थी। उनके न रहने पर मेरी अपनी अपूर्णीय क्षति हुई है। उनका जुझारू तेवर पूरे ब्लॉक में विख्यात था। प्रबंधक जयप्रकाश तिवारी ने कहाकि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई थी। प्रधानाचार्य सेंट जॉन्स ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है जो उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था, उनके कृत्य को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्य अतिथि सहित प्रबुद्ध गणों के हाथों गरीब महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कमला त्रिपाठी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन ओमप्रकाश दुबे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पुण्यतिथि पर गरीब महिलाओं को साड़ी वितरित करती सीमा द्विवेदी

## संक्षेप

### सड़क पर मृत मिले राष्ट्रीय पक्षी को तिरंगे में लपेटकर दफनाया



**सिकरारा।** थाना क्षेत्र के देवीगंज बाजार में मंगलवार सुबह एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पाया गया। बाजार वासियों के मुताबिक उक्त पक्षी को रात में किसी वाहन से धक्का लगने से मौत हो गई थी। सुबह लोगों ने इसकी सूचना वनविभाग व ग्राम प्रधान को दी। प्रधानपति मोहम्मद असलम, सफाईकर्मी देवेंद्र सिंह, विवेक कुमार, राहुल विश्वकर्मा व गांव निवासी व भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी अभिषेक सिंह के साथ मृत राष्ट्रीय पक्षी को तिरंगे में लपेटकर खेत में दफना दिया। बाजारवासियों की सूचना के बावजूद वनविभाग का कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुँच सका।

### तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**खेतासराय।** पुलिस ने मंगलवार को अमरेथुआ मोड़ पर चेकिंग के दौरान एक बदमाश को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अपराध की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देशन में वह पुलिस बल के साथ अमरेथुआ मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद अमीन पुत्र मोहम्मद मुख्तार निवासी सोंगर बताया।

### वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** विगत दिनों क्षेत्र के भटौली गांव में दो चचेरे भाईयों के बीच हुई मारपीट में घायल रविन्द्र पाल की हुई मौत के मामले का वांछित मंगलवार को आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया। पुलिस मामले में भटौली गांव निवासी वांछित विकास कुमार पाल पुत्र स्व श्यामलाल थाना क्षेत्र के जहरुद्दीनपुर के पास मामले में प्रयुक्त लाठी के साथ थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह व उपनिरीक्षक सुनील कुमार व हमराह के हत्थे चढ़ गया। मामले मे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसे न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्सटेबल द्वय विजय सिंह और रामदवन यादव मौजूद रहे।

### चोरी का पकड़ा गया सामान

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के अहन गांव में चोरी किये गये सामान से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी गयी। चौकी प्रभारी चंदन राय अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर अहन गांव में छापा मार कर चोरी की गयी मोटर साइकिल, बैट्री, इनवार्टर, सबमर्सिबल सहित तमाम सामान पिकअप सहित बरामद साथ में एक चोर भी पकड़ा गया है। चौकी प्रभारी से फोन पर हुई बात पर कितने का सामान है तो उन्होने बताया कि अभी कोई अनुमान नहीं लगाया गया है एक चोर की गिरफ्तारी हुई और लोगों की तलाश है। पूछताछ चालू है कि इसके पीछे कितने लोग है।

### पिकअप की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव में सोमवार के शाम घर के बाहर खेल रहे बच्चे की पिकअप के धक्के से दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इम्तियाज का 8 वर्षीय पुत्र आयान की घर के बाहर खेलते समय पिकअप से धक्का लगने से घायल हो गया। घायल बच्चे को उसके स्वजन लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना थाने पर दे दी गई है। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी रही। मृतक अपने स्वजनों के साथ अपने ननिहाल में रहता था। यह मूल रूप से चंदवक थाना क्षेत्र के कनौरा गांव निवासी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

### तेज आंधी ने मचाई तबाही, गिरी दिवार, उड़े टिन शेड

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय क्षेत्र में सोमवार की शाम 7 बजे के आसपास आयी तेज आंधी तूफान व बारिश के कहर से शहाबुद्दीनपुर गांव में शिवशंकर मुसहर नई कालोनी बनवा रहे थे जिसकी दो दीवार तेज तूफान व पानी के बीच गिर गई। वही श्यामपाल निषाद निवासी नैपुरा अपना एक मकान बनवा रहे थे उसकी दीवार भी हवा के तेज झोकं से गिर गई। नैपुरा बाजार में सड़क किनारे गुमटी रख कर चाय बनाने वाले महेंद्र माली, संदीप नागर आदि लोगों का पतरा उड़ गया वही सड़क पर सोसा पट्टी गांव में एक नीम का पेड़ गिर जाने से रात में गाड़ियों का आना जाना बंद रहा। सुबह पेड़ काटकर हटाया गया तब आने जाने वालों को राहत मिली।

# धूमधाम से मनाया गया साई बाबा का 27वां स्थापना दिवस


साईं बाबा की पालकी निकालते अकीदतमंद

**जौनपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को हुसैनाबाद स्थित साईं बाबा मंदिर का 27वाँ वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में आरती के उपरांत हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे, लोलारक नाथ पाठक व रितेश उपाध्याय ने बाबा की आरती कराई। तदोपरांत पालकी अपने कदीम रास्तों से चलते हुए माँ गायत्री माता मंदिर तक हाथी-घोड़ा पालकी के साथ पहुंची। वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह, संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, इंद्रभान सिंह, तेज बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह प्रबंधक तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज, दीपक श्रीवास्तव पत्रकार सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पालकी की शोभायात्रा निकालने में पालकी संयोजक जगदीश सेठ, दीपक, बृजेश कुमार , डॉ. अभिषेक मिश्रा, अजय सिंह, सत्य प्रकाश, रमेश सिंह, डॉ. अंजना सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, आशीष बरनवाल, डॉ. अशोक चक्रवर्ती, अमित श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## आंधी-तूफान और बारिश के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त

**सुइथाकला।** सोमवार शाम क्षेत्र में आयी आंधी तूफान के साथ बारिश से समूचा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शाम को तेज आंधी तूफान के साथ ही लगभग देर रात तक झमाझम बारिश होती रही। कुछ जगहों पर ओले भी पड़ने की भी सूचना पायी गयी। हालांकि इस आसमानी आफत का खेती पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन आम की फसल को काफी नुकसान हुआ। वहीं मांगलिक कार्यों में लगे लोगों को अच्छी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आंधी तूफान के चलते कई जगहों पर पेड़ व टेन्ट तक उखड़ गए। वाहनों से चलने वाले राहगीर सुरक्षा की दृष्टि से खुली जगहों पर सड़क के किनारे अपने वाहनों को खड़ा करके आफत के थमने का इन्तजार करते देखे गए। इसी बीच मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गयी, हालांकि आफत थमने के बाद कुछ जगहों पर आपूर्ति बहाल की गई। लेकिन मौजूदा समय में वह कोढ़ में खाज की स्थिति जैसी पैदा कर दी थी।

# भागवत कथा पर झूमे श्रद्धालु, उमड़ा जनसैलाब

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को क्षेत्र के अरसिया स्थित पैतृक आवास पर पूरे विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें दूर दराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस के जवान भी लगे हुए थे। तयशुदा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कथा का शुभारंभ चिन्मयधाम हरिद्वार से पधारे अन्तरराष्ट्रीय कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य से किया गया।

उन्होंने श्रीमद्भागवत को जीवन का सार बताया। कथा के दौरान अपनी कथा रूपी गंगा बहाकर श्री स्वामी बापू द्वारा उपस्थित जनसैलाब को सराबोर करते हुए मन्त्र मुग्ध कर दिया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में विधायक परिवार द्वारा श्री बापू को पुष्पाहार अर्पित कर श्रीमद्भागवत पुराण की आरती की गई इस दौरान लोग महात्म्य की गंगा में गोते नजर आए। कार्यक्रम आयोजक के रूप में विधायक मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कथा के अन्त में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में रामउदित मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, अशोक मिश्र व राकेश मिश्र समेत विजय शंकर मिश्र, ब्लाक प्रमुख श्रीमती विद्या तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी समेत अन्य तमाम देवतुल्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



## औचक निरीक्षण में 28 अध्यापक मिले अनुपस्थित बीएसए ने रोका वेतन

**भदोही।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उनके टीम के अधिकारियों ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्कूलों में तैनात कुल 28 शिक्षक अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए हैं। अनुपस्थित शिक्षकों व अनुदेशको के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान बच्चों को खुद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रार्थना करवाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अग्रिम आदेश तक शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाई गई है सभी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के शिक्षकों को हिदायत दी है कि सभी लोग समय से स्कूल पहुंचे और समय पूरा होने के बाद ही स्कूल से जाएं। उन्होंने कहा कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित छात्रों के चेहरे पर छायी खुशी

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का रिजल्ट मंगलवार को घोषित हो गया है। रिजल्ट आते ही छात्र छात्राओ के चेहरे पर खुशी देखी गयी। जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में छात्राओ का दबदबा कायम रहा। रिजल्ट देखने के लिए साइबर कैफे के साथ मोबाइल पर भी छात्र देखते रहे।

परीक्षा में अच्छा परीणाम आने पर छात्रो को अभिभावको ने मिठाई खिलाकर आगे और भी अधिक लगन के साथ मेहनत करने की सलाह दी। उत्तीर्ण छात्र छात्राओ से बातचीत करने पर छात्रो ने इंजीनियर डाक्टर सिविल सेवा सहित अन्य क्षेत्र में जाने की बात कही। गोपीगंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के पूरे रामगुलाम स्थित भारत भारती इण्टर मीडिएट कालेज के दो छात्र हाई स्कूल की परीक्षा के टॉप टेन की सूची में रहे। मंगलवार को हाई स्कूल के आए रिजल्ट में श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के छात्र रहे शिवम कुमार यादव पुत्र माता प्रसाद यादव निवासी पिपरिस आधारपुर भदोही ने जहां 96 प्रतिशत अंक पाकर माँ बाप का सर ऊंचा कर दिया है। शिवम ने सारा श्रेय अपने शिक्षक माता पिता को दिया। छात्र ने कहा वो इंजीनियर बनना चाहता है। भारत भारती इण्टर मीडिएट कालेज के होनहार छात्र सूरज यादव पुत्र दिनेश चन्द निवासी दुलहीपुर छत्रशाहपुर ज्ञानपुर जहां टॉप टेन की सूची में 95.33 प्रतिशत पाकर सातवें स्थान पर रहे वही निखिल गुप्ता पुत्र राजकुमार निवासी घुरीपुर जखाव 95 प्रतिशत अंक पाकर नवे स्थान पर रहे। टॉप टेन सूची में आने पर विद्यालय के प्रबन्धक माता प्रसाद चौबे ने दोनो होनहार छात्रों को विद्यालय परिसर में सम्मानित करते हुए मिस्ठान खिलाई।


शिवम कुमार यादव

## मकान पर पेड़ गिरा,धराशायी

चंदवक। क्षेत्र के मूर्खा गांव में बीती रात आयी तेज आंधी व बारिश से जामुन का पेड़ जोखन राम के मकान पर गिर गया जिससे वह धराशायी हो गया। उसमें रखा खाद्यान्न व गृहस्थी का सामान सब नष्ट हो गया। संयोग रहा कि कोई चोटिल नहीं हुआ। घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

# भदोही नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए 23 ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 के क्रम में मंगलवार 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत सभी सातों नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं सदस्य के वैध प्रत्याशियों का विवरण का आंकड़ा है।

जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद भदोही अध्यक्ष हेतु 23, सदस्य हेतु 255, नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष हेतु 06, सदस्य हेतु 126, नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष हेतु 10, सदस्य हेतु 64, नगर पंचायत सुरियावां अध्यक्ष हेतु 11, सदस्य हेतु 77, नगर पंचायत नई बाजार में अध्यक्ष हेतु 09, सदस्य हेतु 62, नगर पंचायत खमरिया अध्यक्ष हेतु 27, सदस्य हेतु 90, नगर पंचायत घोसिया में अध्यक्ष हेतु 07, सदस्य हेतु 54 है। संविक्षा के उपरांत अध्यक्ष के कुल 93 व सदस्य के कुल 728 उम्मीदवार कुल 821 है।


तहसील भदोही में आवेदन पत्रों की जांच के दौरान मौजूद प्रत्याशी

# मतदेय स्थल पर किसी का भी आतिथ्य ना करें स्वीकार: डीएम

निर्देश

### नगरीय चुनाव को लेकर कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाये, आनन्द एवं उल्लास के साथ मतदान सम्पन्न करायें, अराजकतत्वों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। उन्होने कहा कि सभी कर्मचारी यह मानकर कि वे पहली बार मतदान करा रहे है, कार्य करें। अनुभवों पर निर्भर ना रहते हुए मतदान प्रक्रिया की समस्त जानकारियों को पुनः सीखने का प्रयास करें। हर बार कुछ नया सीखने को मिलता है। मतदान प्रक्रिया के दौरान विनम्रता एवं शालीनता के साथ मतदाताओं से व्यवहार करें। मतदेय स्थल पर किसी का भी आतिथ्य स्वीकार ना करें।

उन्होने कहा कि निर्वाचन में समयबद्धता का विशेष महत्व है। मतदान के पूर्व की तैयारी मतदेय स्थल पर पहुँचने पर ही पूरी कर लें। सभी सांविधिक, असांविधिक लिफाफो एवं उसमें रखे जाने वाले प्रपत्र का अध्ययन कर लें। मतदान के दिन सुबह उठकर स्वयं को तैयार करे तथा मतपेटिका की सीलिंग करें, ताकि प्रातः 07.00 बजे समय से मतदान शुरू हो सकें। उन्होने कहा कि मतदान में दिव्यांगजन को प्राथमिकता पर मतदान कराये।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि मतदान पार्टी के लिए नियुक्त सभी कार्मिको का प्रशिक्षण के दौरान मतदान कराने की व्यवस्था की जायेंगी। उन्होने कहा कि जिस मतदेय स्थल पर अधिक संख्या में दिव्यांग होंगे वहाँ पर स्काउट गाइड लगाकर उन्हें मतदान की सुविधा प्रदान की जायेंगी। उन्होंने कहा कि एक मतदाता के साथ एक सहायक की अनुमति होंगी परन्तु वही सहायक दूसरे मतदाता के साथ सहायक नही बन सकेंगा। सहायक बनने के लिए उसे फार्म भरना होंगा। निर्वाचन मास्टर ट्रेनर राकेश सिंह ने चुनाव से संबंधित ट्रेनिंग कार्मिकों को दी।


प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी

# सपा से टिकट कटने पर कांग्रेस प्रत्याशी बनी तरन्नुम, चढ़ा सियासी पारा

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर निकाय की राजनीति से भदोही जनपद में कई उठापटक देखने को मिल रहें हैं। कही टिकट मिलने का मंसूबा पाले उम्मीदवार बगावत पर उतर गए हैं तो कही टिकट कटने पर दूसरे पार्टी से पर्चा दाखिल करने की प्रकिया पूर्ण करके चुनाव मैदान में उतर कर मतदाताओं को रिझाने का कार्य प्रारम्भ कर दिए हैं। नगर पालिका भदोही से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही तरन्नुम आरा को चार दिन पहले अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था। सपा जिलाध्यक्ष ने बकायदा प्रेसवार्ता कर उन्हें सपा प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन उनका टिकट काट कर कांति देवी पत्नी पन्ना लाल यादव को दे दिया गया। इससे नाराज तरन्नुम आरा ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। वह कांग्रेस की टिकट पर नगर पालिका का चुनाव भी लड़ेंगी। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के सम्भावित उम्मीदवार रही शिवशंकर यादव की पत्नी ने टिकट न मिलने पर निर्दल प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। भदोही जिले में टिकट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के अंदरखाने घमासान मचा हुआ है। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने बीते दिनों भदोही, गोपीगंज नगर पालिका के अलावा ज्ञानपुर, सुरियावां, नईबाजार और खमरिया के प्रत्याशियों की घोषणा की थी। दूसरी तरफ खमरिया की स्थिति और भी विकट बनी हुई है। यहां तीन-तीन प्रत्याशी खुद को सपा का टिकट मिलने का दावा कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष के अनुसार राम संजीवन मौर्य को सपा का टिकट मिला है।

दूसरी तरफ नंदलाल मौर्य भी टिकट मिलने का दावा करते हुए प्रपत्र दिखा रहे हैं। अभी दो प्रत्याशियों को लेकर खींचतान चल ही रहा था कि रविवार देर शाम हाजी महमूद ने सपा का टिकट मिलने का दावा करते हुए नामांकन दाखिल किया।

जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। उनका कहना है कि भदोही नगर पालिका से सपा का टिकट कटा है, लेकिन खमरिया के संबंध में उन्हें ऊपर से कुछ भी आदेश नहीं मिला हैं। खमरिया नगर पंचायत में भाजपा के युवा संदीप कुमार मौर्य ने टिकट न मिलने पर अपने समर्थकों के साथ निर्दल प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल कर राजनितिक सरगर्मी बढा दी।


तरन्नुम आरा

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य चलेगा पूरे साल: सीएमओ

पहल

### मलेरिया दिवस पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से मना

**भदोही।** जनपद में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर पर विविध कार्यक्रम हुए। शिविर, गोष्ठी, परिचर्चा और पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी सन्तोष कुमार चक ने बताया कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य पूरे साल चलेगा। साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम शून्य मलेरिया देने का समय रू निवेश नवाचार कार्यान्वयन है। इस थीम का उद्देश्य वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में नवाचार की ओर ध्यान आकर्षित करना और उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल ने बताया कि वर्तमान में संचालित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग भी कराया जा रहा है। इस कार्य में नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच व उपचार की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा सभी सीएचसी, पीएचसी पर उपलब्ध है।

### हफ्ते भर में अंडा बन जाता है मच्छर

मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। एक अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में पूरा एक सप्ताह का समय लगता है। इस कारण सप्ताह में एक बार एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है। यदि किसी जलपात्र में पानी है तो उसे सप्ताह में एक बार जरूर खाली कर दें। जैसे कूलर, गमला, टीन का डिब्बा, नारियल का खोल, डिब्बा, फ्रिज के पीछे का डीफ्रास्ट ट्रे की सफाई हमेशा करते रहना आवश्यक है। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति का समय से इलाज शुरू होने पर जान जाने का खतरा कम हो जाता है।

### क्या करें

मलेरिया से बचाव के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। आसपास दूषित पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। साफ-सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर तत्काल आशा से संपर्क करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर परामर्श लें। सही समय पर निदान उपचार होने से रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है।

## अंतर्जनपदीय अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत मादक तस्करों व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारही है। जिसके क्रम में गांजा के साथ अंतर्जनपदीय अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से 1.400 कि.ग्रा. नाजायज गांजा बरामद किया गया। थाना औराई पुलिस टीम इसे बड़ी कामयाबी मान रही है।

गिरफ्तारशुदा गांजा तस्कर के विरुद्ध जनपद भदोही व वाराणसी में लूट चोरी एनडीपीएस व आयुध अधिनियम के अंतर्गत आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। आगामी नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम व अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी हेतु डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस का दावा है कि उक्त कार्यवाही के क्रम में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त निवासी ग्राम नरथुआ थाना औराई जनपद भदोही को 1.400 कि.ग्रा. नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों की उड़ान



## हाईस्कूल में नमन और इंटर में सिमरन ने मारी बाजी



**जनपद में हासिल किया पहला स्थान, परिवार का बढ़ाया मान**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मंगलवार को कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और 12वीं (इंटरमीडिएट) के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी हुए। नमन गुप्ता ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हाईस्कूल और सिमरन पटेल ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट में जनपद में पहला स्थान प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। नमन के अलावा हाईस्कूल के टॉप टेन में अर्चना 97.33 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे, अंकिता 96.67 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे, अभय वर्मा 96.50 प्रतिशत अंक पाकर चौथे, सुहानी कुमारी 96.17 प्रतिशत अंक पाकर पांचवें, मोना पटेल 96 प्रतिशत अंक पाकर छठवें, खुशी पटेल 95.83 प्रतिशत अंक पाकर सातवें, ओम प्रसाद मौर्या और संकेत विश्वकर्मा 95.50 प्रतिशत अंक पाकर आठवें, राज पटेल, स्मृति पटेल, अमीषा वर्मा और अनुराग यादव 95.33 प्रतिशत अंक पाकर नौवें व कीर्ति सिंह, अमित गौतम, सर्वेश मौर्या, आर्यन मौर्या और सृष्टि जायसवाल 95.17 प्रतिशत अंक पाकर दसवें स्थान पर रहें। वहीं इंटरमीडिएट के टॉप टेन में सिमरन के अलावा दिव्यांशी सिंह और सुहानी मोदनवाल 96.20 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे, हर्ष कुमार, दिव्यकांत और सोनल सिंह 95.40 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे, अनु पटेल, गुंजन सिंह और अमित कुमार मौर्या 95.20 प्रतिशत अंक पाकर चौथे, श्रेयश जायसवाल और प्राची 95 प्रतिशत अंक पाकर पांचवें, अमरिन सिद्दीकी 94.80 प्रतिशत अंक पाकर छठवें, सुभम कुमार सिंह 94.60 प्रतिशत अंक पाकर सातवें, विभा पाल, अमित सिंह, विशाल पटेल और मनीषा यादव 94.20 प्रतिशत अंक पाकर आठवें, वैष्णो केशरी, विकास कुमार, सुभम कुशवाहा, ऋषिका मौर्या और ऋषभ यादव 94 प्रतिशत अंक पाकर नौवें व आलोक कुमार मौर्या, करिश्मा पटेल और श्रेया केशरी 93.80 प्रतिशत अंक पाकर दसवें स्थान पर रहें। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा सत्र 2022-23 में जनपद से एक लाख 59 हजार 65 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। इसमें हाईस्कूल में 77,307 एवं इंटर में 81,758 विद्यार्थी शामिल हैं। वर्ष 2022 की परीक्षा की अपेक्षा इस बार करीब 24 हजार परीक्षार्थी ज्यादा रहे। 16 फरवरी से आरंभ हुई बोर्ड परीक्षा चार मार्च तक चलीं और जिले के 168 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। जबकि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 18 मार्च से आरंभ होकर 27 मार्च तक चला, जिसमें जिले में चार मूल्यांकन केंद्रों पर करीब पांच लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ था।

### चार केंद्रों पर जांची गईं कॉपियां, 139 पर हुई परीक्षा

जिले में 10वीं और 12वीं की परीक्षा 139 केंद्रों पर कराई गई। 18 मार्च से चार केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह के निर्देशन में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, प्रभुनारायण इंटर कॉलेज रामनगर, महाबोधि इंटर कॉलेज सारनाथ और भारतीय शिक्षा मंदिर इंग्लिशिया लाइन में मूल्यांकन हुआ।

### ग्राम प्रधान ने लैपटॉप देने की घोषणा की

आयर गांव के ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश मौर्य ऊर्फ भीम मौर्य ने अर्चना की उपलब्धि पर लैपटॉप देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही पंचायत भवन पर एक कार्यक्रम में यह उपहार दिया जायेगा। अर्चना की उपलब्धि से अन्य बच्चों में पढ़ने की रूचि जागेगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय, अहिरौली प्रधान खरपत्तू यादव, गुंजन, प्रधान सुलेमापुर दिनेश यादव, डॉ. बृजराज आदि लोगों ने अर्चना यादव के मेहनत लगन की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

## हलुवाई की बिटिया ने रचा इतिहास

**उपलब्धि**

- यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में यूपी में पांचवा रैंक
- स्कूल से लेकर घर तक बधाइयों का लगा तांता

**चांदमारी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा में पास विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। जनपद के हरहुआ ब्लाक की आयर, अहिरौली निवासी हलुवाई की बेटी अर्चना यादव ने हाई स्कूल की परीक्षा में यूपी में पांचवीं रैंक और जनपद में दूसरा स्थान लाकर घर परिवार, स्कूल के साथ पूरे जनपद का नाम रौशन किया है।



अर्चना यादव आयर स्थित शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसने 97.33 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्तर प्रदेश की रैंक में पांचवा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल से लेकर घर जश्न का माहौल रहा। लोग बधाईयां देते रहे। अर्चना के पिता कृपाशंकर एवं माता माधुरी देवी बिटिया की उपलब्धि पर फुले नही समा रही थी। उन्होने कहा कि बिटिया जहां तक पढ़ना चाहेगी हम उसकी इच्छा जरूर पूरी करेगें। चाचा उमाशंकर यादव एवं दादी इसरावती देवी ने मिठाई खिलाकर अर्चना का उत्साहवर्धन किया। चाचा और पिता आयर बाजार में मिठाई की दुकान है। इसी दुकान से परिवार का भरण पोषण होता है। अर्चना की उपलब्धि से बेखबर दुकानदारी में व्यस्त रहे। मीडिया के पहुचने पर जब जानकारी दी गयी तो वे भागे भागे घर पहुंचकर बिटिया को आशीर्वाद दिया। शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सावित्रि देवी ने अर्चना के मेहनत की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र एवं जनपद के लिए गौरव की बात है।

### आईएएस बनकर देश को सेवा देना चाहते हैं नमन



रामनगर। यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में चौथा और जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले पंचवटी निवासी नमन गुप्ता बड़े होकर आईएएस या इंजीनियर बनना चाहते हैं। नमन ने 97.50 प्रतिशत अंको के साथ हाईस्कूल की परीक्षा पास करके न सिर्फ रामनगर बल्कि पूरे बनारस का गौरव बढ़ाया है। नमन के टॉप करने की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई वैसे ही उसके पंचवटी स्थित आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। नमन रामनगर के तपोवन स्थित श्रीमती प्यारी देवी इंटर कालेज के छात्र हैं। उसके पिता राजहंस गुप्ता पंचवटी पर ही बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान के अलावा जनरल मर्चेंट की दुकान चलाते हैं। जबकि उसकी मां सुषमा गुप्ता गृहणी के अलावा दुकान पर भी पति का हाथ बटाती हैं। नमन का पसंदीदा विषय विज्ञान है। नमन ने बताया वह स्कूल के अलावा प्रतिदिन तीन घंटे घर पर पढ़ाई करते हैं। लेकिन परीक्षा से दो माह पहले से उन्होंने पांच घंटे पढ़ना शुरू कर दिया था। कोचिंग के अलावा वह ऑनलाइन भी पढ़ाई करते थे। नमन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। नमन के एक भाई एक बहन है। नमन बड़ा है छोटी बहन भी उसी विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा है। नमन को बधाई देने के लिए उसके स्कूल के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में लोग उसके आवास पर जुटे रहे।

### जनपद में 10 वां स्थान पाकर बढ़ाया माता पिता का मान

बड़ागांव। विकास खंड बड़ागांव के साधोगंज की रहने वाली सृष्टि जायसवाल मां भगवती इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा हैं, जिसने 95.16% अंक प्राप्त कर जनपद में 10 वां स्थान पाकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता शिवनारायण गुप्ता पेशे से शिक्षक एवं मां अर्चना देवी गृहणी है। इंजिनियर बनने की तमन्ना रखने वाली छात्रा अपनी सफलता का श्रेय कालेज के शिक्षकों एवं माता पिता को देते हुए बताया की वह प्रतिदिन छह घंटे खुद से और दो घंटे कोचिंग में पढ़ती हैं।

## 12वीं में संकल्प की दिव्यांशी सिंह का प्रदेश में 7वां स्थान



**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में संकल्प की 12वीं की छात्रा दिव्याशी सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां और जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिससे संस्था को गौरवान्वित हुई। इसके अतिरिक्त दरक्शा निगार, 93.6% अदिति सिंह 91.6%, कीर्ति यादव 90.4%, पवन मौर्या, 90.2% और ऋतिक यादव ने 90% अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढ़ाया। इसी क्रम में 10वीं की परीक्षा में संकल्प का छात्र अमित गौतम ने 95.17% अंक प्राप्त कर जनपद में 10वां स्थान प्राप्त किया। अरीफा बानो ने 92.33% अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त जानवी मौर्या और तान्या चौरसिया ने 91%, प्रतीक सिंह 90.5% व रवींद्र यादव ने 90% अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रौशन किया। इसके अतिरिक्त सतीश गुप्ता, हिमांशू सेठ, विशाल गुप्ता, विकास यादव, अभिषेक यादव, रूही सिंह, सतीश यादव आदि ने अच्छे अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया ने बताया कि वर्ष 2023 की 12वीं एवं 10वीं की यू.पी. बोर्ड की परीक्षा में संकल्प के विद्यार्थियों ने बहुत शानदार सफलता प्राप्त की है। संकल्प के सभी 1265 विद्यार्थी इस परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए है। उन्होंने संस्था मेधावी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक संजय भगत, डॉ. आर. एन. यादव, विनोद पाल, अखिलेश प्रजापति, अमन श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### इंजीनियर बन देश की सेवा करने का लक्ष्य : अंकिता



**पिंडरा।** क्षेत्र के कठिरांव स्थित सरयू प्रसाद इंटर कालेज की छात्रा अंकिता देवी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान (96.67 फीसदी) मिलने पर विद्यालय व छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल दिखा। इस दौरान परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कठिरांव के फतूपुर निवासी मंगला पटेल की सबसे बड़ी पुत्री अंकिता इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुए इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। दो भाइयों में सबसे बड़ी अंकिता एक गरीब परिवार से हैं। पिता मजदूरी कर बच्चों का जीवन पालन करते हैं और मां बबीता देवी गृहणी है। प्रबंधक अदित्यनारायन दुबे ने इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की।

### 90% से ज्यादा अंक प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन



मिजार्मुराद। राजकीय हाईस्कूल ठठरा के तीन बच्चों ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक पाकर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया। हाईस्कूल की छात्रा अंकिता बिंद का 91.16% अंक पाकर अपने विद्यालय में पहले स्थान पर रही वही आदित्य शर्मा ने 90.83% पाकर अपने विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहा वही श्रेया विश्वकर्मा ने 90.33% पाकर अपने विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही।तीनों बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन हाईस्कूल में किया।विद्यालय की शिक्षिका डॉ विशालाक्षी ने बताया की ये बच्चे पूरे मेहनत के साथ पढ़ाई करते थे ,जिसके वजह से आज इन बच्चों ने विद्यालय के साथ-साथ अपने गांव व माता-पिता का नाम रोशन किया है।वही विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका वीणा गौण ने बताया कि हमारे विद्यालय का रिजल्ट 99.99% रहा। विद्यालय की अध्यापिका श्वेता कुमारी, गीता सिंह, कुमारी श्वेता व स्मिता सिंह समेत समस्त अध्यापकों ने सभी टॉपर बच्चों को हार्दिक बधाई दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### श्रेयश ने इंटर में जनपद की सूची में बनाया पांचवां स्थान



**चांदमारी।** हरहुआ ब्लाक के चौका गांव में एस बी पब्लिक इंटर मीडिएट कॉलेज के इंटर का छात्र श्रेयश जायसवाल ने जिले में पांचवा हासिल कर विद्यालय और गांव का नाम रौशन किया है। मुर्दहां के रहने वाले श्रेयश जायसवाल के पिता विजय जायसवाल के जनरल स्टोर्स की दुकान चलाते है। श्रेयश की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव सिंह को घर वालों ने बधाई दी। श्रेयश ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

### 12वीं में जनपद की सूची में नौवा स्थान पाया

बड़ागांव। बड़ागांव बाजार निवासी वैष्णो केशरी ने इण्टर की परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर वाराणसी जनपद में 9वां स्थान पाया है जिससे जनपद, विद्यालय और गांव का नाम रोशन हुआ है। विकास खंड के बसनी स्थित सुभद्रा कुमार इंटर कालेज में पढ़ने वाले वैष्णो केशरी के पिता स्व0 गोपाल केशरी की मृत्यु के उपरांत मां मीरा देवी ( आंगनबाड़ी सहायिका) के संघर्ष पूर्ण नेतृत्व में सफलता हासिल करने वाले छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय मां एवं गुरु जनों को देते हुए कहा की मैं छह घंटे खुद से पढ़ने के साथ ही कोचिंग भी करता हूं शिक्षक बन कर समाज के हर वर्ग को शिक्षित करना चाहता हूं।छात्र की इस उपलब्धि पर कालेज के प्रबंधक सतीश सिंह ने उसका माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया।

### अधिकारी बन करूंगा देश सेवा : श्रेयश

श्रेयश जायसवाल आई ए एस बनकर देश के लोगों की सेवा करना चाहते है। 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अन्य छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करेगें। उन्होंने कहा कि सिर्फ अनुशासन से ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है अर्चना

अर्चना यादव ने अपने परिवार एवं अध्यापकों को श्रेय देते हुए कहा कि मै आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हूं। उन्होंने विद्यार्थियों का अह्वान किया कि शिक्षक जैसे कहते है उसका अनुसरण करते जाइए। जहां भी संदेह हो उसे शिक्षक के सामने रखना चाहिए।

### इंटर में 89.60 व 10वीं में 94% अंक पाकर बच्चों ने बढ़ाया मान

चिरईगांव। यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में विद्या विहार इंटर कॉलेज सलारपुर के हाईस्कूल की छात्रा विनम्रता ने 94 प्रतिशत और इंटर की छात्रा सलोनी ने 89.60 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ मौर्य ने बताया कि यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल में विनम्रता 94%, संजय देववंशी 92.16%, रंजीत चोरसिया 91.83% और इंटर में सलोनी सेठ 89.60% अमित मौर्य 89.40% और नेहा जायसवाल ने 89.20% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज में हाईस्कूल का 86.32% और इंटर 79.18 फीसदी रिजल्ट रहा।

## सर्वेश्वरी इंटर कॉलेज की आकांक्षा और श्रद्धा ने बढ़ाया मान

**हरहुआ।** स्थानीय विकासखंड अंतर्गत काजीसराय सेहमलपुर स्थित सर्वेश्वरी इंटर कॉलेज के कक्षा 12वीं की छात्रा आकांक्षा सिंह ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक 458 प्राप्त किया। जिसका कुल प्रतिशत अंक 91.6% रहा। गढ़वा निवासिनी आकांक्षा पिता दिलीप कुमार सिंह ने अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आकांक्षा ने इसके लिए विद्यालय के अध्यापक व अपने माता पिता को श्रेय दिया है। बताया कि मैंने रात या दिन नहीं देखा जब ही नींद खुली तभी पढ़ाई में लग गई, कोई समय का बंधन नहीं था इसके लिए पूरा सहयोग हमारे घर वालों ने किया। वहीं विद्यालय में हाई स्कूल की छात्रा श्रद्धा सिंह पिता दिनेश सिंह रमईपट्टी ने हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च 552 अंक प्रतिशत 92% हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्रद्धा ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई किया इसका श्रेय अपने अभिभावक व विद्यालय के शिक्षकों को दी है।



आकांक्षा सिंह



श्रद्धा सिंह

## उम्रकैद के कैदी को बोर्ड परीक्षा में 74 फीसदी अंक

**वाराणसी।** कहते हैं पढ़ाई के लिए लगन होनी चाहिए, अगर लगन है और आत्मविश्वास तो उसे किसी माहौल या स्थान की जरूरत नहीं होती। क्योंकि उसका लक्ष्य अर्जुन की तीर की तरह मछली की आंख पर होता है। कुछ ऐसा कर दिखाया एक कैदी ने, उसने ना केवल जेल में रहकर पढ़ाई की बल्कि 74 प्रतिशत अंक के साथ बोर्ड परीक्षा पास किया। जानकारी के अनुसार केंद्रीय कारागार और जिला जेल में बंद परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सेंट्रल जेल में बंद हत्या के आरोप में प्रवीण कुमार ने हाईस्कूल की परीक्षा में 74 फीसदी अंक अर्जित किया है। वह सोनभद्र के बीजपुर थाने के महरी का निवासी है। केंद्रीय कारागार में ही बंद राधेश्याम ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 55 फीसदी अंक पाया है। राधेश्याम भी हत्या के आरोप में उम्र कैद है। जिला कारागार में चंदौली के सैयदराजा के मरुई निवासी बंदी रविकांत ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 55 फीसदी अंक अर्जित किया है।

## इंटर में पास हुए 55 साल के भाजपा के पूर्व विधायक

बरेली। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। बरेली में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 87.95 प्रतिशत रहा, जबकि इंटर के 73.84 विद्यार्थी पास हुए हैं। भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने भी इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है। जीवन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो उम्र मायने नहीं रखती। बरेली के बिथरी चैनपुर से विधायक रहे राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने इसे सच साबित कर दिखाया है। उन्होंने इस साल यूपी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। पूर्व विधायक भी पास हो गए हैं। पप्पू भरतौल का सपना वकालत करना है। उन्होंने कहा कि वह अब स्नातक और उसके बाद एलएलबी करेंगे। वकील बनकर वह क्षेत्र के ऐसे गरीब लोगों की मदद करेंगे जो पैसे देने में अक्षम हैं। पूर्व विधायक ने नोट्स बनाकर तैयारी की थी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और राजनीति की कोई उम्र नहीं होती है। 50 साल के भाजपा नेता राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर बिथरी चैनपुर से विधायक चुने गए थे।

## यूपी बोर्ड का 100 साल का रिकॉर्ड टूटा

**मात्र 67 दिन में जारी हुआ यूपी बोर्ड का रिजल्ट**

**टॉपरों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री योगी**

**लखनऊ।** रिकॉर्ड समय में नकलविहीन परीक्षा कराने के बाद योगी सरकार ने एक और बड़ा कीर्तिमान कायम करते हुए महज 67 दिनों में यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल घोषित करके 100 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जारी नतीजों में हाईस्कूल के 89.78 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जबकि इंटरमीडिएट में 75.12 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। सीएम योगी ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने परीक्षाओं में राज्य स्तर और जनपद स्तर पर शीर्ष 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की भी घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि घोषित परीक्षाफल के अनुसार हाईस्कूल में कुल 179 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई है तो इंटर में यह संख्या 253 है। दोनों परीक्षाओं में कुल 432 छात्र टॉप-10 में शुमार रहे हैं। महत्वपूर्ण बात ये है कि यूपी बोर्ड की परीक्षा सीबीएससी के 1 दिन बाद 16 फरवरी से शुरू हुई थी लेकिन यूपी बोर्ड का रिजल्ट सीबीएसई से पहले घोषित कर दिया गया, वह भी तब जब सीबीएसई की तुलना में यूपी बोर्ड में कई गुना छात्र अधिक हैं।



### सीएम योगी ने दी बधाई

उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सीएम योगी ने ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हृदय से बधाई। आप सभी 'नए उत्तर प्रदेश' के स्वर्णिम भविष्य के आधार स्तंभ हैं। मां सरस्वती की कृपा से आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर तथा जनपद स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### 2019 का भी टूटा रिकॉर्ड

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक महेंद्र देव और सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजे घोषित करते हुए इस उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। बोर्ड के निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांसी सोनी ने 600 में 590 अंक लाकर शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, इंटर में महोबा के शुभ छापरा 500 में 489 अंक के साथ शीर्ष पर रहे हैं। बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 100 वर्षों के इतिहास में सबसे पहले परीक्षाफल घोषित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि 1921 में बोर्ड के गठन के बाद पहली बार 1923 में बोर्ड परीक्षा का संचालन किया गया था। तब से अब तक सबसे कम समय में बोर्ड ने परीक्षाफल घोषित किया है। इससे पहले 2019 में सबसे कम समय में 27 अप्रैल को परीक्षाफल की घोषणा हुई थी। तब 7 फरवरी से परीक्षा की शुरूआत हुई और 89 दिन में परीक्षाफल घोषित किया गया। इस बार 16 फरवरी के बाद परीक्षाएं आयोजित कराई गई और कुल 67 दिन में परीक्षाफल घोषित कर दिया गया।

### ग्रीवांस सेल करेगा छात्रों की समस्या का निराकरण

दिब्यकांत शुक्ल ने ये भी बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप इस वर्ष बोर्ड ने नकल विहीन परीक्षा कराने में सफलता प्राप्त की थी। 30 वर्षों में यह पहला अवसर रहा जब कोई पेपर न तो वायरल हुआ, न ही रांग ओपनिंग हुई,न ही कोई परीक्षा रद की गई और न ही सामूहिक नकल हुई। उन्होंने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा बोर्ड होने के नाते यह गौरव की बात है कि विगत 100 वर्ष में यह पहला अवसर है जब सारे रिजल्ट पूर्ण हैं। पहले किसी न किसी वजह से कुछ रिजल्ट अपूर्ण रह जाते थे। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल घोषित होने के बाद अब ग्रीवांस सेल छात्रों की समस्याओं का निराकरण करेगा। सभी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर ग्रीवांस सेल खोले गए हैं, जो अगले सप्ताह से कार्य करना शुरू कर देंगे। प्रार्थना पत्र देने वाले छात्रों की समस्याओं का यहां समयसीमा के अंदर निराकरण होगा। सोमवार के बाद स्क्रूटनी के आवेदन का भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## विकास इंटर कॉलेज के संकेत व अमित जिले की मेरिट लिस्ट में



**हरहुआ।** विकास इंटर कॉलेज परमानंदपुर के संकेत विश्वकर्मा ने यूपी बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त किया। संकेत ने 600 में से 573 अंक प्राप्त किये इनका प्रतिशत 95.5 प्रतिशत रहा। वहीं अमित गौतम जनपद की मेरिट लिस्ट में दसवें स्थान पर रहे। अमित ने 600 में से 571 अंक प्राप्त किये इनका प्रतिशत 95 प्रतिशत रहा। वहीं हाई स्कूल में 899 बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ, अंजलि वर्मा ने 94 प्रतिशत व नीलाक्षी गुप्ता ने 93.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एके सिंह ने बताया की परीक्षा में 1124 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। हिमांशु सोनकर ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।